# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-06-2024

# दमकल की गाड़ी में बाइक लेकर घुसा गार्ड, बाल-बाल बचा



दमकल की गाड़ी के नीचे फंसे गार्ड को बाहर निकालते पुलिसकर्मी व राहगीर • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : यातायात तिराहे पर सोमवार की दोपहर उलटी दिशा में बाइक लेकर जा रहे रेलवे के गार्ड दमकल की गाड़ी से टकरा गए। हादसे में वह बाइक लेकर गाड़ी के चारों पहिया के बीच में घुस गए। मजदूरों के चिल्लाने पर चालक ने तत्काल ब्रेक लगा दिया जिससे गार्ड की जान बच गई लेकिन बाइक के परखच्चे उड़ गए।

तारामंडल क्षेत्र में रहने वाले सुशील कुमार रेलवे में गार्ड हैं। सोमवार को भोर में चंपारण सत्याग्रह ट्रेन लेकर नरकटियागंज से गोरखपुर आए थे। दोपहर में उन्हें ट्रेन लेकर गोरखपुर से नरकटियागंज जाना था। दोपहर 12 बजे घर से बाइक लेकर रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकले। यातायात तिराहा पर पहुंचने के बाद कैफे-वे की तरफ जाने के लिए दूसरी लेन (धर्मशाला से स्टेशन की ओर जाने वाली लेन) में चले गए। इसी बीच सामने आ रही दमकल की गाड़ी से सुशील की बाइक टकरा गई। संतुलन बिगड़ने से बाइक समेत वह चारों पहिया के बीच में चले गए। चौराहे पर खड़े मजदूरों के शोर मचाने पर दमकल के चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दिया। चौराहे पर ड्यूटी कर रहे सिपाहियों ने अंदर से सुशील को निकाला और जिला अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# भाजपा एजेंट को पीटने के मामले में चार पर मुकदमा

**कार्रवाई**

जासं., गोरखपुर : मतदान के दिन कुई बाजार में भाजपा एजेंट से मारपीट करने के मामले में खोराबार थाना पुलिस ने चार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

बूथ संख्या 397 पर भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के एजेंट रामसूरत से गांव के ही शर्मानंद यादव उर्फ गेलन से फर्जी वोट डालने को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर रात नौ बजे रामानंद यादव, शर्मानंद यादव, अभिषेक यादव व अंकित यादव ने चुनावी रंजिश में रामसूरत को पीट दिया। खोराबार थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

# चुनावी विवाद में भाजपा एजेंट से मारपीट, केस

मोतीराम अड्डा। खोराबार थानाक्षेत्र के कुई बाजार में एक जून को हुए चुनाव के दिन विवाद में भाजपा एजेंट से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बूथ संख्या 397 पर भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के एजेंट रामसूरत से गांव के ही शर्मानंद यादव उर्फ गेलन पुत्र राम ललित से फर्जी वोट डालने को लेकर गाली गलौज हो गया था। आरोप है कि रामसूरत को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# ड्रोन से निगरानी, सुरक्षा में लगे 1300 जवान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में होनी है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा को पूरी तरह से चाक-चौबंद किया गया है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ ही मतगणना स्थल व उसके आसपास सुरक्षा में 1300 अर्द्ध सैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवान की ड्यूटी लगी है। एडीजी जोन डा. केएस प्रताप कुमार, डीआइजी रेंज आनंद कुलकर्णी व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को मतगणना स्थल का भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी ली। पुलिस लाइन में चुनाव के प्रभारी/एसपी यातायात ने फोर्स की ब्रीफिंग कर अधिकारियों ने हंगामा या मनमानी करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया।

लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर सदर व बांसगांव के (चिल्लूपार, बांसगांव, चौरीचौरा विधानसभा) और संतकबीरनगर लोकसभा के अंतर्गत खजनी विधानसभा की मतगणना मंगलवार की सुबह विश्वविद्यालय परिसर में शुरू होगी। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार की तरफ जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दिया गया है। विश्वविद्यालय चौराहा, छात्रसंघ चौराहा और आयकर भवन के आगे केवल उन्हीं लोगों को जाने दिया जाएगा जिनके पास अधिकृत पास होगा। चहारदीवारी फांदकर कोई अंदर न आए इसके लिए चहारदीवारी के आसपास सशस्त्र अर्द्धसैनिक बलों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पेट्रोलिंग के लिए अलग टीम का गठन किया गया है। धारा 144 लागू होने पर विश्वविद्यालय के आसपास भीड़ लगाने वालों को चिंहित कर कार्रवाई करने की योजना बनाई गई है।




गोरखपुर विश्वविद्यालय में होने वाली मतगणना से पहले सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए जवानों को ब्रीफिंग करते एसपी यातायात संजय कुमार व अन्य ● जागरण

**मोबाइल पर रहेगा प्रतिबंध, बिना पास नहीं मिलेगा प्रवेश:** मतगणना में लगे कर्मचारी, प्रत्याशी और एजेंट मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे। बिना पास किसी को भी बैरिकेडिंग से अंदर प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया गया है। मतगणना कर्मी, प्रत्याशी और एजेंट को पास दिखाने पर ही प्रवेश मिलेगा। मोडियाकर्मियों को मोबाइल ले जाने की छूट प्रदान की गई है।

**वाडी वार्न कैमरा से होगी निगरानी:** विश्वविद्यालय के पास पुलिसकर्मी बाडी वार्म कैमरा लगाकर ड्यूटी करेंगे जिससे की कोई भी उपद्रव करे तो उनको चिह्नित कर कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

**विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मतगणना के बाद जीते और हारे प्रत्याशी को उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस की होगी। विजयी प्रत्याशी को जुलूस नहीं निकालने की अनुमति है।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एडीएम सिटी • जागरण





दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में मंगलवार को होने वाली मतगणना के लिए सिविल लाइन तिराहे पर बैरिकेडिंग करते पुलिसकर्मी। इसके साथ विश्वविद्यालय परिसर में बने मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे एडीजी डा. केएस प्रताप कुमार, आइजी आनंद कुलकर्णी, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व अन्य पुलिस अधिकारी • जागरण

# किसके सिर जीत का सेहरा, कौन होगा निराश, निर्णय आज

## सुबह 11 बजे तक रुझान, दो बजे तक नतीजा, हर विधानसभा में 14 टेबलों पर होगी मतगणना, पहले आएगा बांसगांव का परिणाम

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के 80 दिन बाद अब नतीजे की घड़ी भी आ गई। मंगलवार को जिले की दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों गोरखपुर और बांसगांव के सभी 21 प्रत्याशियों में किन दो के सिर जीत का सेहरा बंधेगा और बाकी किसके हाथ मायूसी लगेगी, इसका फैसला हो जाएगा।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में चार जून को होने वाली मतगणना की लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी, इसके बाद ईवीएम का नंबर आएगा। गिनती पूरी होने के बाद पांच-पांच वीवीपैट का मिलान किया जाएगा। अधिकतम 35 राउंड तक की गिनती होगी। पहले बांसगांव, फिर गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के परिणाम आएंगे। सुबह 11 बजे तक रुझान और दोपहर दो बजे तक नतीजा आ जाने की उम्मीद है।

पोस्टल मतों की गिनती होने के बाद प्रत्याशियों, उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का सील तोड़कर ईवीएम निकाले जाएंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारी तैनात होंगे। इनमें एक पर्यवेक्षक, एक सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अलावा एक माइक्रोआब्जर्वर भी होगा। एक टेबल सहायक रिटर्निंग आफिसर का होगा। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 12-12 टेबल सर्विस वोटरों की ओर से मतदान के बाद भेजे गए इलेक्ट्रिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट पर लगे बार कोड की स्कैनिंग के लिए और आठ-आठ टेबल उनकी गिनती के लिए लगाए गए हैं।

मतगणना स्थल पर सुबह 6:30 बजे शुरू हो जाएगा स्वास्थ्य शिविर: तेज गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। मतगणना स्थल पर मतों की गिनती शुरू होने के पूर्व सुबह 6:30 बजे स्वास्थ्य शिविर शुरू हो जाएगा। यह मतगणना पूरी होने के बाद खत्म होगा। सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि शिविर में चार डाक्टर, चार फार्मासिस्ट, दो वार्ड ब्वाय की ड्यूटी लगाई गई है। पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवाएं उपलब्ध रहेंगी।



गोरखपुर विश्वविद्यालय के कला संकाय भवन में बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के मतगणना के लिए विधानसभावार लगाई गई टेबल • जागरण

### मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित

डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि सभी टेबल पर प्रत्याशी एक एजेंट तैनात कर सकेंगे। जिसकी जिस टेबल पर तैनाती रहेगी, वह उसके अलावा दूसरे टेबल पर नहीं जा सकता। सभी एजेंट को परिचय पत्र जारी है। बिना इसके प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना स्थल पर मोबाइल या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा।

### गोरखपुर लोकसभा के लिए गोवि के इन विभागों में होगी गिनती

कैंपियरगंज- कन्वेंशन हाल
पिपराइच- दीक्षा भवन प्रथम तल
सहजनवा- दीक्षा भवन भूतल
ग्रामीण - वाणिज्य संकाय
शहर- इंजीनियरिंग विभाग

### बांसगांव लोकसभा के लिए यहां होगी गिनती

चौरीचौरा- कला संकाय द्वितीय तल
बांसगांव- कला संकाय प्रथम तल
चिल्लूपार- कला संकाय भूतल
संतकबीरनगर लोकसभा की खजनी विधानसभा- बैडमिंटन हाल

### गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन | भाजपा |
| काजल निषाद | सपा (आइएनडीआइ गठबंधन) |
| जावेद अशरफ | बसपा |
| आनंद कुमार यादव | भारतीय जवान किसान पार्टी |
| अंकित शाह | भारतीय युवाजन एकता पार्टी |
| शिवशंकर प्रजापति | भागीदारी पार्टी |
| राम प्रसाद | अलहिंद पार्टी |
| सोनू राय | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल |
| संजय सिंह राणा | भारतीय सर्वधर्म पार्टी |
| अमिता भारती | बहुजन मुक्ति पार्टी |
| नर्गीस अख्तर | निर्दल |
| पिंटू साहनी | निर्दल |
| सुधांशु तिवारी | निर्दल |

### बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| कमलेश पासवान | भाजपा |
| सदल प्रसाद | कांग्रेस (आइएनडीआइ गठबंधन) |
| रामसमुझ | बसपा |
| राजेंद्र चौधरी | निर्दल |
| मुरलीधर | निर्दल |
| श्रवण कुमार निराला | निर्दल |
| ज्ञान प्रसाद | निर्दल |
| हीरालाल | निर्दल |

### लोकसभावार कितने वोटर, कितने वोट पड़े

| गोरखपुर | बांसगांव |
|---|---|
| कुल वोटर 20,74,629 | कुल वोटर 18,20,854 |
| वोट पड़े 11,52,057 | वोट पड़े 9,43,007 |

## दुकानदार पर हमला, दो पर मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के चौरी सबुनी टोला निवासी चंद्रकेश प्रजापति पर मनबढ़ों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बेहोश होने पर वह फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने चौरी के टोला बदुरहिया निवासी जितेन्द्र यादव, जयहिंद यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया। चंद्रकेश ने पुलिस को बताया कि दो जून की रात नौ बजे वह अपनी दुकान बंद कर रहे थे। इसी बीच आरोपित पहुंच गए और मारने पीटने लगे। शोर सुनकर उनका भाई मौके पर आया तो आरोपित फरार हो गए।

## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

पिपराइच : थाना क्षेत्र के सिहोरिया स्थित मायके में रह रही नेहा गौंड़ ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। नेहा ने बताया कि उसकी शादी कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के सुम्हाटार निवासी राजन गौंड़ के साथ हुई थी। आठ मई को पति समेत ससुराल वालों ने दो लाख रुपये की मांग करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। (जासं)

## जिम्मेदार अफसर नहीं कर रहे कार्रवाई, बढ़ रही हादसों की गिनती

# सड़क पर घूम रहे 'यमराज'

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 June):** जिले की सड़कों पर 150 से अधिक अनफिट डंपर काल बनकर दौड़ रहे हैं. ओवर स्पीड में चल रही ये वाहन डेली किसी ना किसी की जान ले रही है. वहीं, आरटीओ और पुलिस ओवर स्पीड डंपरों के खिलाफ कार्रवाई की बात भी हवा-हवाई साबित हो रही है. प्रशासन बार-बार कार्रवाई का दावा तो कर रही है, लेकिन, इनकी जानलेवा रफ्तार पर अब तक अंकुश नहीं लग पाया है. बेखौफ डंपर ड्राइवर रास्ते में लोगों को रौंद कर उनकी जान ले रहे हैं और जिम्मेदार कार्रवाई करने से मुंह मोड़ लेते हैं.

**i CONCERN**



### रात के अंधेरे में अवैध धंधा

रात के अंधेरे में अवैध धंधा परवान चढ़ता है. अवैध खनन वाले वाहन ओवर स्पीड में चलते हैं. जिससे कई बार हादसों की आशंका बनी रहती है. इतना ही नहीं डंपर के ड्राइवर की उम्र भी काफी कम होती है. वहीं, कई ड्राइवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है. हालांकि, जांच में अक्सर यह बात सामने आती है. लेकिन आरटीओ उनका लाइसेंस तक नहीं चेक करता. चेक पोस्ट पर भी पुलिस की रोकटोक नहीं दिखती है. इसी का नतीजा है कि बेखौफ होकर ये डंपर सड़कों पर फर्राटा भरते हैं, और अक्सर आम जनता हादसे का शिकार होती है.

### छिपा लेते हैं नंबर

शहर हो या अर्बन क्षेत्र भोर के समय ऐसे ढेरों डंपर सड़कों पर दौड़ते नजर आएंगे जो लगभग पूरी तरह से कबाड़ हो चुके हैं, जिनकी बॉडी तक में जंग लगी होती है. उनके नंबर प्लेट तक साफ-साफ नहीं दिखाई देते. ड्राइवर उसपर मिट्टी लगा देते हैं, जिससे वह साफ नहीं नजर आते. आरटीओ और पुलिस की सुस्त कार्रवाई के चलते ड्राइवर अंधी रफ्तार से डंपर व ट्रैक्टर को सड़क पर दौड़ाते हैं.

### ओवरलोड से होते हैं अनियंत्रित

डंपरों व ट्रैक्टर में क्षमता से अधिक माल भी लोड किया जा रहा है. इन भारी वाहनों में माल ओवरलोड रहता है और ड्राइवर अंधी रफ्तार से इन्हें दौड़ाते हैं. शहर और रूरल एरिया की सड़कों पर ओवर स्पीड में दौड़ रहे जानलेवा डंपर से लोगों को सड़क पर डर लगता है. लोगों का कहना है कि सुबह जब टहलने निकलते हैं तो डंपर ओवर स्पीड से गुजरते तो सिर्फ धूल नजर आती है. यदि हम सावधानी न बरतें तो कभी भी हादसे के शिकार हो सकते हैं इस पर अंकुश लगाने के लिए आरटीओ और पुलिस को ध्यान देना चाहिए.

**CASE 01**
2 जून 2024 उरुवा थाना एरिया के रामजानकी मार्ग पर देवापार के पास मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर से बाइक सवार दो युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए. इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई.

**CASE 02**
2 मार्च 2024 खजनी थाना एरिया के उनवल बाइपास पर रात बोल्डर से टक्कर में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए. इसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई.

**CASE 03**
13 जुलाई 2023 गोला एरिया के भरसी रहने वाला युवक अपने बहनोई के साथ बाइक से जा रहा था. अभी इंदिरा चौक के पास पहुंचा था कि तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया. मौके पर ही युवक की मौत हो गई.

### एक नजर में हादसे

| वर्ष | हादसे | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| 2021 | 550 | 255 | 350 |
| 2022 | 965 | 410 | 627 |
| 2023 | 1000 | 418 | 650 |
| 2024 | 298 | 109 | 196 |



"ओवर स्पीड चलने वाले डंपरों और ट्रैक्टर ट्राली पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की मदद से अभियान चलाया जाएगा. इस दौरान जो भी पकड़ा जाएगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**नरेंद्र कुमार यादव,** एआरटीओ प्रवर्तन

# ड्रोन से होगी निगरानी, सुरक्षा में लगाए गए 1300 जवान

**GORAKHPUR (3 June):** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में होनी है. इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा को पूरी तरह से चाक-चौबंद किया गया है. ड्रोन से निगरानी करने के साथ ही मतगणना स्थल व उसके आसपास सुरक्षा में 1300 अर्द्ध सैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवान की ड्यूटी लगी है. एडीजी जोन डा. केसएस प्रताप कुमार, डीआइजी रेंज आनंद कुलकर्णी व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को मतगणना स्थल का भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी ली. पुलिस लाइन में चुनाव के प्रभारी/एसपी यातायात ने फोर्स की ब्रीफिंग कर अधिकारियों ने हंगामा या मनमानी करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया.लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर सदर व बांसगांव के (चिल्लूपार, बांसगांव, चौरीचौरा विधानसभा) और संतकबीरनगर लोकसभा के अंतर्गत



खजनी विधानसभा की मतगणना मंगलवार की सुबह विश्वविद्यालय परिसर में शुरू होगी. इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं. विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार की तरफ जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दिया गया है. विश्वविद्यालय चौराहा, छात्रसंघ चौराहा और आयकर भवन के आगे केवल उन्हीं लोगों को जाने दिया जाएगा जिनके पास अधिकृत पास होगा. चहारदीवारी फांदकर कोई अंदर न आए इसके लिए चहारदीवारी के आसपास सशस्त्र अर्द्धसैनिक बलों की ड्यूटी लगाई गई है. इसके अलावा पेट्रोलिंग के लिए अलग टीम का गठन किया गया है. धारा 144 लागू होने पर विश्वविद्यालय के आसपास भीड़ लगाने वालों को चिहित कर कार्रवाई करने की योजना बनाई गई है. मतगणना में लगे कर्मचारी, प्रत्याशी और एजेंट मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे. बिना पास किसी को भी बैरिकेडिंग से अंदर प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया गया है. मतगणना कर्मी, प्रत्याशी और एजेंट को पास दिखाने पर ही प्रवेश मिलेगा. मीडियाकर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट प्रदान की गई है.

## वार्न कैमरा से होगी निगरानी

विश्वविद्यालय के पास पुलिसकर्मी बाडी वार्म कैमरा लगाकर ड्यूटी करेंगे जिससे की कोई भी उपद्रव करे तो उनको चिह्नित कर कार्रवाई की जा सके. विश्वविद्यालय में प्रवेश गेट पर प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट के नेतृत्व में पुलिस बल को तैनात किया गया है. इसके अलावा वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी.




गोरखपुर विश्वविद्यालय में होने वाल मतगणना को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है, वहीं, यातायात विभाग की तरफ से रूट डायर्वजन किया गया, इसी क्रम में सोमवार को यातायत पुलिस की टीम जगह-जगह बैरेकेटिंग करती नजर आई.

# इंतजार खत्म : ईवीएम बताएगी.. सांसद कौन

## डीडीयू में आज होगी गोरखपुर, बांसगांव और संतकबीरनगर के खजनी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** लोकसभा निर्वाचन में मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में मतगणना होगी। सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी। सुबह 10 बजे तक पहला रुझान आने की संभावना है। दोपहर दो बजे तक तय हो जाएगा कि किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा।

गोरखपुर के पांच, बांसगांव के तीन और संतकबीरनगर के खजनी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना गोरखपुर विश्वविद्यालय में होगी। बांसगांव के अन्य दो विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना देवरिया में होगी।

जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। इसके बाद ईवीएम में पड़े मतों की गणना शुरू होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14 टेबल पर मतगणना होगी, जिसमें प्रत्येक पर चार कर्मचारी लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर दस प्रतिशत कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। प्रशासन ने गोरखपुर के पांच, बांसगांव के तीन और संतकबीरनगर के एक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना की तैयारी की है। 26 से 34 राउंड मतगणना होगी।

प्रत्येक टेबल पर प्रत्याशी के एक एजेंट निगरानी कर सकेंगे, जबकि पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्धारित दूरी पर ही रहना होगा।

### मोबाइल फोन रहेगा प्रतिबंधित, बिना पास प्रवेश नहीं



**मतगणना** में लगे कर्मचारी, प्रत्याशी और एजेंट मोबाइल फोन अंदर नहीं ले जा सकेंगे। बिना पास किसी को भी बैरिकेडिंग से अंदर प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया गया है। मतगणना कर्मी, प्रत्याशी और एजेंट को पास दिखाने पर ही प्रवेश मिलेगा। मीडियाकर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट प्रदान की गई है।

### ड्रोन और बॉडी वार्मर कैमरा से होगी निगरानी



**विश्वविद्यालय** के आसपास पुलिस ड्रोन उड़ाकर निगरानी करती रहेगी। इसके अलावा सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी बॉडी वार्मर कैमरा लगाए रखेंगे। जिससे की कोई भी उपद्रव करे तो उसे चिह्नित कर कार्रवाई की जा सके। विश्वविद्यालय में प्रवेश गेट पर इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसके अलावा वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी।

### *मतगणना स्थल पर मौजूद रहेगी मेडिकल टीम*

***गोरखपुर।*** *मतगणना स्थल पर तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए भी तैयारी की गई है। मतगणना शुरू होने से पूर्व सुबह 6:30 बजे ही गणना स्थल पर स्वास्थ्य शिविर शुरू हो जाएगा, जो मतगणना पूरी होने तक चलेगा। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि शिविर में चार डॉक्टर, चार फार्मासिस्ट, दो वार्ड बॉय की ड्यूटी लगाई गई है। पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवाएं व ओआरएस घोल के पैकेट शिविर में उपलब्ध रहेंगे। ब्यूरो*

# आज होगा कैंडिडेट्स के भाग्य का फैसला

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 June):** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के 80 दिन बाद अब नतीजे की घड़ी भी आ गई. मंगलवार को जिले की दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों गोरखपुर और बांसगांव के सभी 21 प्रत्याशियों में किन दो के सिर जीत का सेहरा बंधेगा और बाकी किसके हाथ मायूसी लगेगी, इसका फैसला हो जाएगा. गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. सुबह आठ बजे से गिनती शुरू होगी. पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी इसके बाद ईवीएम का नंबर आएगा. गिनती पूरी होने के बाद पांच-पांच वीवीपैट का मिलान किया जाएगा. अधिकतम 35 राउंड तक की गिनती होगी. पहले बांसगांव फिर गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के परिणाम आएंगे. सुबह 11 बजे तक रुझान और दोपहर दो बजे तक नतीजा आ जाने की उम्मीद है.



## गणना के लिए लगाए गए 14-14 टेबल

पोस्टल मतों की गिनती होने के बाद प्रत्याशियों, उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का सील तोड़कर ईवीएम निकाले जाएंगे. सभी विधानसभा क्षेत्रों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे. प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारी तैनात होंगे. इनमें एक पर्यवेक्षक, एक सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अलावा एक माइक्रोआब्जर्वर भी होगा. एक टेबल सहायक रिटर्निंग आफिसर का होगा.

प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 12-1[illegible] टेबल सर्विस वोटरों की ओर से मतदान के बाद भेजे गए इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट पर लगे बार कोड की स्कैनिंग के लिए और आठ-आठ टेबल उनकी गिनती के लिए लगाए गए हैं.



## इन विभागों में होगी गिनती

| | |
|---|---|
| कैंपियरगंज | कन्वेंशन हाल |
| पिपराइच | दीक्षा भवन प्रथम तल |
| सहजनवां | दीक्षा भवन भूतल |
| ग्रामीण | वाणिज्य संकाय |
| शहर | इंजीनियरिंग विभाग |

## बांसगांव के लिए यहां होगी गिनती

| | |
|---|---|
| चौरीचौरा | कला संकाय द्वितीय तल |
| बांसगांव | कला संकाय प्रथम तल |
| चिल्लूपार | कला संकाय भूतल |

## बांसगांव के प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| कमलेश पासवान | भाजपा |
| सदल प्रसाद | कांग्रेस (आइएनडीआइए गठबंधन) |
| रामसमुझ | बसपा |
| राजेंद्र चौधरी | निर्दल |
| मुरलीधर | निर्दल |
| श्रवण कुमार निराला | निर्दल |
| ज्ञान प्रसाद | निर्दल |
| हीरालाल | निर्दल |

## मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित

जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि सभी टेबल पर प्रत्याशी अपने एक एजेंट तैनात कर सकेंगे. जिसकी जिस टेबल पर तैनाती रहेगी, वह उसके अलावा दूसरे टेबल पर नहीं जा सकता. सभी एजेंट को परिचय पत्र जारी किया गया है. बिना इसके प्रवेश नहीं मिलेगा. मतगणना स्थल पर मोबाइल या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा. एजेंट नोट पैड, पेन, पेंसिल लेकर जा सकेंगे.

## पहले पोस्टल बैलेट के वोटों की काउंटिंग होगी

सुबह आठ बजे प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, प्रत्याशियों व उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का सील खोला जाएगा. पहले पोस्टल बैलेट के वोटों की काउंटिंग होगी फिर ईवीएम में पड़े मत गिने जाएंगे. सभी विधानसभा एरियाज की काउंटिंग के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे. प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारी तैनात होंगे. इनमें एक पर्यवेक्षक, एक सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अलावा एक माइक्रोआब्जर्वर भी होगा. एक टेबल सहायक रिटर्निंग आफिसर का होगा. प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में दो टेबल पोस्टल बैलेट, एक टेबल रिटर्निंग आफिसर और एक-एक टेबल सेना के जवानों के वोटों की काउंटिंग-स्कैनिंग आदि के लिए होंगे.

**35** राउंड तक की होगी अधिकतम गिनती, बांसगांव लोकसभा क्षेत्र का परिणाम पहले आएगा

## प्रत्याशी तैनात कर सकेंगे एक एजेंट

मतगणना को लेकर गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर कृष्णा करुणेश और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर आनंद वर्द्धन के साथ ही गोरखपुर के प्रेक्षक नथमल डिडेल और बांसगांव की प्रेक्षक आर मेनका ने रविवार को सुबह 11 बजे गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रत्याशियों व उनके एजेंट के साथ बैठक की. उन्होंने सभी प्रत्याशियों को तैयारियों की जानकारी देने के साथ ही सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी. सभी टेबल पर प्रत्याशी अपने एक एजेंट तैनात कर सकेंगे.

## गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| रविंद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन | भाजपा |
| काजल निषाद | सपा (आइएनडीआइए गठबंधन) |
| जावेद अशरफ | बसपा |
| आनंद कुमार यादव | भारतीय जवान किसान पार्टी |
| अंकित शाह | भारतीय युवाजन एकता पार्टी |
| शिवशंकर प्रजापति | भागीदारी पार्टी |
| राम प्रसाद | अलहिंद पार्टी |
| सोनू राय | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल |
| संजय सिंह राणा | भारतीय सर्वधर्म पार्टी |
| अमित भारती | बहुजन मुक्ति पार्टी |
| नफीस अख्तर | निर्दल |
| पिंटू साहनी | निर्दल |
| सुधांशु तिवारी | निर्दल |

# आज बदली रहेगी सिटी की ट्रैफिक व्यवस्था

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (3 June): लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को गोरखपुर यूनिवर्सिटी परिसर में होगी. मतगणना के दौरान परिसर के अंदर और बाहर भीड़ न हो इसको देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है. मतगणना के दिन प्रत्याशी, मतगणना एजेंट और कर्मचारियों के लिए पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है. ट्रैफिक एसपी संजय कुमार ने बताया कि डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाएगा.

## यहां खड़े होंगे वाहन

- मतगणन में लगे सभी कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मी और अन्य के वाहन यूनिवर्सिटी के प्राचीन इतिहास गेट नंबर दो से प्रवेश करेंगे.
- सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया कर्मी के वाहन गेट नंबर दो से परिसर मे जाएंगे.
- मतगणन कर्मचारी, पुलिसकर्मी, मीडियाकर्मी के अलावा सभी वाहन फुटबाल स्टेडियम ग्राउंड में खड़े होंगे.
- पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो के वाहन यूनिवर्सिटी मुख्य गेट से प्रवेश करके हैलीपैड ग्राउंड मे पार्क होंगे.
- मतगणन एजेंटों के वाहन नेपाल क्लब मे, पुराना आरटीओ के पास पार्क होंगे.
- प्रत्याशी के एक वाहन को यूनिवर्सिटी के सामने पंत पार्क के पास खड़ा कराया जाएगा.
- यूनिवर्सिटी मुख्य गेट के सामने से आयकर भवन तिराहा तक आवगमन प्रतिबंधित रहेगा.
- छात्रसंघ भवन चौराहा होकर रोडवेज तक जाने वाली बसें मोहद्दीपुर चौराहा होकर रोडवेज बस डिपो जाएंगी.
- छात्रसंघ भवन की ओर जाने वाले वाहन मोहद्दीपुर होते हुए गंतव्य तक जाएंगे.
- मोहद्दीपुर चौराहा से यूनिवर्सिटी चौराहा तक आने वाले छोटे वाहन पांडेय पेट्रोल पंप से मुड़कर रेलवे स्टेशन होते हुए जाएंगे.

# दुकानदार पर जानलेवा हमला, एक गिरफ्तार



चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के ग्राम चौरी के सबुनी टोला निवासी दुकानदार चंद्रकेश प्रजापति पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों पर हत्या की कोशिश और धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित चन्द्रकेश प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि दो जून की रात 9 बजे वह अपनी दुकान बंद कर रहा था। उसे अकेला देखकर पुरानी रंजिश में चौरी टोला के बदुरहिया निवासी जितेंद्र यादव व जयहिंद यादव ने लाठी डंडे से हमला कर दिया।

# सगे भाइयों को मारपीट कर किया जख्मी, केस

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के एचएन सिंह चौराहे के पास रविवार की रात खाने-पीने के दौरान मारपीट हो गया। यहां दो सगे भाइयों को मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तिवारीपुर इलाके के मंझरिया निवासी कोईल यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की रात 9 बजे एचएन सिंह चौराहे के पास खाने पीने के दौरान काशी अंसारी से विवाद हो गया। शाहपुर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर से एक लाख व जेवर लेकर युवती गायब, केस

झंगहा/ चौरीचौरा। झंगहा के एक गांव की युवती 25 मई को घर से एक लाख नगदी व जेवर लेकर गायब हो गई है। युवती के पिता के तहरीर पर पुलिस ने एक युवक पर केस दर्ज किया है। युवती के पिता का आरोप है कि क्षेत्र के अभय ने उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। उनकी पुत्री घर से एक लाख रुपए नकद व हजारों रुपये के जेवर साथ ले गई है। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

भर्रोह। गोला पुलिस ने परसिया रावत गांव के एक युवक की तहरीर पर नौ लोगों के विरुद्ध मारपीट व एसीएसटी सहित विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के धनेश पासवान ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रविवार को दिन में बाइक से रघुनाथपुर चौराहे पर किसी काम से जा रहा था तो उसी गांव के युवकों ने बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। विरोध करने पर पिटाई कर दी। जिसमें गंभीर चोट लग गई।



गोरखपुर विश्वविद्यालय के कला संकाय में मतगणना की तैयारी पूरी हो गई है।

# डीडीयू के अंदर-बाहर रहेगी किलाबंदी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार की सुबह से होने वाली मतगणना के दौरान परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। अफसरों ने सुरक्षा घेरा बनाकर मतगणना स्थल की किलेबंदी की है। मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए करीब 1300 अर्द्ध सैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवान लगाए गए हैं। यूनिवर्सिटी के बाहर बाउंड्रीवाल के किनारे सशस्त्र अर्द्ध सैनिक बल को तैनात किया गया है। एसपी क्राइम को स्ट्रांग रूम तो बाहरी स्थल के सुरक्षा का प्रभारी एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई को बनाया गया है। धारा 144 लागू है लिहाजा यूनिवर्सिटी के आसपास सख्ती से कार्रवाई का निर्देश है।

गोरखपुर लोकसभा, बांसगांव लोकसभा और संतकबीरनगर लोकसभा के अंतर्गत खजनी विधानसभा की मतगणना मंगलवार की सुबह से गोरखपुर यूनिवर्सिटी में होगी। इसके लिए यूनिर्सिटी चौराहा, छात्रसंघ चौराहा और आयकर भवन के सामने मार्ग पर बैरिकेडिंग कर यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाले आवागमन को सुबह से ही रोक दिया जाएगा। इसके अलावा पेट्रोलिंग के लिए अलग टीम का गठन किया गया है।

- विवि के बाहर बाउंड्रीवाल के पास अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती
- बिना आईकार्ड कोई भी विवि परिसर में नहीं कर पाएगा प्रवेश

## मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित, बिना पास प्रवेश नहीं

मतगणना में लगे कर्मचारी, प्रत्याशी और एजेंट मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे। बिना पास किसी को भी बैरिकेडिंग से अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना कर्मी, प्रत्याशी और एजेंट को पास दिखाने पर ही प्रवेश मिलेगा। मीडियाकर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट होगी है।

## ड्रोन और बॉडी वार्मर कैमरे से होगी निगरानी

यूनिवर्सिटी के आसपास पुलिस ड्रोन उड़ाकर निगरानी करती रहेगी। इसके अलावा सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी बॉडी वार्मर कैमरा लगाए रखेंगे। जिससे की कोई भी उपद्रव करे तो उनकी हरकत कैमरे में कैद हो जाए।

## विजय जुलूस निकालने पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि मतगणना के बाद जीते और हारे प्रत्याशी को उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस की होगी। विजयी प्रत्याशी को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी।

# मतगणना केंद्रों पर उपद्रव किया तो कड़ी कार्रवाई : डीजीपी

## हिदायत

लखनऊ, विशेष संवाददाता। डीजीपी प्रशांत कुमार और अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर उपद्रव किए जाने की स्थिति में बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को मतगणना केंद्रों पर भीड़ जुटाने के लिए अपील किए जाने के पुख्ता सुबूत मिले हैं। इसके मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों में बनाए गए 81 मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

सोमवार को लोकभवन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 80 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतगणना केंद्र का प्रथम घेरा (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ द्वारा की जाएगी। द्वितीय घेरा (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी व जिला पुलिस और तृतीय घेरा



■ प्रदेश के सभी मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा

(आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जिला पुलिस व अन्य अनुपूरक बलों द्वारा की जाएगी। तृतीय घेरे के 100 मीटर दूरी के दायरे को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा। मुख्य द्वार से केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। हर व्यक्ति को डीएफएमडी व एचएचएमडी द्वारा चेकिंग करने के बाद ही प्रवेश मिलेगा। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु या सामग्री मतगणना केंद्र के अंदर ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती एवं रिजर्व क्यूआरटी तैयार रखी गई है। सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली अफवाहों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

➤ गोरखपुर में डायवर्जन P03

# जाको राखे साइयां मार सके न कोए

## दमकल की गाड़ी के बीच में बाइक लेकर घुस गया रेलवे का गार्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। जाको राखे साइयां मार सके न कोए... यह मुहावरा रेलवे के एक गार्ड पर सटीक बैठता है। सोमवार को आग की सूचना पर तेजी से जा रहे दमकल विभाग की गाड़ी के नीचे चारों पहियों के बीच रेलवे का गार्ड बाइक फिसलने के कारण घुस गया। एक मजदूर के चिल्लाने से गाड़ी रूकी।

बाइक के परखच्चे उड़ गए थे। लेकिन रेलवे का गार्ड सुरक्षित बाहर निकला। हल्की चोट लगने के कारण दमकलकर्मी और यातायात पुलिस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने गार्ड को घर भेज दिया।



दमकल की गाड़ी में फंसी बाइक।

तारामंडल इलाके के सुशील कुमार रेलवे में गार्ड हैं। वह नरकटियागंज से सोमवार की भोर में चंपारण सत्याग्रह ट्रेन लेकर आए थे। दोपहर में फिर मुख्यालय नरकटियागंज उन्हें जाना था। वह 12 बजे रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकले, तभी यातायात चौक पर यह हादसा हो गया।

### हेलमेट ने बचा ली रेलवे कर्मचारी की जान

रेलवे कर्मचारी सुशील कुमार ने मोबाइल पर बताया कि यह लम्हा मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं रेलवे स्टेशन जा रहा था, तभी यातायात तिराहे पर दमकल विभाग की गाड़ी बड़ी तेजी से निकली। मेरी गाड़ी सरक कर गाड़ी के अंदर घुस गई। गनीमत थी मैंने हेलमेट लगाया था। गाड़ी के अंदर घुसने के बाद दमकल चलती रही। तभी मेरे हाथ में अंदर लगा एक रॉड आ गया, उसे पकड़कर मैं लटक गया। वहां खड़ा मजदूर चिल्लाया, तब जाकर गाड़ी रूकी और मैं जिंदा बाहर आया।

# बीयर शॉप के मुनीम को पीटने में चार पर केस दर्ज

गोला। पुलिस ने चंद चौराहे पर स्थित बीयर शॉप के मुनीम शिवम यादव को शनिवार को पीटने वाले चार आरोपियों विनय यादव, राजकुमार यादव, विशाल व गोविंद पर केस दर्ज किया है। मुनीम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि दुकान बंद करते समय कस्बे के कुछ लड़के बीयर मांगने लगे। मना करने पर लाठी-डंडों से मारने लगे। ब्यूरो

# पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

नोएडा। कोतवाली फेज-थ्री पुलिस ने पांच हजार के इनामी बदमाश गगहा, गोरखपुर निवासी इंद्रपाल (21) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इंद्रपाल पर रिश्तेदार की बेटी को अगवा करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी का आरोप है। ब्यूरो

# मतगणना पारदर्शी..बवाल किया तो खैर नहीं

## हाई अलर्ट: मतगणना स्थल के साथ ही पूरे शहर की होगी ड्रोन से निगरानी, त्रिनेत्र से भी पूरे शहर की मॉनिटरिंग

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव में मंगलवार को होने वाली मतगणना के बाद की सुरक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। प्रशासन का कहना है कि मतगणना पूरी तरह पारदर्शी होगी। फिर भी कोई बवाल करता है तो उसकी खैर नहीं। प्रशासन ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगा।

इसको लेकर जिले में हाई अलर्ट किया गया है। मतगणना स्थल से लेकर शहर में ड्रोन से मॉनिटरिंग होगी। कहीं भी भीड़ एकत्र हुई तो उसे हटाएगी। इसके अलावा त्रिनेत्र से भी पूरे शहर की मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी भी हालात से निपटने के लिए बाहर से भी फोर्स बुलाई गई है।

पुलिस और जिला प्रशासन के इंतजाम के मुताबिक, मतगणना स्थल के बाहर भीड़ जुटने नहीं दी जाएगी। सीओ स्तर के अधिकारी शहर में निगरानी करते रहेंगे। इसके अलावा थानों की पुलिस को गश्त पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर अल्पसंख्यक इलाकों में विशेष मुस्तैदी का निर्देश दिया गया है। डीएम कृष्णा करुणेश मतगणना स्थल की निगरानी के साथ ही पल-पल की रिपोर्ट लेते रहेंगे। उधर, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे।

**मतगणना के लिए दी गई ट्रेनिंग :** मतगणना को लेकर बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में प्रेक्षकों के सामने 842 मतगणना कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। ईवीएम मतगणना के लिए 171 गणना सुपरवाइजर, 171 माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। कोई भी मतगणना एजेंट या कर्मचारी मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएगा।





गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य भवन पर मतगणना के लिए की गई तैयारी। मतगणना के लिए तैयारी करते मजदूर। अमर उजाला



मतगणना को लेकर पूरी तरह से पारदर्शी व्यवस्था की गई है। मतगणना एजेंटों के सामने ही ईवीएम की गिनती और कुल पड़े वोटों का मिलान किया जाएगा। उनके सामने ही ईवीएम का सील खोला जाएगा। मतदान से संबंधित फॉर्म 17-सी दिखाकर मिलान किया जाएगा। सारी गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में कैद होती रहेंगी। अगर कोई हंगामा-बवाल करता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

– **कृष्णा करुणेश**, डीएम



सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। हर जगह स्थिति सामान्य है, लेकिन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस तैयार है त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू होगी। शहर में पहले से ही धारा 144 लागू है। सभी थानों की पुलिस को पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं। अगर कोई कानून व्यवस्था तोड़ेगा तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी।

– **डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# डायवर्जन : डीडीयू रूट से बचें

## विश्वविद्यालय परिसर के अंदर और बाहर यातायात में बदलाव

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में होनी है। इसे लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है।



मतगणना के दौरान परिसर के अंदर और बाहर नेताओं की भीड़ जुटी रहेगी। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय परिसर के अंदर और बाहर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। वहीं प्रत्याशियों, मतगणना एजेंट और कर्मचारियों के लिए पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था की गई है।

### यहां खड़े होंगे वाहन

- मतगणना में लगे सभी कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी और अन्य के वाहन विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो से परिसर में प्रवेश करेंगे।
- सभी पुलिस व पत्रकारों के वाहन गेट नंबर दो से परिसर में आएंगे।
- मतगणना कर्मचारी, पुलिसकर्मी एवं मीडिया कर्मियों के अलावा सभी वाहन फुटबॉल स्टेडियम ग्राउंड में खड़े होंगे।
- पुलिस व प्रशासनिक अफसर के वाहन हेलीपैड ग्राउंड में पार्क होंगे।
- पुराना आरटीओ तिराहा से छात्रसंघ भवन चौराहा तक नो-व्हीकल जोन।
- मतगणना एजेंटों के वाहन नेपाल क्लब में पार्क होंगे।
- प्रत्याशी के एक वाहन को विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क के पास खड़ा कराया जाएगा।
- विश्वविद्यालय मुख्य गेट के सामने से आयकर भवन तिराहा तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- छात्रसंघ भवन चौराहा होकर रोडवेज तक जाने वाली बसें मोहद्दीपुर चौराहा होकर जाएंगी।
- रोडवेज से छात्रसंघ भवन की ओर जाने वाले वाहन मोहद्दीपुर होते हुए गंतव्य तक जाएंगे।
- मोहद्दीपुर चौराहा से विश्वविद्यालय चौराहा तक आने वाले छोटे वाहन पांडेय पेट्रोल पंप से मुड़कर रेलवे स्टेशन होते हुए जाएंगे।

# कप्तान से बोले जवान बाटी दा जवाब नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

## लोकसभा चुनाव में पंजाब पुलिस ने जीता सबका दिल

### चुनाव में अन्य राज्यों से आई थी 26 कंपनी फोर्स

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव में कराने के लिए इस बार पंजाब से भी छह कंपनी यानी 600 सुरक्षाकर्मी बुलाए गए थे। स्वाद और खाने के लिए मशहूर पंजाब के सुरक्षा कर्मियों को जिले का खान-पान इतना भा गया कि वे उन्होंने पंजाबी भाषा में जिले के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से गोरखपुर के खाने खासकर दाल-बाटी की जमकर तारीफ की। उन्हें गोरखनाथ मंदिर भी बहुत पसंद आया।

पंजाब के भटिंडा जिले के रहने वाले एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर की पहल पर लोकसभा चुनाव में इस बार पंजाब से सुरक्षाकर्मी आए। उनका शाही अंदाज में स्वागत भी हुआ। जिन बूथों पर पंजाब के सुरक्षा कर्मियों की डयूटी लगी, उन्होंने अपने व्यवहार से आम जनता का दिल जीत लिया। हर कोई इनकी तारीफ करता दिखा। लंबी चौड़ी कद काठी के यह जवान जहां भी तैनात हुए, अलग ही दिखाई दिए।

लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 26 मई को जिले में पंजाब, केरला, नागालैंड से पीएसी और एसएसबी की 26 कंपनी बुलाई गई थी। कुल 2600 से अधिक जवान गोरखपुर आए। मतगणना भी सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

# विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध

*एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मतगणना के बाद जीते और हारे प्रत्याशी को उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस की होगी। विजयी प्रत्याशी को जुलूस नहीं निकालने की अनुमति है। उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*



सुरक्षा में तैनात जवान। संवाद

## डीडीयू में यहां होगी गणना (विधानसभा क्षेत्रवार)

**गोरखपुर शहर** : वाणिज्य संकाय

**गोरखपुर ग्रामीण** : अभियांत्रिक विभाग

**कैंपियरगंज** : कन्वेशन सेंटर

**पिपराइच** : दीक्षा भवन प्रथम तल

**सहजनवां** : दीक्षा भवन भूतल

**खजनी** : बैडमिंटन हॉल

**बांसगांव** : कला संकाय प्रथम तल

**चिल्लूपार** : कला संकाय भूतल

**चौरीचौरा** : कला संकाय द्वितीय

गोरखपुर विश्वविद्यालय में मंगलवार सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी। प्रत्येक टेबल पर 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक राउंड की गणना पूरी होने के बाद उद्घोषणा की जाएगी।

**- विनीत कुमार सिंह,** एडीएम एफआर

# मतगणना स्थल अभेद्य किले में तब्दील...

# 1300 सुरक्षाकर्मियों में पंजाब के जवान भी

## स्ट्रांग रूम का एसपी क्राइम और बाह्य एरिया के सुरक्षा प्रभारी होंगे एसपी सिटी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में होनी है। इसके लिए परिसर को अभेद्य किले में तब्दील किया जा रहा है। मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए करीब 1300 अर्द्ध सैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवान लगाए गए हैं। इसमें पंजाब पुलिस के 600 जवान भी शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के बाहर चहारदीवारी के किनारे सशस्त्र अर्द्ध सैनिक बल को तैनात किया जा रहा है। एसपी क्राइम को स्ट्रांग रूम और बाह्य स्थल की सुरक्षा का प्रभारी एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई को बनाया गया है। धारा 144 लागू रहने पर आसपास भीड़ लगाने वालों पर कार्रवाई की तैयारी की गई है।

विश्वविद्यालय के चारों तरफ चहारदीवारी के किनारे अर्द्ध सैनिक बलों को तैनात किया जा रहा है। ताकि कोई भी अराजकतत्व परिसर में प्रवेश न कर सकें। इसके अलावा पेट्रोलिंग के लिए अलग टीम का गठन किया गया है।



मतगणना से पूर्व एडीजी डॉ. केएस प्रताप, डीआईजी आनंद कुलकर्णी और एसएसपी ने सोमवार को डीडीयू परिसर का निरीक्षण किया। संवाद

### एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ने लिया जायजा

**लोकसभा** चुनाव के मतगणना से पूर्व एडीजी डॉ. केएस प्रताप, डीआईजी आनंद कुलकर्णी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे गोरखपुर विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। करीब आधे घंटे तक विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### तीन जोन में बांटी गई है सुरक्षा

**एसपी** सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मतगणना में सुरक्षा व्यवस्था को तीन जोन में बांटा गया है। पहला आइसेलेशन जोन होगा, इसमें मतगणना में शामिल कर्मचारी और एजेंट रहेंगे। दूसरा इनर कॉर्डन जोन है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय गेट के आसपास सुरक्षा का घेरा रहेगा। तीसरा आउट कॉर्डन जोन होगा, इसमें छात्रसंघ चौराहा, यूनिवर्सिटी चौराहा और आरटीओ चौराहा शामिल है।

08:00

बजे गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुरू होगी वोटों की गिनती

02:00

तक तय हो जाएगा कि किसके सिर जीत का बंधेगा सेहरा

14 टेबल पर मतगणना होगी, जिसमें प्रत्येक पर चार कर्मचारी लगाए गए

1300

अर्द्धसैनिक बल, पीएसी और पुलिस के जवान किए तैनात

06:30

बजे ही गणनास्थल पर स्वास्थ्य शिविर हो जाएगा शुरू




गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य भवन में मतगणना के लिए की गई तैयारी। अमर उजाला



डीडीयू के वाणिज्य भवन पर सीसीटीवी से निगरानी करते पुलिसकर्मी। अमर उजाला

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# मारपीट में दो महिलाओं सहित चार ज्ञात व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सलेमपुर(एसएनबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सलेमपुर वार्ड नंबर एक भरौली निवासी आशुतोष सिंह पुत्र स्व.रमाशंकर सिंह पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि 30 मई को दिन में 10 बजे मेरा छोटा भाई अपनी गाड़ी से लखनऊ से सपरिवार घर पहुंचा। उसी वक्त निर्माणाधीन सड़क बनाने की बात को लेकर हमारे घर के बगल में रहने वाले अशोक सिंह, शक्ति सिंह, विन्दु सिंह, सोनु सिंह व अज्ञात महिलाओं द्वारा हमारे छत व गाड़ी पर ईट पत्थर फेकने लगे विरोध करने पर लाठी डण्डा से मारा पीटा गया। उपरोक्त पक्षों द्वारा भद्दी-2 गालियाँ एवं जान से मारने की धमकी दिये। मैं और मेरा परिवार भयभीत है। कोतवाली पुलिस ने अशोक सिंह, शक्ति सिंह, विन्दु सिंह, सोनु सिंह व अज्ञात महिलाओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि तहरीर के मुताबिक केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

S

# देवरिया, सलेमपुर व बांसगांव लोस क्षेत्रों की मतगणना आज

**देवरिया(एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव में अंतिम सातवें चरण का मतदान खत्म होने के बाद 4 जून को देवरिया शहर के दो मतगणना केन्द्रों पर देवरिया संसदीय क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों देवरिया, रामपुर कारखाना एवं पथरदेवा, सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों सलेमपुर एवं भाटपाररानी तथा बांसगांव संसदीय क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों रुद्रपुर एवं बरहज की मतगणना प्रातः 6.30 बजे से होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना में 14 टेबुल लगाये गये हैं। मतगणना के समय सीसीटीवी कैमरे आन रहेंगे। इन कैमरों में मतगणना कक्षों की गतिविधियां कैद होंगी। कुल 28 राउण्ड की गणना होगी। मतगणना स्थल का गोरखपुर रेंज के डीआईजी आनन्द कुलकर्णी ने डीएम अखण्ड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कमियों को दूर करने का निर्देश दिया।

**सीसीटीवी कैमरों की निगहबानी में दो केन्द्रों पर होगी मतगणना**

मिली जानकारी के अनुसार देवरिया सीनियर सेकेंड्री स्कूल मतगणना केन्द्र पर लोकसभा क्षेत्र देवरिया के तीन विधानसभा क्षेत्रों देवरिया, रामपुर कारखाना एवं पथरदेवा की मतगणना होगी। शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मतगणना केन्द्र पर सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के सलेमपुर एवं भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्रों तथा बांसगांव संसदीय क्षेत्र के बरहज एवं रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी। मतगणना केन्द्र पर अर्द्ध सैनिक बल एवं मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना के लिए कुल 18 मतगणना सुपरवाइजर, 18 मतगणना सहायक एवं 13 मतगणना माइक्रो आब्जर्बर लगाये गये हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम में पड़े मतों की गिनती के लिए 14 टेबुल लगाये गये हैं। इन टेबुलों पर 133 मतगणना सुपरवाइजर, 133 मतगणना सहायक, 133 मतगणना चतुर्थ सहायक एवं 133 मतगणना माइक्रो आब्जर्बर तैनात किये गये हैं। देवरिया जिले में कुल 2514 मतदान केन्द्रों पर मतदान के बाद मतगणना केन्द्रों पर ईवीएम जमा की गयी है। यहां सीसी टीवी कैमरे से स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों का हस्ताक्षर गेट पर ही कराया जा रहा है। हर टेबुल पर चार मतगणना कर्मी लगाये जायेंगे।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते गोरखपुर रेंज के डीआईजी आनन्द कुलकर्णी व मतगणना स्थल पर की गयी बैरिकेटिंग।

डीएसएस मतगणना केन्द्र पर देवरिया संसदीय क्षेत्र की मतगणना होगी। विधानसभा क्षेत्र देवरिया की मतगणना टिन शेड हाल नम्बर एक, पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना कम्प्यूटर लैब के बरामदे से रूम नम्बर 18 के बरामदे तक हाल नम्बर दो में होगी। रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र की मतगणना हाल नम्बर तीन में निदेशक कार्यालय के बरामदे से रूम नम्बर 4 के बरामदे तक होगी।

महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मतगणना केन्द्र पर रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना स्टाफ रूम के बरामदे से रूम नम्बर 4 के बरामदे तक हाल नम्बर दो में होगी। बरहज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना लेक्चर रूम नम्बर 5 के बरामदे से कामन रूम के बरामदे तक हाल नम्बर एक में होगी। भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना रूम नम्बर एक के बरामदा से रूम नम्बर 4 एवं एनसीसी आफिस के बरामदे तक हाल नम्बर तीन में होगी। सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना केमेस्ट्री लैब के बरामदे से फिजिक्स लैब एवं स्टेयर रूम के बरामदे तक हाल नम्बर चार में होगी। सबसे पहले सर्विस मतदाताओं के मतों की गिनती होगी।

# महिला से मिलने पहुंचे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**महुआडीह।** एक गांव निवासी महिला का प्रेम प्रसंग गांव के ही एक युवक से चलता था। सोमवार की रात युवक महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया। घर में युवक से महिला को मिलते परिजनों ने देख लिया। इसी बीच युवक वहां से भाग निकला। गुस्साए परिजनों ने युवक के खिलाफ महुआडीह थाने पर तहरीर दी। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# पथराव के मामले में चार नामजद, कई पर केस

**सलेमपुर।** पथराव के मामले में पुलिस ने चार नामजद समेत कई महिलाओं पर केस दर्ज किया है। वार्ड एक भरौली निवासी आशुतोष सिंह पुत्र स्व रमाशंकर सिंह ने  का आरोप है कि 30 मई को उनका छोटा भाई अपनी  लखनऊ से सपरिवार गाड़ी से  घर पहुंचा। उसी दौरान निर्माणाधीन सड़क बनाने की बात को लेकर मकान के बगल में रहने वाले  अशोक सिंह, शक्ति सिंह, बिन्दु सिंह, सोनू सिंह एवं  अज्ञात महिलाएं छत एवं गाड़ी पर ईट पत्थर फेंकने लगे।

# पति समेत चार पर दहेज हत्या का केस

**सलेमपुर।** कसिली निवासी प्रमोद कुमार पुत्र हरिलाल ने तहरीर में कहा है कि उनकी बहन नीलू की शादी दो वर्ष पूर्व कोतवाली थाना क्षेत्र के छपरा प्रयाग गांव निवासी श्याम बहादुर पुत्र नेबू लाल के साथ हुई थी। दहेज में उनके मांग के अनुसार एक लाख नगद सहित एक दो पहिया वाहन दिया गया था। इसके बावजूद बहन पति समेत  ससुराल के लोग उसकी 31 मई की रात में गला दबाकर हत्या कर दिए। पुलिस ने पति श्यामबहादुरव ससुराहलियों पर केस दर्ज किया है।

# युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**बरहज।** नगर के पुराना बरहज निवासी काजल पत्नी मुकेश ने सोमवार की दोपहर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ता देख परिजन ने सीएचसी बरहज में भर्ती कराया। घटना का कारण गृह कलह बताया जा रहा है।

# खलिहान की जमीन को लेकर मारपीट, चालान

**महुआडीह।** भटनी दादन गांव के चकिया टोला में सोमवार को खलिहान की जमीन को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई की मारपीट शुरू हो गई।  सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रथम पक्ष के रामप्रवेश गुप्ता पुत्र विरझन, गोविंद पुत्र रामप्रवेश तथा दूसरे पक्ष के राजकुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय बच्चा सिंह, अंकुश सिंह पुत्र रामनिवास सिंह समेत चार व्यक्तियो को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया ।

# मौत मामले में डीएम-एसपी को मानवाधिकार का नोटिस

देवरिया, निसं। पुलिस हिरासत में दरोगा की पिटाई से बरहज क्षेत्र के युवक की मौत मामले में हुई शिकायत को मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर 11 जुलाई से पहले रिपोर्ट तलब की है। उधर, आरोपी दरोगा को 13 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

बरहज थाना क्षेत्र के सतरांव का युवक दद्दन यादव 20 मई की रात को चौराहे से अपने घर जा रहा था। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और चौकी में बंद कर दिया। बिना कारण युवक को पकड़कर रात में तत्कालीन चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुशवाहा और कुछ अन्य पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह अधमरा हो गया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने चौकी पर पहुंचकर तोड़फोड़ के साथ हंगामा किया। युवक की हालत खराब होने पर उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां खून की उल्टी होने पर डाक्टरों ने देवरिया मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इमरजेंसी में इलाज के दौरान दूसरे दिन 21 मई की देर शाम युवक की मौत हो गई। पुलिस ने 21 मई की रात को ही आरोपी दरोगा वीरेंद्र कुशवाहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।मामले में अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से शिकायत की। आयोग ने आयोग ने 27 मई को डीएम व एसपी को नोटिस जारी कर 11 जुलाई से पहले इस मामले में रिपोर्ट मांगी है।

# विवेचना में हटेगा मृत शिक्षिका का नाम

देवरिया, निस। चुनाव के लिए प्रशिक्षण नहीं करने वाले 21 शिक्षकों के विरुद्ध सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। इस सूची में एक मृत शिक्षिका का भी नाम शामिल है। इस संबंध में आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग को गलती का एहसास हुआ। अब विभाग अपनी गलती सुधारने में जुटा है। मृत शिक्षिका नाम पुलिस विवेचना में हटाएगी। इसके लिए बीएसए ने जरूरी पत्राचार किया है।

रामपुर कारखाना के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुशहरी की सहायक अध्यापक रंजना पाण्डेय का निधन 10 फरवरी 2024 को हो गया था। इसके बारे में परिवार के सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था। जिससे मृतका के देयकों का भुगतान किया जा सके। इस पर बीईओ ने कार्मिक अपडेट में उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी लोक सभा चुनाव में मतदान कराने के लिए रंजना पाण्डेय की ड्यूटी लगा दी गई। इसके लिए उनके नाम का ड्यूटी पत्र भी जारी कर दिया गया। उन्हें दो चरणों में होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने का पत्र जारी हुआ। दोनों प्रशिक्षण में गैर हाजिर होने पर सीडीओ सख्त हुए। इसके बाद गैरहाजिर शिक्षकों पर केस दर्ज हुआ। मृत शिक्षिका पर केस दर्ज होने की बात प्रकाश में आने से विभाग में हड़कंप मच गया।

## मृतक शिक्षिका और प्रसूता के वेतन रोकने के आदेश निरस्त

बीईओ सदर देवमुनि वर्मा की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रंजना पाण्डेय समेत 21 शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज किया है। इसमें रंजना पाण्डेय की जहां मौत हो चुकी है वहीं इस सूची में कुछ शिक्षक ऐसे भी हैं जो बीमार अथवा किसी अन्य कारण से ड्यूटी करने में असमर्थ हैं। बीएसए ने जिन शिक्षकों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है उनके वेतन आहरण पर भी रोक लगा दिया था। इस क्रम में उन्होंने वित्त एवं लेखाधिकारी को पत्र भेज दिया था। महिला शिक्षिका प्रकरण का मामला सामने आने पर बीएसए ने 30 मई को वित्त एवं लेखा को दूसरा पत्र भेजते हुए पहले के पत्र के आदेश में से रंजना पाण्डेय और इब्राना सिद्दकी के वेतन आहरण पर लगी रोक को हटा दिया।

# मतगणना में दो एएसपी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

**हर मतगणना केंद्र पर** छह-छह थानाध्यक्ष, एक-एक सीओ, 42 दारोगा व 600 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

- शहर में 1200 पुलिसकर्मी तैनात यातायात व्यवस्था भी देखेंगे
- हर काउंटर पर लगाए गए हैं सीसी कैमरे, जो हर गतिविधि करेंगे कैद



देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव के लिए आज होने वाले मतगणना के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। हर मतगणना केंद्र पर एक-एक एएसपी, एक-एक सीओ व छह-छह थानाध्यक्ष सुरक्षा की कमान संभालेंगे। कुल 1200 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज व देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को मतगणना होनी है।

मतगणना को लेकर पुलिस विभाग ने विशेष इंतजाम किया है। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज की सुरक्षा व्यवस्था अपर पुलिस अधीक्षक डा.भीम कुमार गौतम संभालेंगे। उनके साथ मतगणना केंद्र पर छह थानाध्यक्ष, एक पुलिस क्षेत्राधिकारी व 42 दारोगा के साथ ही लगभग छह सौ पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जो केंद्र के साथ ही यातायात व्यवस्था भी संभालेंगे।

इसके अलावा देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर सुरक्षा व्यवस्था अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी संभालेंगे। यहां एक सीओ व छह थानाध्यक्ष के साथ ही लगभग छह सौ पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

## डायवर्ट रहेगा रूट

मतगणना के चलते रूट डायवर्ट किया गया है। कचहरी चौराहे से महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज की तरफ जाने पर पूरी तरह से रोक होगी। इसके अलावा एएसपी आवास से मतगणना स्थल व कोतवाली चौराहे से महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज आने वाले मार्ग पर पूरी तरह से आवागमन बाधित होगा। मतदान अभिकर्ता व कर्मचारियों की गाड़ियां राजकीय इंटर कालेज, चंडिका छात्रावास में खड़ी होंगी। इसके आगे कोई भी वाहन नहीं जाने दिया जाएगा, जबकि देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तरफ पुरवा चौराहे से ही वाहन नहीं जाएंगे। पुरवा चौराहा व सोमनाथ मंदिर के समीप स्थित कोल्ड स्टोरेज में पार्किंग का इंतजाम किया गया है।

**अर्द्ध सैनिक बल के जवान संभालेंगे अंदर की सुरक्षा:** ईवीएम व मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था अर्द्ध सैनिक बल के जवान संभालेंगे। उनके साथ ही यूपी पुलिस के जवान भी तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल के हर काउंटर पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि को कैद करेंगे। उसका कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिससे मतगणना स्थल की हर गतिविधि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी देख सकेंगे।

# चोरी गई बाइक टुकड़े-टुकड़े में कटी मिली

**कामयाबी**

- गौरीबाजार के एक प्राइवेट स्कूल से चोरी हुई थी बाइक
- गोरखपुर कैंट पुलिस ने दी गौरीबाजार पुलिस को सूचना



गौरीबाजार से चोरी गई बाइक गोरखपुर कैंट थाना क्षेत्र में टुकड़े-टुकड़े में कटी मिली।

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गौरीबाजार के एक प्राइवेट स्कूल के गेट से चोरी गई बाइक गोरखपुर के कैंट थाना क्षेत्र से बरामद हुई है। चोरी गई बाइक को टुकड़े टुकड़े में काट दी गई थी। कैंट पुलिस ने इसकी सूचना गौरीबाजार पुलिस को दी है। स्थानीय पुलिस ने इसकी सूचना बाइक मालिक को दी। एक दिन पहले ही बाइक चोरी की तहरीर दी गई थी।

गौरीबाजार के इंदूपुर निवासी धर्मवीर सिंह सोलंकी पुत्र समरजीत सिंह क्षेत्र के जंगलकिता सेम में प्राईवेट स्कूल चलाते हैं। रविवार सुबह अपनी बाइक स्पेलेंडर प्लस यूपी 52 बीएच 0598 को स्कूल गेट पर खड़ा किए थे। स्कूल का जरुरी काम निपटा कर बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। इंदूपुर कालीमंदिर गेट से लेकर गौरीबाजार-रुद्रपुर मार्ग बनस्पति बाजार, लुअठई चौराहे तक के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज में बाइक लेकर भाग रहा चोर कैद मिला। खोजबीन के बाद बाइक नही मिली तो उसी दिन शाम को बाइक मालिक ने स्थानीय थाने में अज्ञात बाइक लिफ्टर के खिलाफ तहरीर दिया था। बताया जाता है कि इसीबीच सोमवार देर शाम गोरखपुर के कैंट थाने की पुलिस ने गौरीबाजार पुलिस को चोरी की बाइक बरामद करने की सूचना दी।

चोरी गई बाइक के पार्टस को टुकड़े टुकड़े में काट दी गई थी। कैंट पुलिस ने चोरी गई बाइक के चेसिस नंबर से गाड़ी मालिक की पहचान की थी। स्थानीय पुलिस ने इसकी सूचना बाइक मालिक को दी।

## पांच लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा

तरकुलवा: क्षेत्र के कोन्हवलिया में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव के टुनटुन निषाद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही नेबूलाल, संतोष, सिकंदर, पूनम, प्रियंका के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# आज बंद रहेंगी शराब की दुकानें

देवरिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने मतगणना के दिन उ.प्र. के मद्यनिषेध लागू किए जाने के निर्देश निर्गत किए हैं।

इसके तहत जनपद देवरिया स्थित समस्त आबकारी के थोक एवं फुटकर बिकी अनुज्ञापनों देसी मदिरा, विदेशी मदिरा, बियर, भांग, ताड़ी, एल.एल.-16, 17, बार अनुज्ञापन एफएल -06, 07, एवं सीएल-2, एफएल-2 तथा एफएल-2बी, मतगणना दिवस दिनांक 04.06.2024 को पूर्ण दिवस बंद रखी जाएंगी। उक्त बंदी के लिए संबंधित अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का कोई प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगी। आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। संवाद

# डीआइजी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण, दिए निर्देश

देवरिया: डीआइजी गोरखपुर आनंद कुलकर्णी ने सोमवार को शहर में बने दोनों मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। किसी तरह की दिक्कत होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को जानकारी देंगे, ताकि उसका त्वरित निस्तारण किया जा सके। लाइट का इंतजाम बेहतर होना चाहिए और सीसी कैमरे से हर गतिविधि पर नजर रहनी चाहिए। कंट्रोल रूम में पुलिस का एक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी की भी तैनाती रहे। हर सूचना की उद्घोषणा होनी चाहिए। बिना अनुमति के किसी को भी गेट के अंदर नहीं जाने दें। इस दौरान डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मतगणना की तैयारी का जाजया लेते डीआईजी।

# डीआईजी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा, दिए निर्देश

देवरिया, निज संवाददाता। गोरखपुर रेंज के डीआईजी आनन्द कुलकर्णी ने सोमवार को जिले में बने दोनों मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए तैयारियों की जानकारी लिया। स्ट्रांग रुम की सुरक्षा के साथ मतगणना के दिन सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मतगणना को शांतिपूर्व और चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार कराने का निर्देश दिया।

डीआईजी आनन्द कुलकर्णी मातहत अधिकारियों के साथ दोपहर बाद शहर के डीएसएस स्कूल में पहुंचे, जहां पर उन्होंने लोक सभा क्षेत्र के बूथों के बारे में जानकारी लिया। इसके साथ ही मंगलवार को होने वाले मतगणना के बारे में मातहतों से पूछताछ किया। वहीं ईवीएम की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस और अधिकारियों के काफिले के साथ वह महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज पहुंचे। वह परिसर को देखने के बाद स्ट्रांग रुम की सुरक्षा देखे। वहीं मंगलवार को होने वाली मतगणना की तैयारियों के बारे में मातहतों से पूछताछ की। मतगणना के दिन सुरक्षा के बारे में क्षेत्राधिकारी सदर और एएसपी को निर्देश दिया। आने जाने वाले रास्ते के साथ बैरिकेटिंग का निरीक्षण किया।

# आरोपितों को बचाने का आरोप लगा ग्रामीणों का कोतवाली में प्रदर्शन



सलेमपुर कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण • जागरण

जागरण संवाददाता, सलेमपुरः युवक की चाकू मारकर हुई हत्या के मामले में पुलिस पर आरोपितों को बचाने का आरोप लगा ग्रामीणों ने सोमवार को कोतवाली में प्रदर्शन किया। साथ ही न्याय न मिलने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी।

- सलेमपुर कोतवाली के धनगढ़ा गांव में 10 दिन पहले युवक की चाकू मारकर हुई थी हत्या
- हत्या का मुकदमा दर्ज करने की बजाय गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पुलिस ने किया है दर्ज

कोतवाली के धनगढ़ा के रहने वाले 22 वर्षीय सोनू को गांव के बाहर बुलाकर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने गांव के बबलू समेत चार आरोपितों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

इसमें बबलू को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया है। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि युवक की हत्या हुई है, लेकिन पुलिस आरोपितों को बचाने के लिए गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज की है। एक आरोपित को केवल जेल भेज कर कोरम पूरा की है। जबकि अन्य आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज है। अगर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज है तो विवेचना में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। अन्य आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मतगणना में आज तय होगा आपका सांसद कौन

## शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज व सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना

जागरण संवाददाता, देवरियाः आपका सांसद कौन, इंतजार की घड़ियां आज समाप्त हो गई। शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज व देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। 11 बजे तक रुझान आने लगेगा। मतगणना को लेकर सभी तैयारियां सोमवार की देर शाम पूरी कर ली गई। सीसी कैमरे की निगरानी में मतगणना की जाएगी।

एक जून को जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ था। जिले में 2385181 मतदाता हैं, जिसमें 1250424 पुरुष, 1134670 महिलाएं व 87 थर्ड जेंडर हैं। इसमें से 1302182 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है, जिसमें 619116 पुरुष, 683053 महिला व 13 थर्ड जेंडर शामिल हैं। मतगणना के लिए शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में बने स्ट्रांग रूम में सलेमपुर, भाटपाररानी, बरहज व रुद्रपुर विधान सभा क्षेत्र के ईवीएम जमा किए गए हैं, जबकि देवरिया सदर, रामपुर कारखाना व पथरदेवा विधान सभा क्षेत्र के ईवीएम देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जमा किए गए हैं।

विधानसभा देवरिया के लिए टीनशेड हाल नंबर एक, पथरदेवा विधान सभा क्षेत्र के लिए कंप्यूटर लैब के बरामदे से रूम नंबर 18 के बरामदे तक हाल नंबर दो, रामपुर कारखाना के लिए निदेशक कार्यालय के बरामदे से रूम नंबर चार के बरामदे तक हाल नंबर तीन तक मतगणना होगी।

हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाए गए हैं। हर टेबल पर चार मतगणना कार्मिकों की तैनाती रहेगी। वहीं महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्टाफ रूम के बरामदे से रूम नंबर चार के बरामदे तक हाल नंबर दो, बरहज विधान सभा के लिए लेक्चर रूम नंबर पांच के बरामदे से कामन रूम के बरामदे तक हाल नंबर एक, भाटपाररानी रूम नंबर एक के बरामदे से रूम नंबर चार एवं एनसीसी आफिस के बरामदे तक हाल नंबर तीन, विधानसभा क्षेत्र सलेमपुर के लिए केमेस्ट्री लैब के बरामदे से फीजिक्स लैब एवं स्टेयर रूम के बरामदे तक हाल नंबर चार तक मतगणना होगी। सुबह 11 बजे तक सांसद कौन होगा, इसका रुझान लगभग आने लगेगा। तीन बजे तक पूरी तरह से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।



देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीआइजी गोरखपुर आनंद कुलकर्णी, डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा • जागरण



महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज स्थित मतगणना स्थल पर की गई बैरिकेडिंग • जागरण

### मतगणना के लिए इतने कर्मचारियों की तैनाती रहेगी

| | |
|---|---|
| मतगणना सुपरवाइजर | 133 |
| मतगणना सहायक | 133 |
| मतगणना चतुर्थ सहायक | 133 |
| मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर | 133 |

### पोस्टल बैलेट के लिए

| | |
|---|---|
| मतगणना सुपरवाइजर | 13 |
| मतगणना सहायक I | 13 |
| मतगणना सहायक II | 13 |
| मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर | 13 |

### सबसे बाद में आएगा रामपुर कारखाना का परिणाम

हर विधान सभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाए गए हैं। रुद्रपुर, देवरिया सदर व सलेमपुर की मतगणना 25-25 राउंड में पूरी होगी, जबकि पथरदेवा व बरहज में 26-26 राउंड में मतगणना का कार्य पूरा होगा। भाटपाररानी विधान सभा क्षेत्र का 27 राउंड व रामपुर कारखाना 28 राउंड में मतगणना पूरी की जाएगी।

- सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, हर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए हैं 14-14 टेबल
- हर टेबल पर रहेगी चार-चार कर्मचारियों की तैनाती, सुबह 11 बजे तक आने लगेगा रुझान

### सबसे पहले पोस्टल बैलेट की होगी मतगणना

सुबह साढ़े छह बजे स्ट्रांग रूम खुलेगा। सबसे पहले सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। इसके बाद ईवीएम की मतगणना शुरू होगी। मतगणना का अपडेट आनलाइन भी घर बैठे लोगों को मिलता रहेगा।

## इनके किस्मत का खुलेगा भाग्य

### देवरिया लोकसभा सीट के प्रत्याशी

1-शशांक मणि त्रिपाठी-भाजपा
2-अखिलेश प्रताप सिंह-कांग्रेस
3-संदेश यादव मिस्टर-बसपा
4-अगम स्वरूप-राष्ट्रीय समानता दल
5-मुक्ति नाथ सिंह-जनता समता पार्टी
6-रफीक अंसारी-निर्दल
7-सत्येंद्र कुमार मल्ल-निर्दल

### सलेमुपर लोस सीट के प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| 1-रविन्दर कुशवाहा | भाजपा |
| 2-रमाशंकर राजभर | सपा |
| 3-भीम राजभर | बसपा |
| 4-जय बहादुर | जेकेपी |
| 5-श्रीकृष्ण | बीएमपी |
| 6-श्रीनारायण मिश्र | एबीएसपी |
| 7-सूर्य प्रकाश गौतम | एसपीएसपी |
| 8-अमरेश कुमार | निर्दल |
| 9-सद्दाम | निर्दल |

यह और अन्य खबरें देखें- https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html







# विजय जुलूस निकालने पर पूरी तरह रहेगी रोक

जासं, देवरिया: मतगणना के परिणाम के बाद जीते हुए प्रत्याशी के समर्थक विजय जुलूस निकालने लगते हैं, लेकिन इस बार विजय जुलूस निकालने पर पूरी तरह से रोक रहेगी।

साथ ही मतगणना स्थल से समर्थक 200 मीटर दूरी पर रहेंगे। परिणाम आने के बाद नवनिर्वाचित सांसद को घर तक सुरक्षा के बीच पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्षों को दी गई है। उनके साथ संबंधित थाने की फोर्स के अलावा दो थानाध्यक्ष और लगाए गए हैं।

फूल व मिठाई का दे दिया गया है आर्डर: आज भले ही परिणाम आएगा, लेकिन प्रत्याशियों के समर्थक अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित मानते हुए मिठाइं व फूलों तक का आर्डर दे दिए हैं। जैसे परिणाम आएगा, उनकी तरफ से फूलों की वर्षा होगी और मिठाइयों का वितरण किया जाएगा।

सलेमपुर लोकसभा का बलिया में मिलेगा प्रमाण पत्र: देवरिया जनपद के सात विधानसभा तीन लोकसभा क्षेत्रों को जोड़ते हैं। इसमें देवरिया लोकसभा में देवरिया सदर, रामपुर कारखाना, पथरदेवा विधान सभा शामिल हैं। इसमें कुशीनगर के दो विधानसभा क्षेत्र तमुकहीराज व फाजिलनगर भी शामिल हैं, जबकि सलेमपुर लोकसभा में जिले के दो विधानसभा क्षेत्र सलेमपुर, भाटपाररानी व बलिया जनपद के तीन विधान सभा क्षेत्र बांसडीह, सिकंदरपुर व बेल्थरा रोड शामिल हैं। इसी तरह बरहज व रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर के बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं।

देवरिया लोकसभा के विजेता का परिणाम घोषणा व प्रमाण पत्र देवरिया से मिलेगा। जबकि सलेमपुर का परिणाम बलिया जनपद मुख्यालय से घोषित होगा और प्रमाण पत्र भी वहीं से मिलेगा।

# जीत होने पर शानदार जानदार जश्न की तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** जिले के दो मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से गिनती होगी। दोपहर बाद रुझान भी मिलने लगेगा। ऐसे में सभी सात प्रत्याशियों ने अपनी अपनी जीत के लिए शानदार जश्न की तैयारियां कर ली हैं।

अंदरखाने की जा रहीं तैयारियों को हालांकि सार्वजनिक नहीं किया गया है। पर कई दुकानों पर मिष्ठान वितरण के लिए लड्डू आदि की बड़ी खेप मंगा ली गई है तो कई जगह तैयार की जाती दिखाई दी। हालांकि, सभी पार्टी प्रमुखों ने अभी मिष्ठान आदि तैयार कराने की किसी प्लानिंग से इन्कार किया।

राजनीतिक दलों ने उत्साह में अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए लोगों की जुटान के लिए योजना बना ली हैं। ताकि पदाधिकारी और कार्यकर्ता यहां रह कर आने वाले रुझानों पर चर्चा कर सकें। वहीं, एक-दूसरे के आयोजन स्थल को लेकर आवश्यक जानकारियां भी प्रतिद्वंद्वी लेते रहे। इधर, जिला प्रशासन ने हर स्तिथि से निपटने की तैयारी कर ली है।

## प्रशासन की तरफ से जश्न मनाने की है मनाही

डीएम अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि चुनाव का रिजल्ट निकलने के बाद किसी प्रकार हो हुडदंग पर पूर्णतः रोक रहेगी। जुलूस पर भी मनाही है। इसका सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।

# हल्की धाराओं में दर्ज किए केस के विरोध में कोतवाली गेट पर प्रदर्शन

## आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया आरोपियों को बचाने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी



सलेमपुर कोतवाली में प्रदर्शन करते ग्रामीण। संवाद

**सलेमपुर।** धनगड़ा गांव के तीन दर्जन से अधिक लोग महिलाओं के साथ सोमवार की सुबह 11 बजे कोतवाली पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

पुलिस कर्मियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। मामला 25 मई की रात सोनू की हत्या से जुड़ा है। गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया गया था। अब तक अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के धनगड़ा गांव के सोनू कुमार (21) पुत्र कृष्ण कुमार का गांव के एक व्यक्ति के यहां आना-जाना था। आरोप है कि 25 मई की रात में गांव का बबलू कुमार सोनू को फोन कर घर बुलाया और पहले से घात लगाकर उसके साथ आए बदमाशों ने सोनू के पहुंचते ही रॉड से प्रहार कर दिया।

एक युवक ने चाकू घोंपकर लहूलुहान कर दिया। परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो सोनू अचेतावस्था में पड़ा था। परिजन सोनू को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। 26 मई की सुबह सोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना की सूचना सोनू के चाचा हरेंद्र प्रसाद पुत्र राम रतन ने कोतवाली पुलिस तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर गांव के बबलू पुत्र कन्हैया को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। अन्य सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सोमवार सुबह 11 बजे तीन दर्जन से अधिक की संख्या में ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और हंगामा करते हुए कोतवाली गेट पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हत्या की बजाय गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज है। विवेचक को निष्पक्ष विवेचना करने के लिए कहा गया है।

# मतगणना को लेकर शहर में मार्ग परिवर्तित

**देवरिया(एसएनबी)।** 18 वीं लोकसभा चुनावों की मतगणना 4 जून को प्रातः 6.30 बजे से शुरू होगी। मतगणना को बगैर विघ्न बाधा के सम्पन्न कराने के लिए भारी मात्रा में फोर्स लगाई गई है। शहर में आने- जाने वाले वाहनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार डीएसएस एवं महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मतदान केन्द्रों पर एक- एक अपर पुलिस अधीक्षक तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेटिंग लगाई गई है। दोनों मतगणना केन्द्रों को मिलाकर दो प्लाटून अर्द्ध सैनिक बल, एक कम्पनी पीएसी, इसके साथ दो एएसपी, पांच सीओ, 25 थानेदार, 200 दारोगा, 1200 हेड कांस्टेबिल एवं कांस्टेबिल तथा होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार 4 जून को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। जिलाधिकारी आवास से कोतवाली रोड, जलकल रोड तक वन वे रहेगा। कोतवाली चौराहा से सब्जी मंडी तक जाने वाले रास्ता बंद कर दिया गया है। जलकल चौराहा से न्यूकालोनी जाने वाला रास्ता भी बंद रहेगा। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के सामने भी बैरिकेटिंग रहेगी। कचहरी चौराहा से पुराना पोस्टमार्टम हाउस एवं महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज तक जाने वाला रास्ता बंद रहेगा। ट्यूबवेल कालोजी जाने वाल रास्ता भी बंद रहेगा। देवरिया कसया रोड पर बाला जी मंदिर की तरफ से आने वाला रास्ता वन वे रहेगा। गोरखपुर से सलेमपुर बरहज जाने वाले वाहन बैतालपुर पुलिस चौकी से डायवर्ट होकर पाण्डेयचक चौराहा, डुमरी, भीमपुर नहर होकर जायेंगे। सलेमपुर एवं बरहज से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन सोनूघाट महुआनी भीखमपुर रोड होते हुए डुमरी के तरफ से बैतालपुर पुलिस चौकी की तरफ जायेंगे। कसया रोड पर कोई भारी वाहन नहीं जायेगा।

# संदिग्ध हालात में पेंटर की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**सलेमपुर-देवरिया मुख्य मार्ग पर सोहनाग मोड़ के पास की घटना**

**सलेमपुर।** सलेमपुर-देवरिया मुख्य मार्ग पर सोहनाग मोड के पास पेंटर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी राम इकबाल सिंह (50 वर्ष) पुत्र स्व. गेना पेंटर का काम करता है। सोमवार की सुबह काम के सिलसिले में घर से निकला। दोपहर 3 बजे राहगीरों ने संदिग्ध हालात में इकबाल का शव सोहनाग मोड स्थित देसी शराब की दुकान के पास देखा। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा।

# दुष्कर्म की धमकी देने के आरोपी का शांतिभंग में चालान

**देसही देवरिया।** अपनी रिश्तेदारी में आई एक किशोरी ने गांव के एक युवक पर छेड़खानी, दुष्कर्म की कोशिश व जान-माल की धमकी का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर सोमवार को शांतिभंग की कार्रवाई कर चालान कर दिया।

महुआडीह थानाक्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आई एक किशोरी ने 30 मई को पुलिस को तहरीर दी। उसने आरोप लगाया कि जब वह अपने रिश्तेदार के घर आती है तो गांव का एक युवक उससे छेड़खानी करता है। मोबाइल फोन पर गलत पोस्ट डालकर उसे दुष्कर्म की धमकी देता है। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसे मानसिक रूप से एक साल से प्रताड़ित कर रहा है। मामला उजागर करने पर जान से मारने की बात भी कह रहा है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने गांव जाकर मामले की जांच कर युवक को हिरासत में ले लिया। सोमवार को पुलिस ने उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। संवाद

# चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महुआपाटन में बकरी गायब होने की बात को लेकर पूछताछ करने गई महिला को मारपीट घर घायल कर दिया गया। इस मामले में पुलिस चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। महुआपाटन गांव की रहने वाली रूबी खातून ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि दो जून को उनकी बकरी कहीं गायब हो गई। इस बात को लेकर वह पूछताछ कर रही थीं। इस दौरान कुछ लोगों ने उनको लात-मुक्का से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि जाते समय जानमाल की धमकी भी दी। संवाद

# जनता ने किसे चुना... फैसला आज

## सात प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा, सबसे पहले पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की होगी गिनती

संवाद न्यूज एजेंसी



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम। संवाद



डीएसएस स्थित स्ट्रांग रूम पर मुस्तैद जवान। संवाद

**देवरिया।** जिले को मंगलवार की देर शाम तक नया सांसद मिल जाएगा। शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न कराने के बाद जिला प्रशासन शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा हुआ है। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से चल रहीं सारी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। देवरिया लोकसभा चुनाव के सात प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम से आज निकलेगा।

मंगलवार की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। देर शाम तक जिले को नया सांसद भी मिल जाएगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता ने किसके सिर पर जीत का ताज पहनाया है। इस मतदान में भाजपा से शशांक मणि त्रिपाठी चुनाव मैदान में है। वहीं, इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह हैं। वहीं, बसपा से संदेश यादव ने भी मुकाबला रोचक बना दिया है।

राजनीतिज्ञ विशलेषज्ञों की मानें तो भाजपा व कांग्रेस में सीधी टक्कर है। इन तीनों के अलावा राष्ट्रीय समानता दल से अगम स्वरूप, जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी रफीक अंसारी, निर्दलीय प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मल्ल के भी भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद है। यह मंगलवार को खुलेगा।

जिले के दो स्ट्रांग रूम डीएसएसएस व महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में मतगणना होगी। यहां कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को रखा गया है। यहीं पर चार जून को सुबह साढ़े छह बजे मतगणना केंद्र खुल जाएगा और सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतों की गिनती के लिए 532 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है।

### 14-14

### टेबल मतगणना के लिए बनाए गए, प्रत्येक टेबल पर चार कार्मिकों की रहेगी तैनाती

मतों की गणना के लिए विधानसभावार टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा की 14 टेबल पर गिनती होगी। हर टेबल पर मतों की गणना के लिए चार कार्मिक मुस्तैद रहेंगे। कार्मिकों में दो गणना सहायक, एक सुपरवाइजर और एक माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल हैं।

मतगणना के लिए कुल सुपरवाइजर 133, मतगणना सहायक 133, मतगणना चतुर्थ सहायक 133 व मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर 133 मौजूद रहेंगे।

**देवरिया, रुद्रपुर, सलेमपुर विस का सबसे पहले मिलेगा रुझान:** शहर के कसया बाईपास रोड और महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में मतगणना विधानसभावार होगी। बूथों की संख्या पर गौर करें तो रुद्रपुर में 344, देवरिया में 348 व सलेमपुर में 350 बूथ हैं। यहां 25-25 राउंड मतों की गिनती होगी। कम बूथ होने के चलते इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव का रुझान सबसे पहले मिलने की संभावना है। इसी तरह पथरदेवा में 361 व बरहज में 353 बूथ हैं। यहां 26 राउंड तक मतों की गिनती चलेगी।

रामपुर कारखाना में 384 तो भाटपाररानी में 374 बूथ हैं, जहां 27 राउंड मतों की गिनती होगी। देवरिया लोकसभा क्षेत्र में शामिल फाजिलनगर और तमकुहीराज में सबसे अधिक बूथ हैं। फाजिलनगर में 400 तो तमकुहीराज में 384 बूथ हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्र की गिनती कुशीनगर में होगी। इन विधानसभा की 29-29 राउंड तक मतों की मतगणना होगी। यहां का परिणाम आखिरी में मिलने की उम्मीद है।

### सबसे पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती

मतगणना स्थल पर सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके लिए 13 मतगणना सुपरवाइजर, 13 सहायक प्रथम, 13 सहायक द्वितीय व 13 माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती आरओ की देखरेख में होगी। इसकी गणना होने के बाद ईवीएम से गणना शुरू हो जाएगी।






# चुनावी रंजिश को लेकर चाकू से हमला, केस

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भरौली निवासी अवनीश शर्मा पुत्र रामाश्रय शर्मा ने बताया है कि चुनावी रंजिश को लेकर उसके ही गांव के चार लोगों ने जान मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। इसके साथ ही उसके परिवार के लोगों के साथ भी मारपीट किया और जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध धारा 307, 323 और 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की छान बीन में जुट गई है।

# महिला से मारपीट में मां-बेटों पर केस दर्ज

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के मंडी बाजार तरकुलवा में एक महिला को घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एक महिला व उसके दो बेटों पर घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। मंडी बाजार तरकुलवा की रहने वाली खुशबू नेशा पत्नी असलम ने तहरीर में कहा है कि पड़ोस के वानीद, शानीद व खैरुन निशा ने गाली देते हुए घर में घुसकर लात-मुक्का से मारपीट कर घायल कर दिया।इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

# पति व जेठ सहित चार पर हत्या का केस

**सलेमपुर।** क्षेत्र के प्रयागपुर छपरा में विवाहिता की गला दबाकर हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने पति, जेठ, ननद व जेठानी के पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कसिली निवासी प्रमोद पुत्र हरिलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। संवाद

# मोतीलाल रोड और जलकल चौराहे से न्यू कॉलोनी जाने वाला मार्ग रहेगा बंद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। जिला प्रशासन ने मतगणना के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए सारी तैयारियां कर ली है।

जिला प्रशासन ने मतगणना स्थल को जाने वाले मार्ग पर आवागमन बंद कराते हुए और वनवे करते हुए कई मार्गों का रूट डायवर्जन किया है। प्रभारी यातायात की मतगणना के दौरान संपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

जिला प्रशासन के अनुसार, मतगणना स्थल महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया को जाने वाले राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार मतगणना अभिकर्ता डीएम आवास तिराहा से कोतवाली की तरफ प्रवेश करेंगे। तत्पश्चात अपने वाहनों को राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में पार्क करेंगे। पार्क करने के पश्चात पैदल महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया को जाएंगे तथा निर्धारित गेट से मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे।

इसी तरह मतगणना स्थल महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया में विधानसभा 340-भाटपाररानी, 341- सलेमपुर के मतगणना अभिकर्ता (एजेंट) गेट नंबर एक से प्रवेश करेंगे। विधान सभा 336-रुद्रपुर, 342- बरहज के मतगणना अभिकर्ता (एजेंट) गेट नंबर दो से प्रवेश करेंगे। मतगणना स्थल महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया में आने वाले सभी मतदान कार्मिक रोडवेज तिराहा से अंदर प्रवेश करके चंडिका छात्रावास में अपने वाहन को पार्क करने के पश्चात गेट नंबर तीन से अंदर प्रवेश करेंगे।

कोतवाली चौराहे से मोतीलाल रोड कसया ढाला की तरफ जाने वाला रास्ता बंद रहेगा। साथ ही न्यू कॉलोनी जलकल चौराहा (श्रीबेकर्स) से न्यू कॉलोनी जाने वाला रास्ता भी बंद रहेगा। इसी तरह शिव मंदिर चौराहे से पोस्टमार्टम चौराहा होते हुए महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज जाने वाला रास्ता वन वे रहेगा।

दूसरा मतगणना स्थल देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल को बनाया गया है। यहां बालाजी मंदिर (कसया रोड) से आने वाला रास्ता वन वे रहेगा।



जलकल रोड पर की गई बैरिकेडिंग। संवाद संवाद

## राजकीय इंटर कॉलेज में वाहन की पार्किंग कर पैदल जाएंगे मतणगना स्थल

## *गोरखपुर से सलेमपुर और सलेमपुर से गोरखपुर जाने वाला मार्ग रहेगा डायवर्ट*

*गोरखपुर से सलेमपुर की तरफ जाने वाले वाहन बैतालपुर चौकी से डायवर्ट होकर पांडेयचक चौराहा, डुमरी कसया रोड से भीखमपुर होते हुए सोनू घाट की तरफ जाएंगे। सलेमपुर से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन सोनूघाट से महुआनी भीखमपुर रोड होते हुए डुमरी से पांडेयक से बैतालपुर की तरफ से होकर जाएंगे। कोई भी भारी वाहन कसया रोड से सोमनाथ मंदिर की तरफ नहीं जाएगा। कसया रोड़ से गोरखपुर जाने वाले भारी वाहन डुमरी, पांडेय चक, बैतालपुर होते हुए गोरखपुर की ओर जाएंगे।*

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# कार से 21 पेटी देसी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

- सेवरही क्षेत्र का मामला पिपराघाट नरवाजोत टोला का है आरोपित
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू कर दी है मामले की जांच

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले की सेवरही थाने की पुलिस ने सोमवार को लग्जरी कार से तस्करी कर ले जायी जा रही 21 पेटी देसी शराब बरामद किया। बरामदगी के दौरान पुलिस ने शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को सेवरही थाने की पुलिस ने लग्जरी कार से तस्करी कर ले जायी जा रही 21 पेटी देशी शराब बरामद किया। बरामदगी के दौरान एक शराब तस्कर भी पकड़ा गया, जिसकी पहचान राजन सिंह पुत्र गाम्हा सिंह निवासी पिपराघाट नरवाजोत टोला थाना सेवरही के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ दिग्विजय नारायण राय, एसएसआई राजेन्द्र सिंह यादव, एसआई सुजीत भारती, कांस्टेबल उधम सिंह एवं अनुज सरोज शामिल रहे।

# चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद किया। पकड़े गये शातिर चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को पडरौना कोतवाली पुलिस ने खिरकिया से मनिकौरा के रास्ते के पास से शातिर चोर दीपू भारती पुत्र उमाशंकर भारती निवासी मनिकौरा थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद की।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल सुशील शुक्ल, एसआई सचिन दिवाकर, कांस्टेबल शंखधर राय, नितीश यादव एवं आदर्श कुमार शामिल रहे।

# डीएम-एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

- पूरे परिसर में फोर्स तैनात अफसर करेंगे मॉनीटरिंग
- पास धारकों के अलावा नहीं मिलेगा किसी को प्रवेश

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में आज होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना स्थल तीन चक्रिय सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में रहेगा। मतगणना कार्य की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। सोमवार को डीएम और एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

लोकसभा चुनाव के लिए जिले में तैनात प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्र व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने सोमवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कुशीनगर लोकसभा के कुशीनगर, पडरौना, खड्डा, रामकोला और हाटा के अलावा देवरिया लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्र फाजिलनगर एवं तमकुहीराज में हुए मतदान की गिनती उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज के मैदान में होगी। प्रेक्षक, डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व जनसमूह को नियंत्रित करने के लिये संबंधित को बैरिकेडिंग कर पर्याप्त पुलिस बल लगाने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये। मतगणना स्थल तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेगा।

पूरे परिसर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे, जिसकी मानीटरिंग अफसर करेंगे। पास धारकों के अलावा मतगणना परिसर में किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे के बाद पैरा मिलिट्री के जवान भी मुश्तैद रहेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# वारंटी को हनुमानगंज पुलिस ने दबोचा

**कुशीनगर।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में हनुमानगंज थाने की पुलिस ने मारपीट समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे के वारंटी राकेश पुत्र विंध्याचल निषाद निवासी नौतार जंगल थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ अजय पटेल, एसएसआई राधेश्याम यादव, कांस्टेबल संजय यादव एवं रामबरन मौर्य शामिल रहे।

# मतगणना ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों के साथ एसपी ने की ब्रीफिंग, दिए निर्देश

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस लाइन परिसर में सोमवार को लोकसभा चुनाव में मंगलवार को होने वाले मतगणना में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की। ड्यूटी में लगे सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ब्रीफिंग में सभी को मतगणना की प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण तथा निष्पक्ष ढंग से कराने हेतु निर्देश दिये गये। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गयी।

# राजनैतिक दलों संग डीएम ने की बैठक

## निरीक्षण

पडरौना, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए उदित नारायण कॉलेज में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। तैयारियां पूरी होने के बाद चुनाव प्रेक्षक के साथ जिले में बाहर से पहुंचे दो मतगणना प्रेक्षकों ने तैयारियों का निरीक्षण किया। बाद में सभी ने जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल व सीडीओ गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतगणनास्थल पर ही बैठक की।


मतगणना प्रेक्षकों के साथ मतगणनास्थल का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व सीडीओ।

सामान्य व मतगणना प्रक्षेकों को डीएम व एसपी ने उदित नारायण कॉलेज में बने मतगणना स्थल पर बैठक में तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए कहा कि मंगलवार को सुबह 8 बजे मतगणना की शुरुआत होगी। इसमें 90 मिनट पहले मॉकपोल के समय भी सभी के पोलिंग एजेंट अवश्य उपस्थित रहने चाहिए। ईवीएम स्ट्रांग रूम उदित नारायण इंटर व डिग्री कॉलेज में रखे गये हैं। मतगणना के लिये 14 टेबल विधानसभा वार लगाए गये हैं। सोमवार को उदित नारायण इंटर व डिग्री कॉलेज में पहुंचे प्रेक्षक दीपांकर चौधरी, मतगणना प्रेक्षक सोदे पोटोम व वीएन सरवइया के अलावा डीएम उमेश मिश्रा, एसपी व सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने रातनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि स्ट्रांग रुम में रखे गये ईवीएम के माध्यम से मतगणना विधानसभावार होनी है।

---

पुलिस को मिले केंद्रों पर भीड़ जुटाने की अपील के पुख्ता प्रमाण, सभी 81 मतगणना केंद्रों पर होगा त्रिस्तरीय सुरक्षा इंतजाम

# मतगणना केंद्रों पर उपद्रव किया तो सख्त कार्रवाई

## हिदायत

लखनऊ, विशेष संवाददाता। डीजीपी प्रशांत कुमार और अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर उपद्रव किए जाने की स्थिति में बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को मतगणना केंद्रों पर भीड़ जुटाने के लिए अपील किए जाने के पुख्ता सुबूत मिले हैं। इसके मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों में बनाए गए 81 मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

सोमवार को लोकभवन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 80 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतगणना केंद्र का प्रथम घेरा (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ द्वारा की जाएगी। द्वितीय घेरा (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी व जिला पुलिस और तृतीय घेरा (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जिला पुलिस व अन्य अनुपूरक बलों द्वारा की जाएगी। तृतीय घेरे के 100 मीटर दूरी के दायरे को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा। मुख्य द्वार से केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश करते समय प्रत्येक व्यक्ति को डीएफएमडी व एचएचएमडी द्वारा चेकिंग करने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु या सामग्री मतगणना केंद्र के अंदर ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। महिलाओं की चेकिंग उनकी निजता को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती एवं रिजर्व क्यूआरटी तैयार रखी गई है। यूपी-112 के वाहनों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात करते हुए नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली अफवाहों पर पैनी नजर रखी जा रही है।


लोकभवन में सोमवार को प्रेसवार्ता करते अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, डीजीपी प्रशांत कुमार,एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश। इन अधिकारियों ने मंगलवार को होने वाली मतगणना के दौरान प्रबंधों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी।

### मतगणना केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मतगणना को देखते हुए पूरे प्रदेश में 160 पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त व पुलिस उपाधीक्षक, 2248 इंस्पेक्टर, 12883 सब इंस्पेक्टर, 20876 हेड कांस्टेबल, 50697 कांस्टेबल, 6149 होमगार्ड्स, 145 कंपनी सीएपीएफ एवं 102 पीएसी कंपनी की तैनाती की गई है।

---

# मतगणना कर्मियों के लिए गुड़ नींबू पानी, कूलर का इंतजाम

- मतगणना स्थल के पास वाहन वर्जित
- शराब, बियर की दुकानें भी बंद रहेंगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मंगलवार चार जून को होने वाली मतगणना में शामिल सभी कार्मिकों, सुरक्षा बलों के जवानों के लिए ग्रीष्म लहर और हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को ड्राई डे रहेगा, शराब, बीयर व भांग आदि की सभी लाइसेंसी दुकानें पूरे प्रदेश में बंद रहेंगी। मतगणना स्थल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इन सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना स्थल पर तैनात किए जाने वाले सभी कार्मिकों व सुरक्षा जवानों के लिए गुड़, नींबू पानी, ओआरएस, पंखे, कूलर और पानी की ठंडी फुहार छोड़ने वाले मिस्ट फैन की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें-क्या न करें' की सलाह पर विशेष जोर दिया जाए, जिससे कि मतगणना कार्मिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी मतगणना कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव के लिए टोपी, छाता एवं सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा अपने साथ रखें। पानी की बोतल साथ रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करते रहें। हीट वेव से बचाव के लिए पर्याप्त ओआरएस/मेडिकल किट एवं मेडिकल टीम भी मतगणना स्थल पर उपलब्ध रहेगी।

जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों की अलग-अलग होगी मतगणना, दोपहर से साफ होने लगेगा परिदृश्य, चार बजे तक आ जाएगा अंतिम नतीजा

# मतगणना में आज तय होगा किसका 'मंगल'

**परिणाम**

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गणना मंगलवार को उदित नारायण कॉलेज में होगी। मतगणना पूरी होने के बाद कुशीनगर के नव निर्वाचित सांसद की घोषणा कर दी जाएगी। कुशीनगर लोकसभा से कुल 9 प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था। इनमें भाजपा के विजय दुबे, इंडिया गठबंधन के अजय प्रताप सिंह ऊर्फ पिंटू सैंथवार, बसपा के शुभ नारायण चौहान के अलावा आरएसएसपी के स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच मुख्य मुकाबला है।

कुशीनगर में 7 मई से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसी बीच चुनाव प्रचार शुरू हो गए थे। दलों के बड़े नेताओं ने जनसभाएं कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक जून को मतदान हुआ। मतदान के बाद सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करा दिए गए थे। उदित नारायण कॉलेज परिसर में ही स्ट्रांग रूम बना है। यहीं मतगणना भी होगी। मंगलवार को सुबह 8 बजे सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व एजेंटों के सामने ईवीएम स्ट्रांग रूम से निकाल कर टेबल पर रखे जाएंगे। इसके बाद मतगणना शुरू होगी।

निर्वाचन विभाग के अनुसार कई चक्रों में मतगणना पूरी होगी। हर चक्र के बाद उस राउंड के परिणाम घोषित किया जाएंगे। ऐसे में मतगणना शुरू होने के कुछ ही घंटों के बाद रुझान आने शुरू हो जाएंगे। घोषणा होने से पहले आरओ उसका मिलान कर संतुष्ट हो जाएंगे।

माना जा रह है कि शाम को चार बजे तक फाइनल परिणाम आ जाएंगे। जिले के सात विधानसभाओं में से कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा हैं, जिसमें पडरौना, खड्डा, रामकोला, कुशीनगर व हाटा हैं।

**साथ होगी पोस्टल बैलेट की गणना:** लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट की गणना को अलग से लगे सात टेबल लगाए गए हैं। इनकी भी गणना ईवीएम के साथ ही चलेगी। दिव्यांग व बुजुर्ग वोटरों के लिए इस बार घर से पोस्टल बैलेट पर मतदान कराए गए हैं। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों व सर्विस वोटरों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है।

**तमकुही व फाजिलनगर की अलग होगी मतगणना:** उदित नारायण कॉलेज परिसर में ही देवरिया लोकसभा के दो विधानसभाओं तमकुहीराज व फाजिलनगर विधानसभाओं की भी मतगणना होगी। इन दोनों विधानसभाओं के लिए भी 14-14 टेबल लगाए गए हैं। यहां ईवीएम से मतगणना होगी। इन विधानसभाओं के पोस्टल बैलेट की गणना देवरिया में ही होगी। ईवीएम के परिणाम सामने आने चक्रवार कुशीनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी देवरिया के जिला निर्वाचन अधिकारी को भेज देंगे। इनकी घोषणा देवरिया से ही की जाएगी।


एसडीएम पडरौना सदर व्यास नारायण उमराव ने सोमवार को लिया मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा।

**विधानसभावार इतने राउंड तक होगी मतगणना**

| विधानसभा | राउंड |
|---|---|
| खड्डा - | 25 |
| पडरौना- | 26 |
| हाटा- | 27 |
| कुशीनगर- | 27 |
| रामकोला- | 25 |
| **देवरिया आंशिक:-** | |
| तमकुही राज- | 28 |
| फाजिलनगर- | 30 |

## डीएम-एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

- पूरे परिसर में फोर्स तैनात अफसर करेंगे मॉनीटरिंग
- पास धारकों के अलावा नहीं मिलेगा किसी को प्रवेश

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में आज होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना स्थल तीन चक्रिय सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में रहेगा। मतगणना कार्य की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। सोमवार को डीएम और एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

लोकसभा चुनाव के लिए जिले में तैनात प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश मिश्र व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने सोमवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कुशीनगर लोकसभा के कुशीनगर, पडरौना, खड्डा, रामकोला और हाटा के अलावा देवरिया लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्र फाजिलनगर एवं तमकुहीराज में हुए मतदान की गिनती उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज के मैदान में होगी। प्रेक्षक, डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व जनसमूह को नियंत्रित करने के लिये संबंधित को बैरिकेडिंग कर पर्याप्त पुलिस बल लगाने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये। मतगणना स्थल तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेगा।

पूरे परिसर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे, जिसकी मानीटरिंग अफसर करेंगे। पास धारकों के अलावा मतगणना परिसर में किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे के बाद पैरा मिलिट्री के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का केस

**विशुनपुरा।** जटहां बाजार पुलिस ने महिला ग्राम प्रधान के बेटे के तहरीर पर एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। एकवनही उर्फ भागवतपुर के महिला ग्राम प्रधान का लड़का उपेंद्र कुमार ने थाने में दिए तहरीर में बताया है कि गांव के ही दो लोग इरफ़ान व विजय कुमार कुशवाहा उसके दरवाजे पर आकर उसकी मां को पूछा। बताया गया कि वह जटहां बाजार गई है। इसके बाद दोनों लोग जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मां बहन को गाली देने लगे। कारण पूछने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिए। इस मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर दोनों लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित मारपीट, धमकी का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# कार में मिली 21 पेटी देसी शराब, आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सेवरही : सेवरही के पिपराघाट के देव नरायन टोला हनुमान मंदिर के समीप सोमवार को पुलिस ने बिहार जा रही कार को संदेह के आधार पर रोका। तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई 21 पेटी देसी शराब मिली। आरोपित की पहचान सेवरही के पिपराघाट नरवाजीत टोला के राजन सिंह के रूप में हुई।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार को सीज करते हुए तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी दिग्विजय नारायण राय, उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, चौकी इंचार्ज सुजीत कुमार आदि शामिल रहे।



पुलिस लाइन सभागार में बैठक के दौरान सुरक्षा बलों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल बीच में। • सौ.पुलिस मीडिया सेल

# मतगणना में बाधा उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई

- वैध आइडी कार्ड के बिना सुरक्षा घेरे को पार करने वाले भेजे जाएंगे जेल
- निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतगणना पुलिस का दायित्व: एसपी
- लापरवाही मिलने पर पुलिस अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, पडरौना: एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि मतगणना में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वैध आइडी कार्ड के बिना कोई भी चुनाव अभिकर्ता सुरक्षा घेरे को क्रास नहीं करेगा। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आते हुए उनके खिलाफ तत्काल एफआइआर दर्ज करें।

वे सोमवार की रात आठ बजे लाइन सभागार में उपस्थित मतगणना ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष अपनी-अपनी जिम्मेदारी भलीभांति समझ लें। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की बाधा पहुंचाने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे।

अगर पुलिस अधिकारी-कर्मचारी की लापरवाही पाई गई तो उनकी जवाबदेही भी तय होगी। मतगणना स्थल पर अनुशासित रह कर अपनी ड्यूटी निभाएं। परिसर में ज्वलनशील पदार्थ तथा इलेक्ट्रानिक सामान जैसे मोबाइल आदि ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

एएसपी रितेश कुमार सिंह, अभिनव त्यागी, सीओ सदर अभिषेक प्रताप सिंह अजेय, कुंदन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित दो प्रधानाध्यापक निलंबित

जागरण संवाददाता, कसया : चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिना ठोस कारण बताए अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर कार्रवाई होने लगी है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कसया में चुनाव ड्यूटी के प्रति लापरवाह दो प्रधानाध्यापकों को निलंबित करते हुए बीईओ को इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

प्राथमिक विद्यालय निगापट्टी की प्रधानाध्यापिका निधि सिंह एवं प्राथमिक विद्यालय बिंदवलिया के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार यादव चुनाव प्रक्रिया के दौरान अनुपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन को अनुपस्थित होने का कोई ठोस कारण भी नहीं बताया है। न तो इन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया और न ही मतदान के दिन उपस्थित हुए। बीएसए डा. रामजियावन मौर्य ने इन दोनों शिक्षकों को निलंबित करके मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। बीईओ रीता गुप्ता ने बताया कि बेसिक शिक्षाधिकारी का आदेश प्राप्त हुआ है, संबंधित अध्यापकों के स्थान पर दूसरे शिक्षकों को संबद्ध कर दिया गया है। इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जा रही है।

# दो लोगों के विरुद्ध मारपीट व उत्पीड़न का मुकदमा

भैरोगंजः जटहां बाजार थाने के एकवनही गांव के ग्राम प्रधान के पुत्र ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध मारने-पीटने, जातिसूचक और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर दो के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया है।

ग्राम प्रधान के पुत्र उपेंद्र गौतम ने पुलिस को बताया कि रविवार को इरफान व विजय कुशवाहा उनके घर आए और मां के बारे में पूछने लगे। उन्हें बताया कि वह बाजार गईं हैं तो दोनों अपशब्दों और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चले गए। मां बाजार से आईं तो उनसे अपशब्दों का प्रयोग करने का कारण पूछा गया। इससे वह नाराज हो गए और मारपीट कर उसे और मां को घायल कर दिए।

# चोरी की दो बाइकों के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ शातिर लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। बरामद बाइकों की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस लिफ्टर के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि सोमवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक बाइक लिफ्टर चोरी की बाइक के साथ कहीं जाने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस खिरकिया से मनिकौरा के रास्ते पर घेराबंदी कर लिफ्टर के आने का इंतजार करने लगी। थोड़ी ही देर बाद एक युवक बाइक से आता दिखा। उसे रोकने के दौरान वह भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और कड़ाई से पूछताछ की।

**बरामद बाइकों की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही**

पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम दीपू भारती निवासी मनिकौरा कोतवाली पडरौना बताया। उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की दो बाइकों को बरामद किया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर सुशील कुमार शुक्ल, एसआई सचिन दिवाकर, कांस्टेबल शंखधर राय, नितीश यादव, आदर्श कुमार आदि शामिल रहे। संवाद

# कार से 21 पेटी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना।** सेवरही पुलिस ने सोमवार को एक कार से 21 पेटी देसी शराब की खेप को बरामद किया है। शराब लेकर बिहार जा रहे तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरामद शराब व कार की कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल दिया है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस टीमें वाहनों की सघन जांच कर रही है। संवाद

# सुबह छह से रात आठ बजे तक रूट डायवर्जन



पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को एसपी ने समझाई ड्यूटी। स्रोत-पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतगणना के लिए मंगलवार को शहर में सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक रुट डायर्वजन रहेगा। वहां मतगणना स्थल पर जाने वाले मतगणना कार्मिक, उम्मीदवार व उनके एजेंट और मीडिया से जुड़े लोगों के अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को बांसी से कसया की तरफ जाने वाले सभी कामर्शियल वाहन अम्बे चौक, स्टेशन मोड़, स्टेशन बाईपास, कठकुइयां मोड़, बड़ी नहर पडरौना होते हुए कसया की तरफ जा सकेंगे। बांसी से कप्तानगंज की तरफ जाने वाले सभी कामर्शियल वाहन अम्बे चौक, स्टेशन मोड़, स्टेशन बाईपास, कठकुइयां मोड़, बड़ी नहर पडरौना, मिश्रौली होते हुए कप्तानगंज की तरफ जाएंगे। खड्डा की तरफ से जाने वाले बड़ी नहर पडरौना, मिश्रौली, बावली चौक होते हुए खड्डा की तरफ से जा सकेंगे। उधर से आने वाले वाहन भी इन्ही रास्ते का प्रयोग करेंगे। प्रशासनिक अधिकारी और मतगणना में लगे कर्मियों के वाहनों और फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस को छोड़कर कोई भी वाहन जलकल से स्टेशन मोड़ की तरफ नही जाएगा। इस मार्ग पर सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक नो इंट्री जोन घोषित कर दिया गया है।

## मतगणना में बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई

**पडरौना।** पुलिस लाइन में एसपी ने पुलिस कर्मियों की ड्यूटी समझाई। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतगणना की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि ड्यूटी के दौरान अनुशासित रहें, ड्यूटी पर समय से पहुंचे। पहचान पत्र व ड्यूटी कार्ड साथ में रखें। चुनाव संबंधी अधिनियमों से भलीं-भांति अवगत होलें। मतगणना के दिन कोई भी चुनाव अभिकर्ता वैध परिचय पत्र के बिना सुरक्षा व्यवस्था के प्रथम घेरे को क्रॉस नहीं करेगा। इस दौरान एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी, एएसपी उत्तरी रितेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# युवक की मौत के मामले में तीन पर केस

पडरौना। शहर के रेलवे स्टेशन के पास सड़क निर्माण कार्य के दौरान मिक्सर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में ठेकेदार समेत तीन पर केस दर्ज किया है। पश्चिमी चंपारण जिले के पैकवलिया गांव निवासी महमूद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की शाम करीब पांच बजे चचेरा भाई 30 वर्षीय अलीअकबर उम्र 30 वर्ष पडरौना रेलवे स्टेशन के रास्ते से वह जा रहे थे। वहां रेलवे का काम चल रहा था तभी चालक अनिल मीक्सर मशीन से कुचल दिया। संवाद

# कौन है जनता का सरताज, फैसला आज

## सुबह छह बजे पहुंच जाएंगे कर्मचारी व अधिकारी, आठ बजे से शुरू हो जाएगी मतगणना, दस बजे आएगा पहला रुझान

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। इस चुनाव में किसके सिर जीत का ताज सजेगा और किसे शिकस्त मिलगी, इसकी घोषणा मंगलवार को हो जाएगी। एक जून से ईवीएम में बंद नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो जाएगा।

नगर के उदित नारायण इंटर कॉलेज और उदित नारायण पीजी कॉलेज में बने 14 मतगणना टेबल पर सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। प्रेक्षक और डीएम समेत सभी अधिकारी मतगण्ना पर नजर रखेंगे। उदित नारायण पीजी कॉलेज में देवरिया लोकसभा के दो विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना अलग से होगी। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

सुबह आठ बजे से मतगणना जैसे ही शुरू होगी, एक-एक कर चुनाव परिणाम के रुझान आते जाएंगे। चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने 14 टेबल लगाए हैं। मतगणना में किसी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए, इसलिए प्रत्येक काउंटर पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर एक सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात होंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए पांच टेबल और सर्विस वोटों की गिनती के लिए अलग से पांच टेबल लगे हैं।

कुशीनगर संसदीय क्षेत्र के खड्डा विधानसभा क्षेत्र में 56.44 फीसदी, कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में 56.90 फीसदी, पडरौना विधानसभा क्षेत्र में 58.03 फीसदी, रामकोला विधानसभा क्षेत्र में 56.16 फीसदी और हाटा विधानसभा क्षेत्र में 56.54 फीसदी समेत कुशीनगर संसदीय क्षेत्र में कुल 57.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। कुल 392 कार्मिक मतगणना करेंगे। दस प्रतिशत कार्मिक रिजर्व में रहेंगे। मतगणना में पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए पांच टेबल लगाए जाएंगे, जबकि तमकुहीराज और फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट गणना के लिए देवरिया भेज दिए जाएंगे।

**यह होगी पार्किंग व्यवस्था :** एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस कर्मी और उम्मीदवारों के एजेंटों के वाहनों के लिए जूनियर हाईस्कूल पडरौना के परिसर को पार्किंग स्थल बनाया गया है। मतगणना में लगे कर्मियों और पुलिस अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग उदित नरायण डिग्री कॉलेज के खेल परिसर और मतगणना में लगे वरिष्ठ अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग रेलवे मालगोदाम के पास खाली पड़े स्थान को पार्किंग स्थल बनाया गया है। मतगणना में लगे वरिष्ठ अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग-रेलवे स्टेशन के सामने की पार्किंग में वाहन खड़ी करेंगे, जबकि मतगणना सुनने आने वाले आमजनों के वाहनों की पार्किंग गृहस्थी के पास खाली बगीचे, ओंकार वाटिका के सामने बगीचे में पार्किंग बनाया गया है।



मतगणना की तैयारी कराते उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी पडरौना। संवाद



उदित नारायण इंटर कॉलेज में मतगणना की तैयारी में सड़क किनारे बैरिकेडिंग करते मजदूर। संवाद

*विधानसभा वार मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। पोस्टल बैलेट, इलेक्ट्रानिक पोस्टल बैलेट, वीपीपैड की स्लिप के लिए अलग-अलग काउंटर लगेंगे। प्रत्येक टेबल पर एक सुपरवाइजर, एक सहायक, एक माइक्रो ऑब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती की गई है। सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना होगी। वीडियोग्राफी भी होगी।* -उमेश मिश्र, डीएम कुशीनगर।

### जुलूस निकालने पर रहेगा प्रतिबंध

चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी प्रत्याशी जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने प्रतिबंध लगा रखा है। चुनाव परिणाम आने के बाद यदि विजयी प्रत्याशी की तरफ से शहर या अन्य स्थानों पर जुलूस निकाला गया तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सुबह छह बजे दर्ज होगी उपस्थिति

मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। इसके पहले बैलेट पेपर की गिनती होगी। मतगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह छह बजे तक पहुंचना अनिवार्य है। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे

### बंद रहेंगी शराब की दुकानें

मतगणाना के दौरान किसी तरह की अशांति न हो, इसलिए जिला प्रशासन ने मतगणना के दिन सभी देसी शराब, अंग्रेजी शराब, बीयर, ताड़ी आदि की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी।



# घर में चोरी करते समय पकड़ा गया किशोर

तमकुहीराज। एक घर में रविवार की रात चोरी करते आरोपी किशोर को परिजनों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोर को हिरासत में लेकर थाने चली गई। वहां विधिक कार्रवाई के बाद किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र नगर पंचायत निवासी सुल्तान घर में ही जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। रविवार रात दरवाजा खोलकर परिजन सो रहे थे। आधी रात एक किशोर वहां पहुंचा और घर में घुसकर नकदी समेत चांदी के आभूषण आदि लेकर निकल ही रहा था कि परिजनों की नींद खुल गई। परिजनों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।

सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने किशोर को थाने ले गई जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। इंस्पेक्टर तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया आरोपी किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। संवाद

# मारपीट में चार पर रिपोर्ट

हाटा। कोतवाली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी लालमती ने पुलिस को तहरीर दी है कि 26 मई को उनके घर के बगल में बरात आई थी। इस दौरान गांव के ही विवेक, आकाश, चंचल व सचिन ने बरात में गए उनके लड़के को बिना किसी बात के मारने-पीटने लगे। लोगों की सूचना पर जब वह गई तो आरोपियों ने अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# मतगणना के दौरान गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीजीपी

## कहा, कुछ लोग मतगणना स्थल पर जुटने की कर रहे अपील

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को लोकभवन में पत्रकारों से कहा कि कुछ ऐसे इनपुट मिले हैं, जिसमें कुछ लोग मतगणना स्थल पर भीड़ जुटाने की अपील कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर हमारी पैनी नजर है। वहीं अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक मतगणना केंद्रों की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थलों पर करीब सवा लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है।



अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मंगलवार को सात पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जिलों में कुल 81 स्थानों पर मतगणना होगी। किसी को भी विजय जुलूस निकालने की इजाजत नहीं होगी। मतगणना स्थलों की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। मीडिया गैलरी भी बनाई गयी है, जिसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों, अफवाहों की निगरानी सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जायेगा। महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जायेगी। मतगणना स्थल के आसपास ट्रैफिक जाम न लगे, इसके विशेष इंतजाम किये गये हैं। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन, एम्बुलेंस, चिकित्सा दल एवं अतिरिक्त क्यूआरटी के साथ रिजर्व टीमों की व्यवस्था की गयी है। विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर भी अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है। यूपी 112 के पीआरवी वाहन लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। वहीं भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त पीने के पानी, छाया आदि के प्रबंध सुनिश्चित किये गये हैं।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा के इंतजाम, सोशल मीडिया की गहन मॉनिटरिंग

### त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया

160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगार्ड, 145 कंपनी सीएपीएफ, 102 पीएसी कंपनी तैनात की गयी हैं। मतगणना केंद्रों की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके तहत प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जिला पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जिला पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गयी है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेरीलीज रखा गया है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# विवाहिता की हत्या में पति सहित तीन भेजे गए जेल

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव चकदह टोला आजाद नगर में विवाहिता की गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में फरार चल रहे विवाहिता के पति, सास और ससुर को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

परसामलिक थाना क्षेत्र के शीश महल टोला परसहवा निवासी निज़ामुद्दीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उसकी बेटी नाजिया की शादी चकदह टोला आजाद नगर के रहने वाले मोहम्मद नावेद के साथ हुई थी। वह लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। जिसकी वजह से उन लोगों ने उसकी बेटी नाजिया की हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवाहिता की गला कसने से नाजिया की मौत होने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने विवाहिता के पति, सास और ससुर सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। मृतका नाजिया के पति मोहम्मद नावेद, ससुर शमशेर और सास सोना उर्फ सोनवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# मारपीट में चार के खिलाफ केस दर्ज

**झनझनपुर/चौक बाजार।** चौक थाना क्षेत्र के मधुबनी में पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को देर शाम हुई मारपीट में पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मारपीट, जानमाल की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मधुबनी निवासी सावित्री देवी पत्नी गणेश ने पुरानी रंजिश में पति को लाठी डंडे से पीटने का आरोप पट्टीदारों पर लगाया था। तहरीर के आधार पर आरोपित पट्टू, शिवपूजन, अर्जुन और अमरनाथ के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# दो बाइक पर 15 बोरी खाद बरामद

**निचलौल।** एसएसबी शीतलापुर की टीम ने बार्डर पर सोमवार को दो बाइक पर लदा 15 बोरी यूरिया खाद बरामद किया। यूरिया लेकर तस्कर नेपाल की तरफ लेकर जा रहे थे। इस दौरान बाइक चलाने वाले युवक एसएसबी की टीम को देखकर भाग निकले। एसएसबी की टीम ने खाद लदी बाइक को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# बॉर्डर पर कास्मेटिक व टूथपेस्ट बरामद

कोल्हुई। कोल्हुई क्षेत्र स्थित बांसगांव के पास पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान भारी मात्रा में कास्मेटिक और टूथपेस्ट बरामद किया। रविवार की रात मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग भारतीय बाजार में खपाने के लिए कास्टमेटिक और टूथपेस्ट का स्टॉक जमा कर रहे हैं। इसी सूचना पर टीम ने कार्रवाई की।

इस दौरान नेपाल में बनी तीन पेटी फेयर एंड लवली क्रीम, चार पेटी पॉड्स पाउडर और आठ पेटी क्लोजप टूथपेस्ट बरामद हुआ। एसओ आनंद गुप्ता ने बताया कि मामले में कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में एसएसबी कमांडेंट सुबीर घोष की टीम मौजूद रही।

# कास्मेटिक सामान सहित दो गिरफ्तार

**खनुआ।** नौतनवा थाना क्षेत्र के भारत - नेपाल बॉर्डर के चंडीथान के पास सोमवार को एसएसबी 66वीं वाहिनी के जवानों ने दो आरोपितों को तस्करी के कास्मेटिक सामान के साथ पकड़ा। दोनों ऑटो में सामान लादकर बॉर्डर पार करने की कोशिश कर रहे थे। तभी जांच टीम ने उनको दबोच लिया।

मिली जानकारी के अनुसार चंडी थान के एसएसबी चौकी के असिस्टेंट कमांडेंट कार्तिकेय आर को मुखबिर से सूचना मिली कि चंडीथान के रास्ते दो व्यक्ति ऑटो पर तस्करी का सामान लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे हैं।

एसएसबी की गश्ती टीम के सहायक उप निरीक्षक रावरी पंचा भाई, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार वर्मा, लिगिल लाल टी और उद्धव खातानियर ने पिलर संख्या 527/17 से 100 मीटर की दूरी पर ऑटो रोककर तलाशी ली तो उसमें तस्करी का फेयर एंड लवली क्रीम11520 पीस और क्लोजप टूथपेस्ट 3168 पीस बरामद हुआ।

# ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या का दर्ज हुआ मुकदमा

जागरण संवाददाता, नौतनवा : थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धोतियहवा में रविवार को विवाहिता अंजली का शव फंदे से लटका मिला था। मामले में पिता हरिकेश यादव की तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने मृतका के पति समेत ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

मृतका अंजली के पिता हरिकेश यादव निवासी कम्हरिया खुर्द थाना फरेंदा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह नौतनवा थाना क्षेत्र निवासी गणेश के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुरालियों द्वारा उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारा-पीटा जाता था।

रविवार को सूचना मिली की उनकी बेटी का शव फंदे से लटकता हुआ मिला है। घटना के बाद उन्होंने थाने में तहरीर देकर बेटी के ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मृतका के पति गणेश, ससुर बेचन एवं उसकी मां व भाई नाम अज्ञात निवासी धोतियहवा के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा दहेज मृत्यु की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रहीहै।



स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात सीपीएमएफ।

# सबसे पहले फरेंदा विस की खत्म होगी मतों की गणना

**महराजगंज, निज संवाददाता।** मंगलवार को किस प्रत्याशी का मंगल होगा। इसकी घड़ी आ गई है। लोकसभा चुनाव में कलक्ट्रेट परिसर में बने मतगणना स्थल पर सबसे पहले फरेंदा विधानसभा की मतगणना पूरी होगी। इस विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 390 मतदान केन्द्र हैं। पनियरा व सदर विधानसभा में सबसे अधिक बूथ होने की वजह से अधिकतम 32 राउंड तक गणना चलेगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम में कैद वोटों की गणना 27 चक्र में पूरी होगी। नौतनवा में 28 और सिसवा में 31 चक्र में मतगणना होगी। महराजगंज व पनियरा विधानसभा के वोटों की गिनती 32-32 चक्र में पूरी होगी। हर चक्र की गणना के बाद एआरओ रिपोर्ट, रिटर्निंग अफसर के टेबल पर देंगे। वहां सभी पांच विधानसभाओं के सभी चक्र की गणना कंपाइल की जाएगी। उसके बाद लाउडस्पीकर से चक्रवार गणना में मिले वोटों की जानकारी दी जाएगी।

**कम्यूनिकेशन सेंटर से बाहर बात कर सकेंगे एजेंट व प्रत्याशी:** मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन प्रेक्षक, आरओ, एआरओ समेत कुछ अधिकारी ही लेकर जा सकेंगे। इसके अलावा मतगणना स्थल पर अन्य कोई कर्मी मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। मतगणना कार्मिक भी अपने पास मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। उनके मोबाइल को जमा करने के लिए बाहर इंतजाम किया गया है। प्रत्याशी या उनके एजेंट को कहीं बाहर बात करने की जरूरत होगी। तो वह कलक्ट्रेट परिसर में बने स्वीप कंट्रोल रूम के पब्लिक कम्यूनिकेशन सेंटर पर जाकर बात करेंगे। यहां निर्वाचन कार्यालय की ओर से बात करने के लिए व्यवस्था की गई है।

## दस टेबल पर ईटीपीबीएस की होगी स्कैनिंग

आरओ टेबल पर ईटीपीबीएस की स्कैनिंग के लिए दस टेबल लगाए गए हैं। इसी स्थान पर पोस्टल बैलेट की गणना के लिए नौ टेबल लगाए गए हैं। पोस्टल बैलेट से होमगार्ड जवान, पीआरडी, घर पर रहकर 85 प्लस आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के अलावा दिव्यांग मतदाताओं ने वोट दिया है। ईटीपीबीएस से मंगलवार सुबह आठ बजे तक आने वाले वोटों की गिनती की जाएगी।

“लोकसभा चुनाव में मतगणना की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी प्रत्याशी व एजेंटों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन कराया जाएगा। **- अनुनय झा,**
डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी

# तीन पर मारपीट का दर्ज हुआ मुकदमा

**नौतनवा।** नौतनवा थाना क्षेत्र के बेलभर गांव की मेराजूननिशा की शिकायत पर नौतनवां पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश को लेकर उसके पति और बेटे के साथ ही मारपीट और जानमाल की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

मतगणना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, कलक्ट्रेट में नहीं आ पाएंगे दोपहिया वाहन, जिले में धारा 144 लागू

# कड़ी सुरक्षा में आज आएगा चुनाव परिणाम

**लोकसभा चुनाव**

महराजगंज, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच कलक्ट्रेट में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। प्रत्याशी व एजेंट मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। कलक्ट्रेट परिसर में दो पहिया वाहन भी नहीं जा सकेंगे। जिले में धारा 144 लागू है। एक जगह पर पांच या पांच से अधिक लोगों के जमा होने पर कार्रवाई तय है। मतगणना के लिए आईं दूसरी प्रेक्षक तृप्ति श्रीवास्तव ने एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा के साथ मतगणना स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

उधर, कलक्ट्रेट सभागार में डीएम अनुनय झा ने मतगणना की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। दोपहर एक और दो बजे के बीच परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।



कलक्ट्रेट में डीएम अनुनय झा ने गणना की तैयारियों की जानकारी दी।

त्रिस्तरीय मतगणना की सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। प्रत्याशी व एजेंट के वाहनों के लिए एसपी आवास के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक प्रत्याशी के 86 एजेंट होंगे। सभी को फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किया गया है। अनाधिकृत प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी।

**पांच घंटे में खत्म होगी पोस्टल बैलेट की गणना:** डीएम अनुनय झा ने बताया कि सभी पांच विधानसभा में 14 टेबल पर गणना होगी। आरओ के टेबल पर पोस्टल बैलेट व ईटीपीबीएस की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना करीब पांच घंटे में खत्म होगी। ईटीपीबीएस को स्कैन करने के बाद गणना कराई जाएगी।

मतगणना स्थल पर मेडिकल कैंप के अलावा पेयजल व शरबत का भी इंतजाम रहेगा। तीन कंट्रोल रूम बनाया गया है। सी-विजिल कंट्रोल रूम में मीडिया कम्यूनिकेशन का इंतजाम रहेगा। मीडिया कर्मी यहां तक अपने मोबाइल ले जा सकेंगे।



प्रेक्षक तृप्ति श्रीवास्तव को एडीएम डॉ. पंकज कुमार ने कलक्ट्रेट परिसर में मतगणना की तैयारियों से कराया अवगत।

**छह बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम:** डीएम अनुनय झा ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से स्ट्रांग रूम सुबह छह बजे खोला जाएगा। सबसे पहले फरेंदा उसके बाद नौतनवा, सिसवा, महराजगंज व पनियरा विधानसभा का स्ट्रांग रूम खुलेगा। सभी मतगणना टेबल पर एक एमटीएस तैनात किया गया है। एमटीएस को एक जैकेट दिया जाएगा। जिस पर विधानसभा का नाम अंकित होगा। एमटीएस ही स्ट्रांग रूम से ईवीएम को निकाल मतगणना टेबल पर लाएगा। डीएम ने बताया कि एक चक्र की गणना सभी विधानसभाओं में पूरी होने के बाद दूसरे चक्र की गणना शुरू होगी।

**चार बैरियर पर जांच के बाद प्रवेश पा सकेंगे एजेंट:** एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि मतगणना के लिए सीपीएमएफ, पीएसी के अलावा जिले की पुलिस तैनात की गई है। सोमवार की शाम चार बजे सुरक्षा कर्मियों को ड्यूटी की जानकारी दी गई। मतगणना स्थल पर छह राजपत्रित अधिकारी तैनात रहेंगे। इसमें चार सीओ के अलावा सीएफओ व जिला कमांडेंट होमगार्ड्स शामिल हैं। 29 इंस्पेक्टर, 185 एसआई, 750 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 100 महिला आरक्षी, एक कंपनी एक प्लाटून सीपीएमएफ, 13 ट्रैफिक एसआई, 72 ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। चार बैरियर लगाए गए हैं। कलक्ट्रेट में शाहूजी की मूर्ति के आगे वाहन फ्री जोन रहेगा। दो पहिया वाहनों के भी आने की इजाजत नहीं होगी।

## मारपीट में दो का चालान

मिठौरा। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा भागाटार स्थित प्राथमिक विद्यालय पर एक जून को वोट डालने को लेकर दो पक्षों में हुई थी। सोमवार को मारपीट के मामले में सिंदुरिया थाने की पुलिस ने वर्तमान प्रधान पुत्र और ग्राम सभा निवासी व्यक्ति का चालान कर दिया। चौकी प्रभारी मिठौरा राम चरण सरोज ने बताया वोट डालने को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों से शिकायती पत्र मिलने पर दीपक कन्नौजिया और राहुल कन्नौजिया निवासी भागाटार को चालान कर दिया गया। संवाद

## मारपीट में तीन लोगों पर केस दर्ज

निचलौल। थाना क्षेत्र के खोन्हौली गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मामले में पुलिस ने सोमवार को पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा की आरोपी जयसिंह, आशीष समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# दूसरे दिन भी स्ट्रांग रूम की रही कड़ी सुरक्षा

जागरण संवाददाता, महराजगंज: कलेक्ट्रेट के स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा घेरे में रही। स्ट्रांग रूम पर अर्धसैनिक का पहरा हैं। दूसरी ओर सुरक्षा के मद्देनजर राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों के एजेंट भी कलेक्ट्रेट में जमे हुए हैं।

नौतनवा विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम कलेक्ट्रेट के पश्चिम हाल, सिसवा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम ट्रेजरी के उत्तरी हाल, महराजगंज विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम कलेक्ट्रेट के पूर्वी हाल तथा पनियरा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम ट्रेजरी के पूर्वी हाल में त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखे गए है। स्ट्रांग रूम के चारों ओर अर्ध सैनिक बलों का पहरा है।

इसके आस-पास किसी को जाने की अनुमति नहीं दी गई है। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर कैमरे भी लगाए गए हैं। बिना अनुमति किसी का भी स्ट्रांग रूम के आस-पास जाना प्रतिबंधित है।

# मतगणना को लेकर आज लागू रहेगा रूट डायवर्जन

- पुलिस ने यातायात प्रबंधन को लेकर की विशेष तैयारी
- जिला मुख्यालय आने वाले छह मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन

जागरण संवाददाता, महराजगंज : लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस ने यातायात प्रबंधन को लेकर विशेष तैयारी की है। जिला मुख्यालय की ओर आने वाले कुल छह मार्गों पर सुबह पांच बजे से लेकर सायं पांच बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है। हालांकि अपातकालीन सेवाओं में एंबुलेंस आने जाने की अनुमति होगी। यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सिसवा-घुघली से फरेंदा की तरफ जाने वाले वाहन शिकारपुर परतावल पनियरा, कैम्पियरगंज होकर फरेंदा जाएंगे। निचलौल से फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाने वाले वाहन सिंदुरिया से शिकारपुर, परतावल होते हुए जाएंगे। चौक रोड से आने वाले वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह झनझनपुर से सिंदुरिया शिकारपुर, परतावल होकर जाएंगे। फरेंदा की ओर से आने वाले वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया, शिकारपुर जाना हो वह वाहन कैम्पियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे। कप्तानगंज से आने वाले वाहन परतावल होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। मतदान में प्रतिभाग करने वाले वाहनों के अलावा गोरखपुर की ओर से आने वाले वाहनों का परतावल से ही रूट डायवर्जन किया गया है। मतगणना को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और शहर में जाम की स्थिति पैदा न हो इसके लिए यह रुट डायवर्जन किया गया है।



पुलिस आफिस में सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते एसपी सोमेंद्र मीना • जागरण

# निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना के लिए सतर्क करें अधिकारी

जागरण संवाददाता, महराजगंजः मतगणना की सुरक्षा को लेकर सोमवार को पुलिस आफिस पर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने अपर पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में मतगणना की कार्रवाई पूर्ण की जाएगी। इसके लिए जरूरी है, कि ड्यूटी के प्रति प्रत्येक पुलिसकर्मी सतर्क रहें और अपने कर्तव्यों का पालन करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में मतगणना को सकुशल एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध करते हुए बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एजेंट हों या फिर कार्मिक बिना जांच प्रवेश की अनुमति नहीं

- तीन भागों में बांटकर बनाया गया है सुरक्षा घेरा, तीन शिफ्ट में लगाई गई है ड्यूटी
- पीएसी और पैरामिलिट्री के साथ सुरक्षा में तैनात किए गए हैं एक हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी

जागरण संवाददाता, महराजगंज: लोकसभा चुनाव को लेकर होने वाली मतगणना में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर को सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल तीन भागों में विभाजित करते हुए तीन शिफ्ट में एक हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें एक कंपनी पीएसी के साथ ही साथ पैरामिलिट्री भी तैनात होंगे, मतगणना स्थल पर पहुंचने वाले एजेंट हो या फिर अन्य कार्मिक बिना जांच के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

कलेक्ट्रेट परिसर को कुल तीन भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम आइसोलेशन कार्डन (मतगणना स्थल की व्यवस्था), दूसरा इनर कार्डन (कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर की व्यवस्था) तथा चौथा आउटर कार्डन (कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर की व्यवस्था) है। आउटर कार्डन से इनर कार्डन में आने पर कुल चार बैरियर लगाए गए हैं। जिसमें प्रथम बैरियर चिल्ड्रेन पार्क मोड़, छत्रपति शाहूजी महराज मोड़, जिलाधिकारी आवास मोड़ तिराहा और तहसील मोड़ पर कुल चार स्थानों पर बैरियर की व्यवस्था की गई है। इन सभी बैरियर पर पीएसी के साथ ही साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहेंगे।

इसके अलावा सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह को पूरे कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है, वहीं छह राजपत्रित अधिकारियों में चार सीओ, एक मुख्य अग्निशमन अधिकारी और होमगार्ड कमांडेंट की ड्यूटी लगी है। इसके अलावा कुल 29 निरीक्षक, 185 उपनिरीक्षक, 750 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, 100 महिला टआरक्षी, एक कंपनी और एक प्लाटून पैरामिलिट्री फोर्स और एक कंपनी पीएसी के अलावा यातायात व्यवस्था के लिए कुल 13 उपनिरीक्षक और 72 आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा दो पुलिस की पार्टी रिजर्व में भी रहेगी, जो किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना पर रिपोर्ट करते हुए स्थिति को संभालने का कार्य करेंगे।

> मतगणना की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को तीन भागों में विभक्त करते हुए सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। समर्थकों को बाहर ही रोक दिया जाएगा, जो एजेंट व प्रत्याशी अंदर आएंगे उनकी भी जांच होगी। इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं।
>
> सोमेंद्र मीना, पुलिस अधीक्षक

# दहेज हत्या की धारा में वांछित महिला समेत तीन को जेल

जागरण संवाददाता, नौतनवा : पुलिस ने सोमवार की सुबह 9 बजे नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर स्थित नहर के पास से दहेज हत्या में वांछित एक महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया मो. नावेद, शमशेर एवं सोना उर्फ सोनवा निवासी ग्राम चकदह टोला आजाद नगर के विरूद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार की सुबह नौ बजे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर क्षेत्र के रतनपुर में स्थित नहर के पास से उक्त तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के बाद हिरासत में लिए गए आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सीमावर्ती क्षेत्र में चल रहा स्क्रैप का धंधा

- कई स्थानों पर भंडारित हो रहा नेपाल से लाया गया कबाड़
- कबाड़ की दुकान में मिली थी चरस की खेप

जागरण संवाददाता, नौतनवा : नेपाल सीमा सटे भारतीय गांव व कस्बों में कबाड़ (स्क्रैप) का अवैध धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सोनौली व नौतनवा कस्बों में कबाड़ के दर्जनों गोदाम बनाएं गए हैं। जहां नेपाल से तस्करी के माध्यम से लाए गए लोहे, प्लास्टिक और अन्य कबाड के सामान डंप किए जा रहे हैं।

बीते कुछ माह पहले श्याम काट गांव के पास कबाड़ की दुकान में चरस की बड़ी खेप भी पकड़ी जा चुकी है, बावजूद कबाड़ की तस्करी जारी है। तस्करी कर नेपाल से लाई गई स्क्रैप को एकत्र कर नौतनवा, कोल्हुई , गोरखपुर व कानपुर जैसे शहरों तक भेजी जा रही हैं। बीते दिनों सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव में एसएसबी व पुलिस ने दर्जनों बार तस्करी के अवैध स्क्रैप की बरामदगी हुई है। नौतनवा बाईपास पर तीन बार तस्करी के स्क्रैप लदे कंटेनर पकड़े जा चुके है।

बावजूद इसके स्क्रैप तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोनौली कस्बा, कुनसेरवा बाईपास, भगवानपुर, सेमरातर, हरदीडाली , सुंडी, शेखफरेंदा के रजियाघाट, जारा व चंडीथान आदि सीमा सटे गांव में दर्जनों स्क्रैप की दुकानें खोली हैं। जिन पर नेपाल से लाया गया कबाड़ भंडारित किया जा रहा है। जहां से कबाड़ को पिकअप व ट्रक पर लाद कर कोल्हुई की एक रजिस्टर्ड दुकान पर भेजा जा रहा है। कबाड़ (स्क्रैप) के इस पूरे खेल में राजस्व को प्रतिमाह करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि नौतनवा व सोनौली क्षेत्र में कबाड़ (स्क्रैप) की कोई पंजीकृत दुकानों की कोई जानकारी नहीं है। अगर बिना वैध कागजात के कोई कबाड़(स्क्रैप) भंडारण हो रहा है। तो उसके विरुद्ध छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

यह और अन्य खबरें देखें–
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# सुबह पांच से शाम पांच बजे तक कलक्ट्रेट की ओर नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

**प्रमुख चौराहों पर तैनात रहेगी यातायात पुलिस, तीन स्थानों पर होगी वाहनों की पार्किंग, आवागमन बहाल रखने के लिए यातायात पुलिस करेगी पेट्रोलिंग**

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। मतगणना को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर में मंगलवार को डायवर्जन कर दिया गया है। मुख्य रोड के अलावा कलक्ट्रेट की ओर भारी वाहन नहीं जा सकेंगे। कलक्ट्रेट मोड़ से लेकर शहर में प्रमुख स्थानों पर यातायात पुलिस तैनात रहेगी। पार्किंग के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। सुबह पांच से शाम पांच बजे तक डायवर्जन रहेगा।

शहर में वाहन से जाने वाले सचेत रहें। चुनाव परिणाम जानने के लिए जिले में दूर दराज से अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ता और समर्थक आएंगे। उनके वाहनों की पार्किंग के लिए महिला अस्पताल के सामने व्यवस्था रहेगी। वहीं मतगणना कर्मियों और पुलिस के लिए कलक्ट्रेट परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई। मीडिया कर्मियों के वाहन तहसील के पास खड़े होंगे। साहू जी महराज की मूर्ति से आगे जाने के लिए पास की जरूरत होगी। अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा।

यातायात प्रभारी अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि डायवर्जन के दौरान यातायात पुलिस शहर में भ्रमण करती रहेगी। आवागमन को बहाल रखने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। मुख्य मार्ग के किनारे वाहन नहीं खड़ा करने के लिए चेतावनी दी गई है। यातायात पुलिस शहर में भ्रमण कर निगरानी करती रहेगी।



कलक्ट्रेट परिसर में मतगणना को लेकर बैरिकेडिंग करता मजदूर। संवाद

### छत्रपति शाहूजी महाराज गोल चक्कर से कलक्ट्रेट तक नो व्हीकल जोन घोषित

महराजगंज। जिलाधिकारी अनुनय कुमार झा ने बताया मतगणना संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। छत्रपति शाहूजी महाराज गोल चक्कर से कलक्ट्रेट तक के मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। सभी मुख्य द्वारों पर जांच की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा 315 फरेंदा और विधानसभा 317–सिसवा के लिए गेट संख्या एक से प्रवेश दिया जाएगा। 319–पनियरा के लिए गेट संख्या दो, 318 महराजगंज के लिए गेट संख्या चार और 316–नौतनवा के लिए गेट संख्या पांच से प्रवेश दिया जाएगा। तीन कम्युनिकेशन सेंटर भी स्थापित किए गए हैं। प्रथम सेंटर चुनाव आयोग एवं सामान्यजन से प्राप्त शिकायतों के लिए स्थापित किया गया है। दूसरा सेंटर मीडिया कम्युनिकेशन सेंटर है और तीसरा पब्लिक कम्युनिकेशन सेंटर है, जिससे अभिकर्ता आदि फोन कर सकते हैं। विधानसभा में मतगणना 27 राउंड में, नौतनवा में 28 राउंड में, सिसवा में 31 राउंड में और पनियरा व महराजगंज में 32–32 राउंड में पूर्ण हो जाएगी। संवाद

### इधर से गुजरेंगे बाहर से आने वाले वाहन

- सिसवा घुघुली के तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा के तरफ जाना हो वह वाहन शिकारपुर परतावल पनियरा, कैंपियरगंज होकर फरेंदा जाएंगे।
- निचलौल की तरफ से आने वाले भारी वाहन, कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह सिंदुरिया से शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे।
- चौक रोड से आने वाले सभी भारी और कामर्शियल वाहन जिनको फरेंदा, गोरखपुर रोड की ओर जाना हो वह श्यामदेउरवा से सिंदुरिया शिकारपुर परतावल होकर जाएंगे।
- फरेंदा की ओर से आने वाले सभी भारी और कामर्शियल वाहन जिनको निचलौल, चौक, सिंदुरिया शिकारपुर जाना हो वह वाहन कैंपियरगंज, पनियरा, परतावल, शिकारपुर, सिंदुरिया होकर जाएंगे।
- कुशीनगर, कप्तानगंज से आने वाले वाहन परतावल होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- गोरखपुर की तरफ आने वाले सभी भारी और कामर्शियल वाहन को परतावल बाजार से ही डायवर्जन किए जाएंगे।

# मतगणना के दौरान गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीजीपी

## कहा, कुछ लोग मतगणना स्थल पर जुटने की कर रहे अपील

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को लोकभवन में पत्रकारों से कहा कि कुछ ऐसे इनपुट मिले हैं, जिसमें कुछ लोग मतगणना स्थल पर भीड़ जुटाने की अपील कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर हमारी पैनी नजर है। वहीं अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक मतगणना केंद्रों की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थलों पर करीब सवा लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है।



अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मंगलवार को सात पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जिलों में कुल 81 स्थानों पर मतगणना होगी। किसी को भी विजय जुलूस निकालने की इजाजत नहीं होगी। मतगणना स्थलों की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। मीडिया गैलरी भी बनाई गयी है, जिसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों, अफवाहों की निगरानी सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जायेगा। महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जायेगी। मतगणना स्थल के आसपास ट्रैफिक जाम न लगे, इसके विशेष इंतजाम किये गये हैं। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन, एम्बुलेंस, चिकित्सा दल एवं अतिरिक्त क्यूआरटी के साथ रिजर्व टीमों की व्यवस्था की गयी है। विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर भी अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है। यूपी 112 के पीआरवी वाहन लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। वहीं भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त पीने के पानी, छाया आदि के प्रबंध सुनिश्चित किये गये हैं।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा के इंतजाम, सोशल मीडिया की गहन मॉनिटरिंग

### त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया

160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगार्ड, 145 कंपनी सीएपीएफ, 102 पीएसी कंपनी तैनात की गयी हैं। मतगणना केंद्रों की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके तहत प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जिला पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जिला पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गयी है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेरीलीज रखा गया है।

# भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**खुटहां बाजार।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सराय खुटहा में हिस्सा बंटवारे को लेकर सोमवार को दिन में दो बजे के करीब एक पक्ष दूसरे पक्ष के पशुशाला में सरसों और मक्का का डंठल रखकर अतिक्रमण करने लगा, जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी होते-होते मारपीट हो गई और ईंट-पत्थर चलने लगे। जिसमें गायत्री, सोनू, मोनू और टोनू और दूसरे पक्ष से कबूतरा देवी और रामसकल घायल हो गए। सदर कोतवाल राहुल शुक्ल ने बताया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**मिठौरा।** चौक थानाक्षेत्र के ग्राम सभा मधुबनी निवासी सावित्री ने पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। सावित्री देवी की तहरीर की अनुसार एक जून को समय करीब 7.00 बजे शाम को बैठे थे, तबतक मेरे पटीदार आये और हम लोगों को मारने पीटने लगे। थाना प्रभारी चौक प्रशांत पाठक के अनुसार पिंटू, शिवपूजन, अर्जुन, अमरनाथ निवासी मधुबनी के खिलाफ मारपीट साहित अन्य धाराओं मे केस दर्ज कर हुआ है। संवाद

# मतगणना को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हुईं अलर्ट

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। एसएसबी, यूपी पुलिस व नेपाल पुलिस संयुक्त रूप से बार्डर पर चेकिंग करते हुए पगडंडी के रास्ते आने-जाने लोगों के साथ वाहनों की सघन तलाशी के बाद भेजा जा रहा है।

एसएसबी के इंस्पेक्टर उत्तम सिंह व खनुआ चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को भारत-नेपाल की पगडंडी सीमा पर गश्त किया। वाहनों और राहगीरों की तलाशी लेने के बाद उन्हें आगे जाने दिया। कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि मतगणना को लेकर सतर्कता तेज कर दी गई है। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। संदिग्धों की तलाशी के बाद सीमा में प्रवेश की इजाज दी जा रही है। जांच टीम में एसएसबी के एसआई नरायन सिंह, अर्जुन कुमार, कांस्टेबल सुरेश सिंह, अक्षय कुमार और धमेंद्र यादव सहित कई जवान शामिल रहे।



सोमवार को इंडो-नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 526/21 पर गश्त करती टीम।

# पति समेत चार पर दहेज हत्या का केस

**नौतनवा।** थाना क्षेत्र के गांव धोतिअहवा में रविवार को संदिग्ध हालत में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने पिता हरिकेश यादव की तहरीर पर पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, हत्या व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव धोतिअहवा में घर के अंदर एक महिला का शव पंखे से लटका मिला था। मृतका के पिता हरिकेश यादव निवासी कम्हरिया खुर्द थाना फरेंदा ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति गणेश उर्फ शेषमन, ससुर बेचन, सास, देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, हत्या करने की धारा में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# दहेज उत्पीड़न और हत्या के आरोपी पति, सास, ससुर को जेल

**नौतनवा।** गांव चकदह टोला आजाद नगर में विवाहिता की मौत मामले में आरोपी पति, सास और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया।

नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव चकदह टोला आजाद नगर निवासी नाजिया (22) पत्नी मोहम्मद नावेद की 14 मई को घर में संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पिता निजामुद्दीन निवासी सिसवानिया उर्फ शीशमहल टोला परसहवा थाना परसा मलिक ने तहरीर देकर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या करने का आरोप लगाया था।

सोमवार को पुलिस ने रतनपुर नहर से पति मोहम्मद नावेद, ससुर शमशेर, सास सोनवा उर्फ लंगड़ी, जेठ जुनेद, जेठान हसीना, ननद शहीमुन, जेठ जावेद को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# टेंपो पर लदा कॉस्मेटिक सामान बरामद, दो पकड़े



भारत-नेपाल सीमा से कॉस्मेटिक सामान के साथ पकड़े गए आरोपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**खनुआ/कोल्हुई।** सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी चंडीथान के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 527/17 के पास से नेपाल निर्मित कॉस्मेटिक सामान बरामद कर दो आरोपी को पकड़कर कस्टम को सौंप दिया है।

असिस्टेंट कमांडेंट कार्तिकियान आर ने बताया कि फेस क्रीम 20 बाक्स में 11520 पीस, टूथपेस्ट 24 बाक्स में 3168 पीस, एक टैंपो से बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपी अपना नाम मोनू मद्धेशिया और राहुल निवासी एकमा लक्ष्मीपुर बताया।

इधर, कोल्हुई थाना क्षेत्र के इंडो-नेपाल बार्डर के बांसगांव से पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में कॉस्मेटिक और टूथपेस्ट बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि बांसगांव के बगल में कुछ तस्कर रात में कास्मेटिक और टूथपेस्ट डंप कर रहे हैं, जो भारतीय बाजारों में सप्लाई की जाएगी।

सूचना पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर नेपाल निर्मित तीन पेटी क्रीम, चार पेटी पाउडर व आठ पेटी टूथपेस्ट बरामद हुआ। थानाध्यक्ष कोल्हुई आनंद गुप्ता ने बताया कि मामले में कस्टम एक्ट के तहत करवाई की जा रही है।

# आने जाने वाले लोगों की जांच



जांच करते जवान। संवाद

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी बीओपी हरदीडाली के इंस्पेक्टर उत्तम सिंह और खनुआ चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता व नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम ने गश्त की। हर आने जाने वाले लोगों की जांच की गई।

सोमवार को पगडंडियों पर गश्त करते हुए संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की गई। इस दौरान एएसआई नरायन सिंह, रमन कुमार, जय चंद्र, प्रिंस कुमार, मनी प्रसाद मौजूद रहे। संवाद




कलक्ट्रेट परिसर में ईवीएम की रखवाली करते सुरक्षा कर्मी। संवाद

## कलक्ट्रेट परिसर में ऐसे होगी मतगणना

- प्रति विधानसभा 14 टेबल और कुल 70 टेबल ईवीएम की गणना होगी
- प्रत्येक विधानसभा पर पांच पार्टियां रिजर्व में होंगी
- पोस्टल बैलेट की गणना के लिए नौ टेबल होंगे।
- प्रत्येक टेबल पर एक सुपरवाइजर, दो मतगणना सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेगा।
- ईटीपीबीएस की गणनाक के लिए 10 टेबल होंगे।
- एक सुपरवाइजर और एक मतगणना सहायक रहेगा।
- नौ एआरओ और विधानसभा के पांच एआरओ मतगणना संपन्न कराएंगे।

## आयोग के नियमों की दी गई जानकारी

**महराजगंज।** मतगणना को देखते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की ब्रीफिंग पुलिस लाइन में की गई। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन से अवगत कराया गया। एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध करते हुए भारी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। इसके अतिरिक्त पीएसी व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भी ड्यूटी विभिन्न प्रकार के बैरियर, मतगणना स्थल के मुख्य द्वार, अन्य द्वार, इनर कार्डन, आउटर कार्डन, प्रवेश द्वार आदि जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# निष्पक्ष जनादेश के लिये मौजूद रहेंगे भाकियू पदाधिकारी

**बस्ती (एसएनबी)।** मतगणना के दौरान गणना स्थल से निर्धारित दूरी पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे जिससे निष्पक्ष रूप से मतगणना हो और कोई मनमानी न होने पाये। भाकियू के प्रदेश सचिव एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मुण्डेरवा के निर्वतमान अध्यक्ष दिवान चन्द पटेल ने बताया कि उन्हें पूरा भरोसा है कि जिला निर्वाचन अधिकारी चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप मतगणना करायेंगे। यदि इस प्रक्रिया में किसी ने बाधा उत्पन्न किया तो भाकियू चुप नहीं बैठेगी और नियमानुसार प्रतिवाद करेगी।भाकियू नेता दिवान चन्द पटेल ने कहा कि जिस प्रकार से शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान हुआ उसी प्रकार से मतगणना हो इस दिशा में भाकियू का सहयोग बना रहेगा जिससे निष्पक्ष परिणाम सामने आये। बताया कि भाकियू के 14 ब्लाकों, तहसीलों और जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मतगणना स्थल से निर्धारित दूरी पर रहेंगे जिससे उन्हें पल-पल के परिणामों की खबर मिल सके। वे अपनी नजर बनाये रखेंगे।

# दो पक्षों में मारपीट, चार पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दो पक्षो में दीवाल पर चढ़ने की बात कोलेकर मारपीट हो गयी। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों को नामजद किया गया है।मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के परसा हज्जाम की रहने वाली श्रीपति देवी पत्नी सुखराम ने पुलिस को बताया कि उनके पट्टीदार मुन्नीलाल की लड़की की शादी थी। शादी में तमाम रिश्तेदार आये थे। श्रीपति देवी व मुन्नीलाल के घर के बीच में गली है। बच्चे दीवाल पर चढ़कर उछल कू दकर रहे थे। जिसे पीड़ित पक्ष वालो ने मना किया। इस बीच मुन्नीलाल के घर वालो नेविवाद शुरू कर दिया और गालियां देते हुए वादिनी को मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये पीड़ित की लड़की सुनीता व रीता को मारा पीटा तथा रीता का मोबाइल भी तोड़ दिया गया। जाते-जाते जानमाल की धमकी भी दी गयी। इस मामले में पीड़ित की शिकायत परमुन्नीलालपुत्र अज्ञात,तारामती पत्नी मुन्नीलाल निवासी परसा हज्जाम थाना मुंडेरवा, मुन्नीलाल के साढू चन्द्रप्रकाश पुत्र श्रीराम व दयाराम पुत्र श्रीराम निवासी छपिया थाना दुधारा संतकबीरनगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने नगरा बौड़िहार गांव में मूकबधिर लड़के सूरज को मारनेपीटने के मामले में घायल सूरज की मां माया पत्नी रवीन्द्र की शिकायत पर विशाल पुत्र हरिशंकर , प्रीती पुत्री हरिशंकर, विशाल की मां नाम व पता अज्ञात, हरिशंकर पुत्र अज्ञात के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट के मामले में मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के सुअरहा कला व माधोपुर गांव में मारपीट के एक मामले कोलेकर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। लालगंज थाना क्षेत्र केसुअरहा कला की रहने वाली खुशबू पुत्री ध्रु वचन्द्र ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश कोलेकर वादिनी तथा वादिनी खुशबू के बहन सुमन व साधना कोमारा पीटा गया व जानमाल की धमकी भी दी गयी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अर्चना पुत्री राधेश्याम, सजनी पत्नी शिवा, शिवा पुत्र राधेश्याम निवासी सुअरहा कला के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में लालगंज थाना क्षेत्र के माधोपुर में भी बच्चों के हुए विवाद के दौरान मारपीट हुईऔर कुछ लोगो ने एक युवक को घर में घुसकर पीट दिया और उसकी पत्नी को भी मारा पीटा गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपी शिवम उर्फ रीनूपुत्र चन्द्रबली, अशोक पुत्र चन्द्रबली तथा गीता पत्नी शिवम उर्फ रीनू निवासी माधोपुर के विरुद्ध धारा 323, 427, 452, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मामूली बात पर मारपीट, तीन पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** रुधौली थाना क्षेत्र के बखरियां गांव में बच्चों के विवाद कोलेकर दो पक्ष आमने सामने हो गये। तू-तूमैं-मैं के बाद मामला मारपीट तक जा पहुंचा। मामले में एक पक्ष की शिकायत पर रुधौली पुलिस ने तीन लोगों को नामजद किया है। रुधौली थाना क्षेत्र के बखरियां गांव की रहनेवाली नूरजहां पत्नी अब्दुल खालिक ने पुलिस को बताया कि आपसी विवाद कोलेकर बच्चो में कुछ कहासुनी हो गयी। इस बात कोलेकर दूसरे पक्ष केलोग आये और गालियां देते हुए मारने पीटनेलगे। नूरजहां पत्नी अब्दुल खालिक की शिकायत पर आरोपी मोहम्मद असलम पुत्र अब्दुल हक, मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद असलम व ईदू निवासी बखरिया थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विवाहिता को किया परेशान, चार पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज केलिए विवाहिता कोमारने पीटने व तरह-तरह से प्रताड़ित करनेके मामले में महिला पुलिस ने चार ससु रालियों के विरुद्ध मारपीट के साथ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्जकिया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र की रहनेवाली एक विवाहिता का विवाह नगर थाना क्षेत्र के भुअर सराय निवासी मोहम्मद उमर के बेटे अरमान अली के साथ हुआ था। विवाह मेंचार पहिया गाड़ी की मांग कोलेकर विवाहिता को आये दिन प्रताड़ित किया जाता था। प्रताडना सेतंग विवाहिता ने आपबीती पुलिस को सुनाया तो चार ससुरालियों के विरुद्ध नामजद शिकायत की गयी। शिकायत के आधार पर महिला पुलिस ने पति अरमान अली, ससुर मोहम्मद उमर,सास अशरुन्निशा,देवर मोहम्मद अकरम निवासी भुअर सराय के विरुद्ध धारा 498ए, 323,504 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# लोस चुनाव: प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

सुबह कर्मियों व मतगणना अभिकर्ताओं को अलग-अलग गेट से मिलेगी एन्ट्री









पुरानी बस्ती थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी। • हिन्दुस्तान

# आधी रात को निरीक्षण करने थाने पहुंचे एएसपी

बस्ती। एएसपी ओपी सिंह ने रविवार की मध्यरात्रि पुरानी बस्ती थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मेस, मालखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय, बैरक, महिला हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था जांची। परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख-रखाव के लिए निर्देश दिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की। सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से मतगणना सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रुधौली, थानेदार महेश सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध बोरी मिलने से हड़कंप, कूड़ा-कचरा था

कप्तानगंज, बस्ती। कप्तानगंज टिनिच मार्ग पर एकटेकवा पुल के नीचे बोरी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस कई घंटे तक हलकान रही। जांच पड़ताल के बाद जब बोरी को बाहर निकाला गया तो उसमें कूड़ा भरा हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

सोमवार की शाम को ग्राम प्रधान एकटेकवा गम्मे चौहान ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया कि पुल के नीचे बोरी में भरकर कुछ फेंका गया है। जो संदिग्ध लग रहा है। मौके पर भीड़ भी है। कुछ लोगों ने यह जानकारी दी कि उसमें किसी ने हत्या कर शव को फेंक दिया है। तत्काल चौकी प्रभारी दुबौला सभाजीत मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से बोरी को पुल के नीचे से बाहर निकलवाया। जब उसे खोला गया तो उसमें कूड़ा भरा हुआ मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर जुट गए। सबके मन में इस बात की उत्सुकता थी कि आखिर बोरी में क्या भरा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर गई थी। बोरी से कूड़ा मिला है।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

बस्ती। नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मारपीट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। नगर के बढ़नी निवासी ओमप्रकाश मिश्र का आरोप है कि विपक्षियों ने एक राय होकर उनकी पत्नी, बेटी प्रीति मिश्रा, सुनीता को अपशब्द कहा। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। जान से मारने के लिए चाकू लेकर दौड़ा लेना।

पुलिस ने इसी गांव के बिल्लू पांडेय, अकलू पांडेय, रागिनी मिश्रा, अजय कुमार मिश्र के अलावा उमेश कुमार दुबे के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया है।

# तैयारी पूरी, एसएसबी व पीएसी के जवानों की मौजूदगी में होगी मतगणना

## छह सीओ, 187 निरीक्षक, उपनिरीक्षक,700 आरक्षी लगाए गए, मतगणना स्थल पर एडीजी, कमिश्नर, आइजी,डीएम व एसपी ने की ब्रीफिंग

जागरण संवाददाता, बस्ती: मतगणना को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल पर पुलिस के साथ ही एसएसबी और पीएसी के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहेंगे।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डा.के.एस प्रताप कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र रामकृष्ण भारद्वाज, जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी की मौजूदगी में मतगणना में लगाए गए सुरक्षा कर्मियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया।





मतगणना स्थल की व्यवस्था जांचते एडीजी जोन डा.के.एस प्रताप कुमार, साथ में कमिश्नर अखिलेश सिंह व आइजी रामकृष्ण भारद्वाज व दूसरे ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश देते एडीजी जोन डा.के.एस प्रताप कुमार • जागरण

लोकसभा चुनाव के बाद नवीन मंडी स्थल में होने वाली मतगणना को निष्पक्ष व शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए मतगणना ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफ किया गया। इसके बाद एडीजी जोन ने अधिकारियों के साथ मतगणना की व्यवस्था जांची। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मतगणना ड्यूटी के लिए छह सीओ, 187 निरीक्षक, उप निरीक्षक के अलावा 700 मुख्य आरक्षी, आरक्षी लगाए गए हैं। इसके अलावा दो कंपनी एसएसबी के जवान, एक कंपनी पीएसी भी मौजूद रहेगी। सुरक्षा की दृष्टि से मतगणना स्थल के सभी गेटों पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा मतगणना स्थल पर विभिन्न ड्रेस में एलआइयू व आइबी के जवान मौजूद रहेंगे। मतगणना को देखते हुए संवेदनशील व अतिसंवेदनशील 18 स्थानों पर पुलिस पिकेट लगाई गई है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चंद्र, एएसपी ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# बेटे ने पत्नी संग मिलकर मां की कर दी पिटाई, मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, बभनान : गौर थाना क्षेत्र के बभनान बाजार में रहने वाली एक महिला की पिटाई करने का मामला सामने आया है। बभनान बाजार निवासिनी सावित्री पत्नी राम जी कसौधन उर्फ आंधी कसौधन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह शनिवार की शाम करीब सात बजे अपने दुकान पर बैठी थी।

इसी बीच मकान के बंटवारे की रंजिश को लेकर उसका पुत्र सनी आया अपशब्द कहते हुए धमकी देने लगा कि अपनी बेटियों को यहां से ले जाओ।

जब इस बात का उसने विरोध किया तो उसके पुत्र की पत्नी पिंकी भी आई और दोनों मिलकर उसे मारने पीटने लगे। जिससे उसके सिर में चोटें आई। थानाध्यक्ष ने राजकुमार राजभर ने बताया कि तहरीर मिली है आरोपितों के विरुद्ध मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बोरी में शव मिलने की सूचना पर हलकान रही पुलिस

जागरण संवाददाता, बस्ती: कप्तानगंज टिनिच मार्ग पर एकटेकवा पुल के नीचे बोरी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस कई घंटे तक हलकान रही। जांच पड़ताल के बाद जब बोरी को बाहर निकाला गया तो उसमें कूड़ा भरा हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। सोमवार की शाम को ग्राम प्रधान एकटेकवा गम्मे चौहान ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया कि पुल के नीचे बोरी में भरकर कुछ फेंका गया है। कुछ लोगों ने यह जानकारी दी कि उसमें किसी ने हत्या कर शव को फेंक दिया है। तत्काल चौकी प्रभारी दुबौला सभाजीत मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो लोगों के सहयोग से बोरी को पुल के नीचे से बाहर निकलवाया। जब उसे खोला गया तो उसमें कूड़ा भरा हुआ मिला। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर गई थी। बोरी में कूड़ा भरा मिला है।

# चोरी की बाइकों के साथ आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, लालगंज: लालगंज थानाक्षेत्र के जिगिना देव गांव निवासी दो युवकों लोगों को लालगंज पुलिस ने रविवार की देर शाम 7.45 बजे चोरी की दो बाइकों के साथ गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को न्यायालय रवाना कर दिया।

थाना क्षेत्र के गोनार गांव निवासी रोहित ने लालगंज थाने पर 28 मई को तहरीर देकर बताया था कि उनके घर के सामने खड़ी बाइक 26 मई की देर रात चोरी हो गई। इसी बीच दो जून को पीड़ित ने लालगंज पुलिस को बताया कि उसकी चोरी की गई बाइक के बदले उससे एक व्यक्ति फोन कर 10 हजार रुपये मांग रहा है।उसने पुलिस को बताया कि बाइक किस स्थान पर दिया जाएगा यह तय कर लिया गया है। अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने लालगंज-महादेवा मार्ग के तेनुआ मोड़ पर रविवार की शाम बाइक के साथ आरोपित संजीत कुमार विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने एक अन्य सहयोगी के बारे में बताया। उसने लालगंज कस्बे से एक गाड़ी और चोरी करने की बात कबूल किया। पुलिस ने इसी आधार पर वह बाइक भी बरामद चोरी करने के आरोप में संजीत के सहयोगी उसी गांव के प्रियांशु चौधरी को गिरफ्तार करलिया।

# चार पर एससी-एसटी सहित मारपीट का केस

गौर। क्षेत्र के पचलौरिया गांव निवासी सुनील कुमार टिनिच बाजार सब्जी लेने गए थे। लौटते समय पचलौरिया मार्ग पर गांव के कुछ लोगों ने रोककर किसी बात पर मारने-पीटने लगे, तभी वह जान बचाकर घर भाग गए। इस मामले में गौर पुलिस ने सुनील कुमार की पत्नी पूजा देवी की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ एससी-एसटी सहित मारपीट की धारा में केस दर्ज किया है।

**गौर क्षेत्र के पचलौरिया गांव में वारदात**

पूजा देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि पति सुनील कुमार टिनिच बाजार में सब्जी लेने गए थे। वापस आते समय रास्ते में गांव के घनश्याम, सियाराम, राधेश्याम किसी बात को लेकर अपशब्द का प्रयोग करते हुए मारने-पीटने लगे। किसी तरह से सुनील कुमार वहां से भाग कर घर पहुंचे, तभी मनबढ़ों ने घर पहुंच कर दोबारा मारने-पीटने लगे।घटना को देख घर की शीला देवी, रामकुमार, मनोज बचाने के लिए दौड़े तो उन्हें भी मारा-पीटा। घटना की सूचना रिश्तेदार रामकुमार ने पहले डायल 112 पुलिस को दी।

इस मामले में घनश्याम, सियाराम, राधेश्याम व घनश्याम की पत्नी के खिलाफ एससी-एसटी सहित मारपीट की धारा में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना की जांच की जा रही है। विवेचना सीओ हर्रैया करेंगे। संवाद

# मतगणना के दौरान गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीजीपी

## कहा, कुछ लोग मतगणना स्थल पर जुटने की कर रहे अपील

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को लोकभवन में पत्रकारों से कहा कि कुछ ऐसे इनपुट मिले हैं, जिसमें कुछ लोग मतगणना स्थल पर भीड़ जुटाने की अपील कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर हमारी पैनी नजर है। वहीं अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक मतगणना केंद्रों की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थलों पर करीब सवा लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है।



अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मंगलवार को सात पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जिलों में कुल 81 स्थानों पर मतगणना होगी। किसी को भी विजय जुलूस निकालने की इजाजत नहीं होगी। मतगणना स्थलों की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। मीडिया गैलरी भी बनाई गयी है, जिसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों, अफवाहों की निगरानी सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जायेगा। महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जायेगी। मतगणना स्थल के आसपास ट्रैफिक जाम न लगे, इसके विशेष इंतजाम किये गये हैं। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन, एम्बुलेंस, चिकित्सा दल एवं अतिरिक्त क्यूआरटी के साथ रिजर्व टीमों की व्यवस्था की गयी है। विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर भी अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है। यूपी 112 के पीआरवी वाहन लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। वहीं भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त पीने के पानी, छाया आदि के प्रबंध सुनिश्चित किये गये हैं।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा के इंतजाम, सोशल मीडिया की गहन मॉनिटरिंग

### त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया

160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगार्ड, 145 कंपनी सीएपीएफ, 102 पीएसी कंपनी तैनात की गयी हैं। मतगणना केंद्रों की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके तहत प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जिला पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जिला पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गयी है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेरीलीज रखा गया है।

## मूक बाधिर बच्चे की पिटाई

बस्ती। मुंडेरवा पुलिसने बौडिहार गांव में मूक बाधिर बच्चे की पिटाई के मामले में विशाल, प्रीति, हरिशंकर व विशाल की मां पर केस दर्ज किया है। पुलिस को नगरा बौडिहार निवासी माया पत्नी रविंद्र ने तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। संवाद

## बच्चों के विवाद में मारपीट

बस्ती। रुधौली पुलिस ने बखरिया में बच्चों के विवाद को लेकर आपसी कहासुनी में विपक्षी ने नूरजहां पत्नी अब्दुल खालिक को गाली देते हुए मारापीटा। पुलिस ने नूरजहां की तहरीर पर मो. असलम, मो. अकरम, व ईदु निवासी बखरिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने सुअरहा कला गांव में पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में अर्चना, संजनी व शिवा के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। इस मामले में खुशबू पुत्री ध्रुपचंद ने तहरीर पुलिस को तहरीर दी है। संवाद

## घर में घुसकर पिटाई करने का आरोप

बस्ती। लालगंज पुलिस ने ग्राम माधोपुर में बच्चों के विवाद में घर में घुस कर पिटाई करने के मामले में टेकई की तहरीर पर गांव के शिवम उर्फ रीनू, अशोक व गीता पर केस दर्ज किया है। संवाद

## मारपीट में दो पर केस दर्ज

बस्ती। सोनहा पुलिस ने कोठिला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में खुशबू पुत्री ढोढई की तहरीर पर रवि सोनकर व संजू देवी पर केस दर्ज किया है। संवाद

## आम तोड़ने के विवाद में मारपीट

**हरैंया।** पुलिस ने भदासी गांव में आम तोड़ने को लेकर एक पक्ष ने एकजुट होकर दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। इससे एक व्यक्ति का सिर फट गया। इससे वह अचेत हो गया। पुलिस ने इस मामले में गांव के आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में उमेश पुत्र भगवत प्रसाद ने कहा है कि आम तोड़ने की बात को लेकर गांव के रजनीश, अवनीश, राम प्रकाश, विकास, अनुराग शिवम, शुभांशू व महेश ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एससी-एसटी का केस दर्ज किया है। संवाद

## मां-बेटी की पिटाई करने का आरोप

**पैकोलिया।** खरथुआ गांव में बच्चों के विवाद में मां-बेटी की पिटाई कर दी गई। गांव निवासी सुदामा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि सोमवार की दोपहर में बच्चों के बीच हुआ। विवाद के कारण गांव के पटीदार उसे अपशब्द कहते हुए लात-मुक्का और लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। पीड़िता ने तहरीर में यह भी बताया है कि इसके पूर्व भी कई बार यह लोग प्रताड़ित कर चुके हैं। थानाध्यक्ष रामफल चौरसिया ने बताया है कि तहरीर मिली है। संवाद

## दहेज उत्पीड़न में पति सहित चार नामजद

**बस्ती।** महिला थाना की पुलिस ने नगर क्षेत्र के भुअर सराय निवासी विवाहिता को दहेज में कार न मिलने के कारण प्रताड़ित करने तथा मारने-पीटने के मामले में पति सहित चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि भूअर सराय निवासी पति अरमान अली, ससुर मोहम्मद उमर, सास अख्तरून निशा, देवर मोहम्मद अकरम चार पहिया गाड़ी न मिलने के कारण प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लालगंज क्षेत्र के गोनार निवासी रोहित ने 28 मई को बाइक चोरी का केस दर्ज कराया था। तभी से पुलिस बाइक चोरों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार की रात करीब 8:45 बजे तेनुआ मोड़ से दो लोगों को संदेह के आधार पर रोका। पूछताछ में एक ने अपना नाम संजीत कुमार विश्वकर्मा व दूसरे ने प्रियांशु चौधरी निवासी गड़जिगिना देव थाना लालगंज बताया। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी की बाइक बरामद की है। संवाद

## कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**बस्ती।** नगर पुलिस ने बढ़नी गांव में एकराय होकर मारने-पीटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में ओम प्रकाश मिश्र ने कहा है कि विपक्षी बिल्लू पांडेय, अकलू पांडेय, रागिनी मिश्रा, अजय कुमार मिश्र व उमेश कुमार दूबे ने वादी की पत्नी व बेटी प्रीती मिश्रा व सुनीता को गाली देते हुए मारापीटा। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# मारपीट कर मोबाइल फोन तोड़ा, केस दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने पटीदार से विवाद में चार लोगों पर मारने-पीटने और मोबाइल फोन तोड़ने का केस दर्ज किया है। परसा हज्जाम निवासी श्रीपति देवी पत्नी सुखराम ने तहरीर में बताया कि पटीदार मुन्नीलाल की बेटी की शादी थी। कई रिश्तेदार आए थे। मेरे और मुन्नीलाल के घर के बीच एक गली है। बच्चे उसकी दीवार पर चढ़ रहे थे। मना करने पर मुन्नीलाल, तारा देवी, मुन्नीलाल के साढ़ू चंद्रप्रकाश व दयाराम उन्हें गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। बीच-बचाव करने आई बेटी सुनीता व रीता को भी मारा-पीटा और श्रीपति की बेटी रीता का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। जाते समय जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर आठ पर केस दर्ज

## पीड़ित पिता का आरोप, पुलिस ने दर्ज नहीं किया था केस, तब जाना पड़ा कोर्ट

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति समेत आठ लोगों पर विवाहिता की हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

वाल्टरगंज क्षेत्र के ग्राम हाथा बुजुर्ग निवासी विजय कुमार ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि उन्होंने बेटी मीना देवी का विवाह नगर थाना क्षेत्र के रौसिंघापार निवासी कैलाश के साथ की थी। शादी के कुछ दिन के बाद ही दामाद और उनके परिजन बेटी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। कहे कि घर छोड़कर चली जाओ, दूसरी शादी करनी है। इस मामले में कई बार गांव व नाते रिश्तेदार के सामने समझौता भी हुआ।

### पति समेत आठ लोगों पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप

इसी बीच उनके चार बच्चे आराध्या, सिद्धार्थ, साधना व अनुराधा पैदा हुए। 13 अक्तूबर 2023 को बेटी ने फोन कर बताया कि पति उसकी पिटाई कर रहे हैं। धमकी दे रहे हैं कि जहर देकर मार देंगे। 14 अक्तूबर 2023 को रौसिंघापार निवासी एक शख्स ने फोन कर बताया कि आपकी बेटी की मौत हो गई है। वह ओर पत्नी अन्य रिश्तेदारों के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे तो देखा कि बेटी के शरीर पर चोट के निशान हैं।

इसकी सूचना डायल 112 पर दी तो बेटी के ससुर मोबाइल फोन छीनने लगे। थोड़ी ही देर में पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत लिखित सूचना नगर थाने और रजिस्ट्री से पुलिस अधीक्षक को भी दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायालय ने नगर पुलिस को केस दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति कैलाश, ससुर भोरई, सास गायत्री देवी, देवर शिवाकांत, विशुन, रामू, श्यामू व करन के खिलाफ विवाहिता को जहर देकर मारने व प्रताड़ित करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# आज होगी सुनवाई, शुरू होगा बयान

## बिरऊपुर कांड : न्याय की उम्मीद में गुजर गया एक वर्ष, पीड़ित को अब तक नहीं मिली सहायता

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गौर क्षेत्र के बिरऊपुर चौराहे पर पांच जून 2023 को दरिंदगी की शिकार हुई 14 वर्षीय किशोरी की मौत को एक वर्ष पूरा हो जाएगा, लेकिन अब तक परिजनों को शासन से कोई सहायता राशि नहीं मिली है। इस मामले की सुनवाई पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायालय में चल रहा है। तीन गवाहों के बयान और जिरह पूरा हो चुका है। चौथे गवाह का बयान पांच जून से शुरू होगा।

अभियोजन विभाग के अनुसार, पुलिस की ओर से न्यायालय में दाखिल चार्जशीट के अनुसार गवाहों के बयान और जिरह चल रही है। पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायालय में पांच जून को चौथे गवाह का बयान शुरू होगा। अब तक तीन लोगों के बयान हो चुके हैं। जिरह भी पूरी हो चुकी है। घटना में कुल 54 गवाह बनाए गए हैं। इसमें किशोरी के भाई और मां के साथ एक अन्य का जिरह और बयान पूरा हो चुका है।

### पांच जून को दरिंदगी की शिकार हुई थी किशोरी

घर से साइकिल लेकर सब्जी खरीदने निकली 14 वर्षीय किशोरी का एक किमी दूर बिरऊपुर चौराहे पर पांच जून 2023 को खून से लथपथ शव मिला था। पोस्टमार्टम में उसके साथ दरिंदगी की बात सामने आई थी। पहुंचे परिवार के लोग जिंदा होने की उम्मीद में एक निजी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने बताया कि किशोरी की करीब एक घंटे पहले मौत हो चुकी है।

इसके बाद परिवार के लोग शव लेकर घर चले गए। पोस्टमार्टम में अप्राकृतिक दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने केस में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और पॉस्को की धारा को शामिल किया। इस मामले में राजन निषाद, कुंदन सिंह और एक नाबालिग जेल में है।

किशोरी के पिता ने बताया कि घटना को हुए एक वर्ष पूरा हो गया, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से मुख्य आरोपी कुंदन सिंह के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं की गई। जबकि घटना के समय तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# विवादों से अंतिम क्षण तक रहा शाहिना का नाता

**कलवारी।** पूरा पिरई नकहा गांव में एक मई को हुई शाहिना की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शाहिना का विवादों से पुराना नाता रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि उससे लोग डरते थे कि किसी केस में न फंसा दे। हालांकि, घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी जरूर कर ली है, मगर दबी जुबान ग्रामीण इस मामले को किसी और कड़ी से जोड़कर देख रहे हैं।

## पति के अलावा मायके में चार केस कराया है दर्ज

शाहिना ने 2014 में पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। मायके में रहने के दौरान 2019 में गांव वालों पर तीन केस तथा 2020 में एक केस दर्ज कराया था। इनमें मारपीट, जान से मारने की धमकी, छेड़खानी तथा छिनैती जैसे मामले शमिल हैं।

मोहम्मद जावेद से हत्या करने का सही कारण जानना पुलिस के लिए भी टेढ़ी खीर है। क्योंकि जिस संपत्ति का विवाद उसकी हत्या का कारण बताया जा रहा है वह न तो शाहिना का था और न ही उसकी बहन शबाना ऊर्फ बेबी का। वह मकान शाहिना का पैतृक है। उस पर केवल उसके इकलौते भाई का हक है, मगर वह लंबे समय से अपने परिवार के साथ गांव में आया ही नहीं है। संवाद

## मतगणना स्थल पर 3000 फोर्स तैनात

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम की कड़ी निगरानी की जा रही है। मतगणना केंद्र के 100 मीटर परिधि को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में मशीनों को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक पहुंचाया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया कैमरे की निगरानी में होगी। 3000 पुलिस कर्मियों की मतगणना में ड्यूटी लगाई गई है।

मंडी समिति को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि ईवीएम को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है।

### मतगणना केंद्र का 100 मीटर परिधि प्रतिबंधित

तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। तीन शिफ्ट में कुल तीन हजार पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। कक्ष के अंदर से लेकर बाहर तक लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। संवाद

## फोरलेन पर रहेगा रूट डायवर्जन

**बस्ती।** मंगलवार को फोरलेन पर रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू होगी। पॉलिटेक्निक से लेकर हड़िया चौराहे तक नो वाहन जोन रहेगा। एक ही साइड पॉलिटेक्निक से लेकर सबदेईया कला तक चलेगा।

टीएसआई कामेश्वर सिंह के मुताबिक गोरखपुर से बांसी-रुधौली जाने वाले वाहनों को चैनपुरवा, मनौरी से डायवर्ट कर दिया जाएगा।

रुधौली से गोरखपुर जाने वाले वाहन हड़िया चौराहे से डायवर्ट हो जाएंगे। उच्चाधिकारियों के आदेश व जरूरत के अनुसार इसमें फेरबदल भी किया जा सकता है। संवाद

## विजयी व रनर प्रत्याशी को घर छोड़ेगी पुलिस

**बस्ती।** एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के नियमों का कड़ाई के साथ पुलिस अनुपालन कराएगी।

पुलिस सुरक्षा के साथ विजेता और हारे हुए प्रत्याशियों को घर तक छोड़ा जाएगा। मतगणना स्थल के बाहर भीड़ जमा नहीं होने दी जा ए गी। गणना स्तर की सुरक्षा तीन स्तर पर होगी।

### मुख्य द्वार से स्ट्रांग रूम तक अर्धसैनिक बल

स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल के प्रवेशद्वार पर अर्द्धसैनिक बल की तैनाती रहेगी। मतगणना हॉल में मोबाइल, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैमरा, माचिस, ज्वलनशील, धूम्रपान सामग्री का प्रवेश वर्जित है।

मंडी समिति मतगणना स्थल पर सिर्फ मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल ले जाने की अनुमति रहेगी। सभी पांच मतगणना केंद्रो पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

मतगणना के लिए 15 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया कि यह ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट की गणना का कार्य संपादित करेंगे। मतगणना विधानसभा वार 28 से 35 राउंड के बीच होगी। संवाद

# दो प्रेक्षकों की मौजूदगी में होगी मतगणना

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** वीआईपी और विशेष सुरक्षा प्राप्त जनप्रतिनिधि व नेता मतगणना एजेंट नहीं बन पाएंगे। मतगणना एजेंट अपने साथ मोबाइल फोन आदि उपकरण नहीं ले जा पाएंगे। पेन, कागज व कैलकुलेटर साथ रख सकते हैं।

प्रत्याशी के एजेंट सुबह 6:30 बजे मतगणना स्थल पर प्रवेश करेंगे। दो सामान्य प्रेक्षकों की मौजूदगी में मतगणना होगी।

**महाराष्ट्र कैडर की माया देवी पटोले और पंजाब की बबिता होंगी प्रेक्षक**

इनकी उपस्थिति में ही सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। समूची मतगणना 29 से 35 राउंड में पूरी हो जाएगी। मतगणना स्थल के बाहर मुख्य द्वार हाईवे पर खुलता है। इस नाते फोरलेन पर वनवे व्यवस्था बनाई जाएगी। गेट की तरफ की पूरी सड़क रिजर्व रहेगा। मतगणना स्थल के मुख्य द्वार पर बने बैरियर से सघन तलाशी के बा ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना पास के साथ ही प्रवेश कर सकेंगे।

डिप्टी डीईओ ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता की उम्र 18 साल से कम नहीं होनी चाहिए। मंत्री, सांसद, विधायक, मेयर, अध्यक्ष, जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति, कोटेदार मतगणना एजेंट नहीं बन सकते।

# पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने की हिदायत

## एडीजी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए टिप्स

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** एडीजी गोरखपुर केएस प्रताप ने सोमवार को अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल मंडी समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे एवं मतगणना के लिए बनाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद मतगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक हुई।

एडीजी ने चार जून को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना कराने के लिए जरूरी टिप्स दिए। पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने की हिदायत दी।

निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर केवल पास होल्डर को ही प्रवेश दिया जाए। अनाधिकृत लोगों को कतई न प्रवेश मिलने पाए। इसके अलावा मतगणना स्थल के बाहर भी अनावश्यक भीड़ न जुटने दी जाए। परिणाम घोषित होने के बाद रनर- विनर दोनों प्रत्याशियों को सुरक्षा के साथ उनके आवास तक पहुंचाना है।

मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने निर्देश दिए कि प्रत्येक चक्र की गणना पारदर्शी ढंग से की जाएगी। एजेंटों की जहां आपत्ति होगी उसे तत्काल दूर किया जाएगा। आरओ, एआरओ खुद परिणाम का अवलोकन करेंगे।



मतगण्ना स्थल पर हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# कमिश्नर व आईजी ने मतगणना स्थल का लिया जायजा



मतगणना स्थल का जायजा लेते कमिश्नर व आईजी।

**मतगणना स्थल पर वाहनों को जाने नहीं दिया जाएगा**

**विजय जुलूस निकालने पर लगी रोक**

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु स्ट्रांग रूमध्मतगणना स्थल मण्डी समिति का आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह, आईजी बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा मतगणना के लिए विधानसभा वार बनाए गए टेबलों, मतगणना कार्मिकों तथा उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है विधानसभा वार 14 टेबलों पर (कुल 70 टेबल ) मतगणना संपन्न कराया जाएगा पोस्टल बैलेट की मतगणना हेतु 09 टेबल बनाए गए हैं प्रत्येक विधानसभा में 01आरो टेबल भी बनाया गया है जहां से प्रत्येक राउंड की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था एवं वाहनों की पार्किंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना स्थल पर वाहनों को जाने नहीं दिया जाएगा उसके लिए मतगणना स्थल के बगल में चिन्हित स्थल पर अधिकारियोंध कर्मचारियों, उम्मीदवारों, उनके मतगणना अभिकर्ता एवं मतगणना कार्मिकों के वाहनों को पार्क कराया जाएगा। मतगणना स्थल पर पर्याप्त मोबाइल टयलेट व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के घ्टिगत पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। मतगणना कार्मिकों को गेट नंबर 1 से एंट्री दी जाएगी तथा उम्मीदवारों, उनके मतगणना अभिकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधियों की एंट्री गेट नंबर 2 से कराई जाएगी। मतगणना का कार्य मा प्रेक्षक की अनुमति एवं मतगणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में शुरू कराया जाएगा।

आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि मतगणना से संबंधित सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कराया जाए। मतगणना के समय भी आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है, जब तक इससे संबंधित भारत निर्वाचन आयोग का नोटिफिकेशन जारी नहीं हो जाता। मतगणना स्थल पर किसी भी प्रत्याशी की जीत होने पर किसी भी प्रकार का विजय जुलूस न निकलने दिया जाय। समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी निरन्तर निगरानी बनाए रखें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकार उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक,समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसके सिर पर होगा ताज, फैसला आज

**त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे में सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना**

**मतगणना कार्य सकुशल संपन्न कराने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा किया गया है सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम**





**सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)।** इंतजार की घड़ियां अब खत्म हो गई है,कौन बनेगा डुमरियागंज का सांसद इसका घोषणा मतगणना के उपरांत आज सभी को पता चल जायेगा।मतगणना कार्य को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से कड़े सुरक्षा के बीच नवीन मण्डी में प्रारम्भ किया जाएगा।मतगणना कार्य को सकुशल संपन्न कराने के लिए केंद्रीय अर्ध सैनिक सहित उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल एक हजार सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।बताया कि गेट नंबर 1 से मतगणना ड्यूटी में लगाये गये समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रवेश होगा।

उम्मीदवार व उनके काउंटिंग एजेंट एवं मीडिया कार्मिक के प्रवेश की व्यवस्था गेट नंबर 2 से की गई है, सम्बन्धित को जो पास निर्गत किए गए हैं उसमें कलर कोडिंग की व्यवस्था की गई है। उम्मीदवार व उनके एजेन्ट के बैठने हेतु स्थान निर्धारित कर लिया गया है। मतगणना कार्य हेतु प्रत्येक विधान सभा में 14 काउण्टिंग टेबल लगाए गए हैं। मतगणना स्थल पर कम्युनिकेशन कक्ष, मीडिया सेन्टर एवं जन सामान्य कम्यूनिकेशन कक्ष की स्थापना की गयी है। पोस्टल बैलेट की गणना हेतु 09 टेबल तथा ई टीबीएमएस की प्री-काउण्टिंग के लिये 02 टेबल की व्यवस्था की गयी है। मतगणना स्थल पर इण्टरनेट की समुचित व्यवस्था की गयी है। विधान सभावार पब्लिक ऐड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था कर ली गयी है, रिटर्निंग अफसर के टेबल पर भी पब्लिक एड्रेसल सिस्टम की व्यवस्था है।

मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा जांच के लिये प्रत्येक इन्ट्री प्वाइंट पर डीएफएमडी लगाये गये हैं, जहां पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी सीसीटीवी द्वारा की जायेगी।

# मतगणना स्थल से लेकर सरहद तक रहेगी कड़ी सुरक्षा

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना चार जून को शहर के नवीन मंडी समिति में सुबह आठ बजे से होगी। मतगणना के दौरान किसी प्रकार की आशांति न हो प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम मतगणना स्थल से लेकर भारत,नेपाल सरहद तक रहेगी। मतगणना स्थल पर प्रवेश सिर्फ पास धारकों को ही मिल सकेगा। बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला ले जाने पर पाबंदी रहेगी।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि मतगणना को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी। अंदर और बाहर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे। किसी भी बाहरी को मतगणना परिसर में परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना टेबल तक केवल मतगणना एजेंटों को ही जाने दिया जाएगा।



लोकसभा चुनाव की मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइंस में अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ किया।

# मतगणना को संपन्न कराने को दिए जरूरी दिशा निर्देश

## मुस्तैदी

**सिद्धार्थनगर।** चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइंस में अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ किया।

उन्होंने मतगणना स्थल पर ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों व मतगणना ड्यूटी आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर सुजीत राय, अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रेक्षक की मौजूदगी में किया जाएगा कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइ जेशन मतगणना स्थल पर किसी को भी मोबाइल या इलेक्ट्रानिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा के लिहाज से एक हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी को भी मतगणना स्थल पर मोबाइल लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। डीएम पवन अग्रवाल ने बताया कि मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआइसी में सामान्य प्रेक्षक नीमा अरोड़ा की मौजूदगी में किया गया है। सभी कर्मी किस काउंटर पर ड्यूटी करेंगे इसकी जानकारी सुबह पांच बजे दी जाएगी। मतगणना के लिए सबसे कम इटवा विधानसभा में 28 और सबसे अधिक कपिलवस्तु विधानसभा में 36 काउंटर बनाए गए हैं। डीएम ने बताया कि मीडिया के लोग मोबाइल सिर्फ मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकेंगे, जिनके वाहन भी अधिकारियों के लिए पार्किंग स्थल तक जाएंगे। प्राधिकृत अधिकारी व कर्मचारी को छोड़कर अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की फोटो वीडियोग्राफी एवं मतगणना स्थल के 200 मीटर की परिधि में नारेबाजी, धरना-प्रदर्शन, जुलूस, पुतला दहन आदि का आयोजन व पटाखों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य मार्ग पर आवाजाही की अनुमति होगी, पर मंडी समिति की ओर जाने के लिए बने रास्तों पर आवागमन पूरी तरह से ठप रहेगा।

### इनके भाग्य का होगा फैसला

भाजपा- जगदंबिका पाल, सपा- भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी, बसपा- नदीम मिर्जा, आजाद समाज पार्टी- अमर सिंह चौधरी, पीस पार्टी- नौशाद आजम, निर्दल- किरन देवी।

हैंडबैग, पानी समेत अन्य सामान नहीं ले जा सकेंगे: मतगणना स्थल परिसर में हैंडबैग, इंक पेन, पानी बाटल, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, धूम्रपान, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ व माचिस ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा।


**यह और अन्य खबरें देखें**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html


# मतगणना में आज तय होगा आपका सांसद कौन

## डुमरियागंज लोकसभा चुनाव मैदान में हैं छह प्रत्याशी, भाजपा व सपा में सीधी लड़ाई होने की है संभावना

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिले की डुमरियागंज लोकसभा सीट के लिए मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने नवीन मंडी परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जहां ईवीएम में लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी छह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मंगलवार को होगा। चुनाव में किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा और किसे मिलेगी हार, इसका फैसला हो जाएगा। हालांकि मतगणना पूर्व सभी प्रमुख दलों के पदाधिकारी अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं, भाजपा व सपा के बीच कड़ी टक्कर होने की चर्चाएं जोरों पर है। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सीट का रुझान 10 बजे तक आना शुरू हो जाएगा। शाम चार बजे तक परिणाम आने की संभावना है। 36 चक्र तक मतगणना के बाद मतों की गिनती पूरी होगी।

जिले की लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान हुआ था। इसमें कुल 1961842 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में 51.94 प्रतिशत, शोहरतगढ़ 52.12, कपिलवस्तु 47.45, बांसी 48.45 और डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में 48.92 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है।

### मतगणना स्थल का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल मंडी समिति का बस्ती मण्डल आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह एवं आईजी बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा वार बनाए गए टेबलों, मतगणना कार्मिकों तथा उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति के बारे में जानकारी ली।

मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि मतगणना से संबंधित सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कराया जाए। मतगणना के समय भी आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी है। उन्होंने कहा कि जब तक इससे संबंधित भारत निर्वाचन आयोग का नोटिफिकेशन जारी नहीं हो जाता। मतगणना स्थल पर किसी भी प्रत्याशी की जीत होने पर किसी भी प्रकार का विजय जुलूस न निकलने दिया जाए। मंडलायुक्त ने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को



जिला मुख्यालय के नवीन मंडी स्थल में बना मतगणना स्थल का जायजा लेते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल दाएं एसपी प्राची सिंह बाएं • सौ सूचना विभाग

निर्देश दिया कि निरंतर निगरानी बनाए रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है विधानसभा वार 14 टेबलों पर (कुल 70 टेबल) मतगणना संपन्न कराया जाएगा। पोस्टल बैलेट की मतगणना हेतु नौ टेबल बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में एक आरओ टेबल भी बनाया गया है जहां से प्रत्येक राउंड की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। मतगणना का कार्य प्रेक्षक की अनुमति एवं मतगणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर एसपी प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी सदर डा. ललित कुमार मिश्र व बांसी कुणाल, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# एडीजी, मंडलायुक्त व आईजी ने तैयारियों का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। 62-संतकबीरनगर संसदीय निर्वाचन की मतगणना को सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन-गोरखपुर केएस प्रताप कुमार, मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज खलीलाबाद में बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम के अलावा विधानसभावार बनाये गये मतगणना कक्षों, मतगणना हेतु लगाये गये टेबल, बैरकेटिंग व्यवस्था, ईवीएम को स्ट्रांग रूम से लाने एवं वापस ले जाने के रास्तों व सुरक्षा व्यवस्था सहित मतगणना कार्य से संबंधित अन्य सुविधाओं/व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन-गोरखपुर केएस प्रताप कुमार, मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज में 62-संतकबीरनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा की मतगणना हेतु बनाये गये अलग-अलग मतगणना कक्षों में पहुंचकर सुचारु, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष मतगणना हेतु आवश्यक सभी सुविधाओं व्यवस्थाओं एवं संसाधनों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक से चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा मतगणना स्थल पर मतगणना हेतु मतगणना काउंटर, बैरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा का संचालन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कूलर, पंखे आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश व्यवस्था आदि की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली गयी। निरीक्षण के दौरान एआरओ खलीलाबाद शैलेश दूबे, एआरओ धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी संजीव राय, उप जिलाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, अधिशासी अभियन्ता आरके पाण्डेय, सहायक अभियंता पीडब्लूडी विमल कुमार, ईओ खलीलाबाद अवधेश कुमार भारती, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# टैक्सी स्टैंडों पर जारी है अवैध वसूली

**धनघटा (एसएनबी)**। पूर्व से ही टैक्सी स्टैण्डो पर दबंगों द्वारा जबरन किया जा रहा वसूली का खेल सरकार बदलने के बाद भी जारी है। धनघटा और महुली थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बों-बाजारों में दबंग बीते कई वर्षों से वसूली करते चले आ रहे है। दबंगों के वसूली के इस खेल को संरक्षण देने का लगातार आरोप स्थानीय पुलिस के उपर भी लगता रहा है। वसूली को पुलिसिया संरक्षण होने की पुष्टि इस बात से भी होती है कि तमाम शिकायतों के बाद भी पुलिस वसूली करने में जुटे दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है। विदित हो कि धनघटा और महुली थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बे धनघटा, हैंसर, पौली, बंसवारीगांव, लोहरैया, महुली, मुखलिसपुर, नाथनगर, हरिहरपुर व काली जगदीशपुर में टैक्सी स्टैण्ड है जहां से जिला मुख्यालय खलीलावाद, बस्ती व गोरखपुर समेत अन्य क्षेत्रीय प्रमुख कस्बों के लिए भारी संख्या में रोज टैक्सी वाहन सवारी ढोने में जुटे हुए है। उक्त कस्बों में स्थित टैक्सी स्टैण्डो पर वसूली का कोई सरकारी ठेका तो नहीं है लेकिन उक्त सभी टैक्सी स्टैण्डो पर क्षेत्रीय दबंगों द्वारा टैक्सी चालकों से रोज टैक्सी चालकों से वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं वसूली की रकम देने में हीलाहवाली करने वाले टैक्सी चालकों को इस दबंगों द्वारा आए दिन मारपीट कर घायल भी कर दिया जाता है लेकिन जब घायल हाल में टैक्सी चालक स्थानीय थाने पर पुलिस के पास पहुंचते है तो दबंगों के प्रभाव में रहने वाली पुलिस भी टैक्सी चालको की कोई सुनवाई नहीं करती है। थाना क्षेत्र के उक्त सभी कस्बो में टैक्सी स्टैण्डो पर आए दिन टैक्सी चालकों को मारे-पीटे जाने का मामला धनघटा और महुली दोनों थाने पर पहुंचता है लेकिन पुलिस दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय टैक्सी चालकों के साथ ही अभद्र व्यवहार करती नजर आती है। टैक्सी स्टैण्डो पर वसूली करने में जुटे दबंगों की माने तो भले ही स्टैण्ड का ठेका नहीं हुआ है लेकिन टैक्सी चालकों की रजामंदी से उनके द्वारा रोज टैक्सी चालकों से जबरिया वसूली की जाती है उसके बदले टैक्सियों का जहां नम्बर लगाया जाता है तो वहीं वसूल की जाने वाली रकम से मोटा हिस्सा पुलिस के पास हर माह भेजा जाता है जिसके एवज में पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान टैक्सियों की चेकिंग न करने की छूट देती है। कुल मिलाकर टैक्सी स्टैण्डो पर पुलिसिया संरक्षण में रोज भारी वसूली का खेल चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बार लगा कि प्रदेश में सरकार बदल गई है और अब टैक्सी स्टैण्डों से अवैध वसूली बंद हो जाएगी लेकिन दबंगों के उपर नई सरकार भी अंकुश लगाने में विफल है जिसका नतीजा है कि वसूली का खेल अभी भी जारी है। इस सम्बन्ध में सीओ धनघटा ने बताया कि क्षेत्र में टैक्सी स्टैण्डों पर दबंगों द्वारा टैक्सी चालकों से अवैध वसूली किए जाने की जानकारी उन्हें नहीं है। सीओ ने कहा कि जानकारी की जा रही है अगर ऐसा हो रहा है तो अवैध वसूली बंद कराकर तथाकथित दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस के संरक्षण में दबंगों द्वारा वसूली का खेल जारी**

# दम्पति की पिटाई, चार नामजद


**नाथनगर (एसएनबी)**। महुली थाना क्षेत्र के चकमहुआ गांव में जमीनी विवाद को लेकर रविवार की रात करीब 9 बजे मनबढों ने पति-पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल दंपत्ति की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल दंपत्ति को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चकमहुआ गांव निवासी सीमा पुत्री दुर्गेश ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव निवासी विपक्षी जीतन,मोहित ब बेचन पुत्रगण सुप्पल और अंकित पुत्र मोहित उसके माता-पिता को रविवार की शाम भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। माता-पिता ने जब गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी जान से मार देने की धमकी देते हुए माता-पिता के उपर हमला कर दिया और उन्हें मारपीट कर पूरी तरह घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर जीतन, मोहित, बेचन और अंकित के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावर को गिरफ्त में लेते हुए उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मतगणना आज, तैयारियां पूरी

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव की 04 जून हो होने वाली मतों की गणना की सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद प्रबंध करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को गई भागों में बांटा गया है जिससे किसी भी प्रकार की चूक न होने पाए। मतगणना के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन निकालने तथा गणना पाण्डाल/हाल तक ले जाने से लेकर मतगणना स्थल तक की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध करते हुए अधिकारियों तथा कर्मचारियों की तैनाती की है। जिसकी वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गए हैं।

**लोकसभा चुनाव**

मतगणना संपन्न होने के बाद विजयी एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी (पराजित प्रत्याशी) की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा भी अधिकारियों को देते हुए उनको सुरक्षा घेरे में लेकर उनके आवास तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही विजय जुलूस न निकालने की भी हिदायत दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था में मतगणना स्थल हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज के प्रत्येक मतगणना पण्डाल/हाल में संबंधित अधिकारी को तैनात किया गया है जिनका दायित्व होगा कि वे हाल में मतगणना का कार्य सुचारु रूप से संपन्न कराएं। मतगणना स्थल पर तैनात संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि मतगणना हाल के अंदर सिर्फ प्रत्याशी/अभिकर्ता जो पासधारक हो वहीं प्रवेश करेंगे। महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर ही चेकिंग के बाद प्रवेश मिलेगा। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर जाने वाले मार्गों की बैरिकेटिंग की भी कड़ी व्यवस्था की गई है जो अनाधिकृत व्यक्तियों व वाहनों के प्रवेश को रोकेंगे। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे सभी जीवनरक्षक दवाओं और योग्य चिकित्सकों की टीम के साथ एक एंबुलेंस मतगणना स्थल पर उपलब्ध कराएं। **मतगणना स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा** : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने मतगणना स्थल हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया तथा कई अधूरे कार्य को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने टेंट व्यवस्थापक को विधानसभा वार मतगणना कक्षों में कुर्सी-मेज, लाइट आदि को सुव्यवस्थित ढंग से लगाए जाने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मतगणना कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए। उन्होंने बिजली, पानी, एम्बुलेंस आदि व्यवस्था की भी जानकारी ली।



मतगणना स्थल के मुख्य गेट पर तैनात पुलिस बल।

**विजयी एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी (पराजित प्रत्याशी) को निवास स्थान तक पहुंचाने के लिए की गई है व्यवस्था**

## मतगणना : के लिए हुआ रूट डायवर्जन

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** मतगणना के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रूट डायवर्जन किया गया है। वहीं यातायात प्रभारी परमहंस द्वारा जागरूकता संबंधित बनवाये गए रूट डायवर्जन के फ्लैक्स बोर्ड का एएसपी शशि शेखर सिंह एवं सीओ ब्रजेश सिंह ने निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि खलीलाबाद शहर क्षेत्र से सरैया बाईपास खलीलाबाद की तरफ जाने वाले समस्त वाहन बंजरिया, आजाद चौक व मेंहदावल बाईपास होते हुए जायेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्मिक/प्रत्याशी/ एजेण्ट/पुलिसकर्मी के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुगर मिल स्थित परिसर में किया गया है। पीजी कालेज के पास बने बैरियर पूर्वी/बैरियर पश्चिमी के बीच में किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। यह रूट डायवर्जन 04 जून को समय सुबह 07.00 बजे से मतगणना समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। **यातायात प्रभारी ने रूट डायवर्जन का फ्लैक्स बोर्ड बनवाया** : यातायात प्रभारी परमहंस के द्वारा रुट डायवर्जन का फ्लैक्स बोर्ड बनवाया है। जिससे लोगों को अपने रुट को समझने में किसी प्रकार की प्रेशानी न हो। इसके लिए जागरुकता संबंधित फ्लैक्स बोर्ड बनवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें जिले के तीनों विधान सभाओं के स्टांग रुम, मतगणना हाल, मीडिया सेंटर, राजैनतिक पार्टियों के पाण्डाल, प्रेक्षक व अन्य हाल, प्रत्याशियों/एजेंट के वाहन हेतु पार्किंग पी-1, मतगणना कर्मियों के वाहन हेतु पार्किंग पी-2 सहित अन्य सभी स्थलों को दर्शाया गया है। जिससे किसी को भी कोई परेशानी न उठानी पड़े।

# मारपीट की घटना में चार नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के नीवाहोरिल गांव में बीते 29 मई को जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट की घटना में महुली पुलिस ने सोमवार को चार हमलावरों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना में घायल हुए व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के नीवाहोरिल गांव निवासी रामकृष्ण यादव पुत्र रामउजागिर यादव ने बताया कि जमीन के बटवारे को लेकर पट्टीदार विजय पाल यादव पुत्र रामशंकर यादव आदि से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर बीते 29 मई को विपक्षी पट्टीदार विजय पाल यादव व अजय पाल यादव पुत्रगण रामशंकर यादव,इसरावती पत्नी रामशंकर यादव व सरोजा देवी पत्नी विजय पाल यादव एकराय होकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो उक्त पट्टीदार उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके ऊपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने बीचबचाव कराया तब जाकर उसकी जान बच सकी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर पट्टीदार विजय पाल यादव, अजय पाल यादव,इसरावती देवी तथा सरोजा देवी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेते हुए उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# केंद्रीय सुरक्षा बलों व पुलिसकर्मियों को दी जानकारी

संतकबीरनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो





मतगणना को लेकर केन्द्रीय सुरक्षा बलों व जिले की पुलिस को ब्रीफ करते जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता तथा उपस्थित पुलिस अधिकारी/कर्मी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में केंद्रीय सुरक्षा बलों एवं जनपद संतकबीरनगर के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने ब्रीफ किया। अधिकारीद्वय ने चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन कराये जाने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, एडीएम जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के दृष्टिगत मतगणना में सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाए गए केन्द्रीय पुलिस बल व जनपद संतकबीरनगर के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन कराया जाय। ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारीगण, पुलिस कर्मचारी एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

**अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन कराये जाने का दिया निर्देश**

# तीन सगे भाइयों समेत चार पर केस दर्ज

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के चकमहुआ गांव में रविवार की रात करीब नौ बजे जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मोमले में महिला की तहरीर पर गांव के ही तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ गाली देने, मारने पीटने व धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। चकमहुआ गांव निवासी सीमा पुत्री दुर्गेश ने महुली थाने में दिए तहरीर में लिखा है कि कि रविवार की रात करीब नौ बजे जमीनी विवाद को लेकर गांव के जीतन, मोहित, बेचन पुत्रगण स्वर्गीय सुप्पल व अंकित गाली दे रहे थे। संवाद



कोतवाली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुर्थिया चौराहे के पास रविवार की रात पलटा सिलेण्डर लदा ट्रक। ● हिन्दुस्तान

# वाहन की ठोकर से सिलेंडर लदा ट्रक पलटा

कांटे। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुर्थिया चौराहे के पास रविवार की रात एक अज्ञात वाहन की ठोकर से खाली सिलेंडर लदा ट्रक रोड पर ही पलट गया। दुर्घटना में चालक-खलासी बाल बाल बच गए गोरखपुर से खाली सिलेंडर भरा ट्रक बस्ती की तरफ जा रहा था जैसे ही कुर्थिया चौराहे के समीप पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से ट्रक अनियंत्रित होकर रोड पर पलट गया। घटना में चालक-खलासी दोनों बाल बाल बच गए।

# विवाद में घायलों को भेजवाया अस्पताल

संतकबीरनगर। मोलनापुर से दो पक्षों में विवाद में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पीआरवी के जवान मौके पर पहुंच गए और विवाद को शांत कराया। साथ ही तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

# शांति भंग की आशंका में आठ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्त ने दी। उन्होंने बताया कि मेंहदावल थाने की पुलिस ने छह, महुली और बखिरा थाने की पुलिस ने एक-एक लोगों को जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले की शांति में खलल डालने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

# 71 वाहनों से वसूला 1.23 लाख का शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 71 वाहनों से एक लाख 23 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्त ने दी है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस ने सभी चौक चौराहों पर सघन जांच की।

# चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन जरूर कराएं

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सोमवार की शाम को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में केंद्रीय सुरक्षा बलों एवं जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग की। उन्हें चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन कराने के निर्देश दिया।

- पुलिस लाइन में आयोजित हुई ब्रीफिंग
- अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश

डीएम महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, एडीएम व एएसपी शशि शेखर सिंह उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में ब्रीफिंग की। मतगणना के दृष्टिगत अधिकारियों ने कहा कि मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाए गए केन्द्रीय पुलिस बल व पुलिस अधिकारी, कर्मचारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर सख्ती के साथ निर्देशों का पालन कराएं। आयोग के निर्देशों का जो पालन न करें, उनके साथ सख्ती के साथ पेश आएं। चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन कराया जाए। ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारीगण, पुलिस कर्मचारी एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# शहर के पांच स्थानों पर होगी बैरिकेडिंग

संतकबीरनगर। मतगणना के दौरान पांच स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। इनमें एचआरपीजी कॉलेज गेट के पूरब, डी थ्री रेस्टोरेंट के सामने, सुगर मिल तिराहे के पास, एचआरपीजी कॉलेज से पश्चिम बजाज की एजेंसी तक, एजेंसी से हाईवे की तरफ का स्थान चिह्नित किया गया है।

# शांतिपूर्ण मतगणना को प्रशासन कटिबद्ध

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। एचआरपीजी कॉलेज में मंगलवार को मतगणना होगी। इसके लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे के बीच मतगणना होगी। मुख्य गेट पर सादे वर्दी में पुलिस कर्मी चेकिंग करेंगे। शहर के पांच जगहों पर बैरियर लगाया जाएगा। वहीं शहर के प्रमुख प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा एक कंपनी पीएसी व एक कंपनी एसएसबी अतिरिक्त लगाई जाएगी।

> त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना कराए जाने की तैयारी की गई है। यातायात प्रबंधन, मोबाइल ड्यूटी, पिकेट ड्यूटी, पार्किंग ड्यूटी, क्रेन ड्यूटी, रस्सा पार्टी, विजयी प्रत्याशी की स्कोर्ट ड्यूटी, क्यूआरटी, रिजर्व ड्यूटी, फायर सर्विस ड्यूटी और रेडियो विभाग की ड्यूटी लगाई जाएगी।
>
> सत्यजीत गुप्ता, एसपी

मतगणना केंद्र एचआरपीजी कॉलेज में आईसोलेशन, इनर कार्डन और आउटर कार्डन बनाया गया है। मतगणना स्थल पर 13 इंस्पेक्टर, 89 सब इंस्पेक्टर और 456 मुख्य आरक्षी और आरक्षी की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा तीन महिला सब इंस्पेक्टर, 48 महिला सिपाही और दो प्लाटून पीएसी के जवान लगाए गए हैं। जिले के चारों सीओ को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जबकि एएसपी मॉनीटरिंग करेंगे। इसके अलावा मोबाइल टीमें होंगी। मोबाइल टीमें हाईवे पर सरैया बाईपास से लेकर मेंहदावल बाईपास चौराहे तक और एचआरपीजी कॉलेज से मधुकुंज तिराहे तक भ्रमणशील रहेंगी।

**इन स्थानों पर रहेगी पुलिस की पिकेट ड्यूटी :** सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए शहर के आठ स्थानों पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी लगाई गई है। इनमें मेंहदावल बाईपास चौराहे पर एक दरोगा, चार सिपाही, दो होमगार्ड और चार चौकीदार मौजूद रहेंगे। समय माता मंदिर एक दरोगा, छह सिपाही, चार होमगार्ड और 10 चौकीदार ड्यूटी करेंगे। मधुकुंज तिराहे पर एक दरोगा, छह सिपाही, चार होमगार्ड, 10 चौकीदार मौजूद रहेंगे। बैंक तिराहे पर एक दरोगा, चार सिपाही, चार होमगार्ड और 10 चौकीदार ड्यूटी करेंगे। मुखलिसपुर तिराहा पर एक दरोगा, चार सिपाही, चार होमगार्ड और 10 चौकीदार मौजूद रहेंगे। नेदुला तिराहे पर एक दरोगा, चार सिपाही, चार होमगार्ड और 10 चौकीदार ड्यूटी करेंगे। मड़या तिराहे पर एक दरोगा, चार सिपाही, चार होमगार्ड और दस चौकीदार उपलब्ध रहेंगे। विधियानी तिराहे पर एक दरोगा, चार सिपाही, चार होमगार्ड और दस चौकीदार ड्यूटी करेंगे।

# एएसपी, सीओ और 17 इंस्पेक्टर संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

## मतगणना को लेकर बनाया गया त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा, एसएसपी, पीएसी के जवान जगह-जगह रहेंगे तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। लोक सभा चुनाव की मतगणना को लेकर पुलिस-प्रशासन ने मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया है।

साथ ही शहर के हर चौराहों पर पुलिस कर्मियों को तैनात कर निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एएसपी, पांच सीओ समेत 17 इंस्पेक्टर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे।



पुलिस लाइंस में बैठक करते डीएम और एसपी। संवाद

मतगणना की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी भरकम सुरक्षा का खाका तैयार किया गया है। ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को आसानी से काबू में किया जा सके। सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगा। मतगणना स्थल एचआरपीजी कॉलेज के इर्द-गिर्द त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की रणनीति बनी है। इसके लिए 703 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, एक कंपनी एसएसबी और एक कंपनी पीएसी के जवान को तैनात किया जा रहा है। जो जगह-जगह मुस्तैद रहकर सुरक्षा की कमान संभालेंगे।

इसके अलावा फायर टेंडर और लोकल इंटेलीजेंस की टीम मौजूद रहेगी। सादे वर्दी में एलआईयू की टीम हर गतिविधि पर नजर रखकर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट करने का काम करेगी। साथ ही उच्चाधिकारी भी मतगणना स्थल समेत आसपास भ्रमण कर निगरानी करेंगे।

### चार स्थानों पर बनाया गया है बैरियर

एचआरपीजी कॉलेज मार्ग पर मतगणना के दौरान सुरक्षा को लेकर सामान्य आवागमन पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया गया है। सरैया से लेकर शुगर मिल रोड तक चार स्थानों पर बैरियर बनाया गया है। जहां से सघन जांच के बाद मतगणना कर्मी, प्रत्याशी और उनके एजेंट को प्रवेश दिया जाएगा। शुगर मिल तिराहा से एचआरपीजी कॉलेज मुख्य गेट से पहले तीन बैरियर बनाए गए हैं। इसके साथ ही सरैया हाइवे पर एक बैरियर बनाया गया है। कॉलेज मुख्य गेट और सरैया में बने बैरियर से सिर्फ बड़े अधिकारियों की ही गाड़ियां प्रवेश पा सकेंगी।

### जुलूस निकालने पर रहेगा प्रतिबंध

मतगणना के बीच अथवा बाद में हर तरह का जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। कोई भी प्रत्याशी अथवा उनके समर्थक जुलूस नहीं निकाल पाएंगे। विजयी प्रत्याशी को सुरक्षा घेरे में लेकर उनके आवास पर रवाना किया जाएगा। जो कोई भी प्रत्याशी अथवा उनका समर्थक जुलूस निकालेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

> मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था किया गया है। छह क्यूआरटी, 17 इंस्पेक्टर, 135 एसआई, एक कंपनी एसएसबी और एक कंपनी पीएसी का व्यवस्थापन है। शरारती तत्वों से निपटने के लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किया गया है। जो कोई भी माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, उसके साथ पुलिस टीम कठोरता के साथ पेश आएगी।
>
> शशि शेखर सिंह, एएसपी

# प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज, बढ़ गई है धड़कन

## प्रवीण दोबारा खिलाएंगे 'कमल' या आइएनडीआइए के पप्पू दौड़ाएंगे 'साइकिल', कयासबाजी हुई तेज

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: संतकबीर नगर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मंगलवार को हो जाएगा। शहर और देहात में किसके पक्ष में कैसा परिणाम आएगा, इसको लेकर कयासबाजी और तेज हो गयी है। भाजपा के प्रवीण निषाद इस सीट पर दोबारा 'कमल' खिलाएंगे या फिर आइएनडीआइए के सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत निषाद उर्फ पप्पू 'साइकिल' दौड़ाएंगे। बहरहाल प्रत्याशी व उनके समर्थक विजयी होने के लिए ईश्वर से कामना कर रहे हैं। जीत व हार पर सभी की निगाहें टिकी है।

भाजपा के प्रवीण निषाद पहली बार वर्ष 2019 में संतकबीर नगर संसदीय क्षेत्र में बसपा के भीष्मशंकर तिवारी उर्फ कुशल को हराकर सांसद बने थे। इस बार भी ये चुनाव मैदान में उतरे। इसलिए पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व उनके समर्थक सहित अन्य लोगों की निगाहें इन पर टिकी हुई हैं। ये चुनाव जीतकर दोबारा सांसद बन पाएंगे या नहीं ? इसकी चर्चा तेज है। जबकि दूसरी तरफ मेंहदावल से विधायक रहे व आइएनडीआइए के सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत निषाद उर्फ पप्पू पहली बार लोकसभा चुनाव में उतरे हैं। क्या ये गठबंधन का लाभ उठाकर सांसद बन पाएंगे या नहीं, 'साइकिल' दौड़ा पाएंगे या नहीं, इसकी भी चर्चा तेज है। मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर आम जनमानस भी संवेदनशील हो गया है। सभी को मतगणना परिणाम का इंतजार है।

संतकबीर नगर संसदीय क्षेत्र में ये हैं 11 प्रत्याशी : भाजपा प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद प्रवीण निषाद, आइएनडीआइए के सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत निषाद उर्फ पप्पू, बसपा प्रत्याशी नदीम अशरफ, सर्वजन आवाज पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र यादव उर्फ कर्नल साहब, नकी भारतीय एकता पार्टी के प्रत्याशी सुभाष चंद्र दूबे, प्रगतिशील समाज पार्टी के प्रत्याशी धीरज श्रीवास्तव, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप, निर्दल प्रत्याशी आनंद कुमार गौतम, मित्रसेन, रामकृष्ण द्विवेदी व सत्यवंत प्रताप सिंह चुनाव मैदान में है। मंगलवार को चक्रवार मतगणना समाप्त होने के बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। इनके किस्मत का फैसला इस दिन हो जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दल, उनके प्रत्याशी व अभिकर्ता अपितु आम जनमानस की निगाहें टिकी हैं।

(संबंधित खबर पेज चार पर)



मतगणना स्थल की जांच करते अधिकारी • जागरण



मतगणना स्थल की ओर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग की तैयारी करते मजदूर • जागरण

सुव्यवस्थित ढंग से मतों की गिनती के बाद चक्रवार परिणाम घोषित किए जाते रहेंगे। तेज धूप व गर्मी को देखते हुए मतगणना कक्ष में कूलर, पीने के लिए साफ पानी सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी हैं। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आएगी।

महेंद्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी

### किस विस में कितने पड़े हैं वोट

| विधानसभा | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग | कुल वोटर | मत पड़े थे (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| आलापुर(एससी) | 183671 | 169599 | 00 | 3,53,270 | 58.60 |
| मेंहदावल | 248874 | 217962 | 26 | 4,66,862 | 51.52 |
| खलीलाबाद | 249549 | 218142 | 01 | 4,67,692 | 52.09 |
| धनघटा(एससी) | 210944 | 183844 | 02 | 3,94,790 | 53.72 |
| खजनी (एससी) | 210281 | 179056 | 15 | 3,89,352 | 48.14 |
| योग | 1,03,319 | 9,68,603 | 44 | 20,71,966 | 52.64 |

# बच्चों के विवाद में मारपीट, चार पर केस

संतकबीरनगर। दुधारा थाना क्षेत्र के सफियाबाद गांव में बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सफियाबाद गांव निवासी अनीषा खातून ने बताया कि एक जून सुबह आठ बजे बच्चों के विवाद को लेकर विपक्षी जाहिद अली, साहिल, रहमतुन्निशा और राजिया खातून उनके दरवाजे पर आकर लाठी डंडा लेकर आए और गाली देने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। बीच-बचाव में आई बेटी को भी मारापीटा। संवाद

# मतगणना के दौरान रहे चौकस सुरक्षा व्यवस्था

- मतगणना स्थल का अधिकारियों के साथ एडीजे ने तैयारियों का लिया जायजा
- विधानसभावार बने मतगणना कक्ष व मतों की गिनती के लिए लगे टेबल को देखे

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन केएस प्रताप कुमार, मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज सोमवार को मतगणना स्थल एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद में पहुंचे। अधिकारियों ने डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ मतगणना कराने के निर्देश दिए। वहीं, एडीजी ने कहा कि मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखें। परिणाम की घोषणा के बाद किसी भी दशा में विजय जुलूस निकलने न पाए। इस पर विशेष ध्यान दें।



मतगणना स्थल एचआरपीजी कालेज का जायजा लेते एडीजी केएस प्रताप कुमार, मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज, डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता • फोटो सूचना विभाग

अधिकारियों ने कालेज में बनाए गए जनपद के तीनों विधानसभा के बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों की स्थिति देखी। मतों की गिनती के लिए लगाए गए टेबल, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को स्ट्रांग रूम से लाने व ले जाने के रास्ते को देखा। शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए बनायी गई त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां पर मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा विधानसभा के मतगणना के लिए बनाए गए अलग-अलग मतगणना कक्षों में पहुंचे। सभी सुविधाओं, व्यवस्थाओं व संसाधनों की बारीकी से जांच की। इन्होंने डीएम व एसपी से मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा के संचालन के संबंध में बातचीत की। अधिक गर्मी को देखकर पीने के लिए साफ पानी, शौचालय, कूलर, पंखे, आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश व्यवस्था आदि के बारे में डीएम, एसपी से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एडीएम जय प्रकाश, एएसपी शशि शेखर सिंह, एआरओ शैलेश दूबे, धनघटा के एआरओ उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसडीएम न्यायिक संजीव राय व डा. सुनील कुमार, खलीलाबाद के सीओ ब्रजेश सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता आरके पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# तीन घायलों को उपचार के लिए भिजवाया

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने विवाद के बाद हुई मारपीट की घटना के बाद मौके पर पहुंचकर तीन घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना महुली क्षेत्र के मोलनापुर गांव से किसी ने दो पक्षों में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट की घटना में तीन लोगों के घायल होने के संबंध में सूचना दी थी। संवाद

# हादसे में मौत के मामले में केस

**संतकबीरनगर।** थाना धनघटा पुलिस ने हादसे में हुए मौत के मामले में पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया है। पीड़ित गीता देवी निवासी चौराकला मड़पौना ने बताया कि 20 मई को रात आठ बजे उनके पति लालजी बेटे शिवम को बाइक से लेकर रिश्तेदारी से घर आ रहे थे। धनघटा से लगभग 200 मीटर आगे बढ़ते ही बंडा की तरफ सामने से एक गाड़ी चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# जानमाल की धमकी के आरोप में केस

**संतकबीरनगर।** धनघटा थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव में पिलर तोड़ने व जानमाल की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोनडीहा गांव निवासी शेषनाथ ने बताया कि वह अपनी जमीन पर कंटीला तार लगवाए थे। विपक्षी गीता देवी, गौतम और सुग्रीव पिलर को उखाड़कर तोड़कर फेंक दिया। संवाद

# 71 वाहनों चालकों से वसूला शमन शुल्क

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की। इस दौरान सभी एसओ व प्रभारी यातायात की संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए 71 वाहनों के चालकों से 1 लाख 23 हजार 000 रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

# अशांति फैलाने वाले आठ लोगों का चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में आठ लोगों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करते हुए अशांति फैलाने के आरोप में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। थाना मेंहदावल पुलिस ने छह और थाना महुली व बखिरा पुलिस ने एक-एक आरोपी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत कर दिया। संवाद

# रूट डायवर्जनः शुगर मिल मार्ग रहेगा बंद

संतकबीरनगर। एचआरपीजी कॉलेज में होने वाले लोकसभा चुनाव की मतगणना के चलते शुगर मिल से सरैया बाईपास तक रूट डायवर्जन किया गया है। यह मार्ग मंगलवार की भोर में पांच बजे से मतगणना समाप्ति तक पूरी तरह से बंद रहेगा। यहां से सिर्फ मतगणना कर्मी, प्रत्याशी व एजेंट ही अंदर जा सकेंगे।

एएसपी शशिशेखर सिंह ने बताया कि मंगलवार को एचआरपीजी कॉलेज में लोकसभा चुनाव का मतगणना कार्य होगा। खलीलाबाद से धनघटा की तरफ जाने वाले सभी बड़े व भारी वाहन नेशनल हाइवे रैना पेपर मिल के पास से मंझरिया, कटका, मैनसिर होकर जाएंगे। धनघटा की तरफ से आने वाले भारी वाहन मैनसिर, नौरंगिया से कटाई चौराहा होकर नेशनल हाइवे भुवरिया निकलेंगे।

साथ ही शहर क्षेत्र सरैया बाईपास की तरफ से आनें वाले समस्त वाहन मड़या, नेदुला और मेंहदावल बाईपास होकर शहर में प्रवेश करेंगे। शहर से सरैया बाईपास की तरफ जाने वाले वाहनों को शुगर मिल तिराहे से मोड़ दिया जाएगा। मतगणना में लगे कर्मी, प्रत्याशी, एजेंट व पुलिस कर्मियों के वाहन पार्किंग की व्यबस्था शुगर मिल के खाली पड़े मैदान में किया गया है।

रेलवे लाइन की तरफ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वाहन खड़ा होगा। संवाद

## जन सहयोग से लगवाया दो सीसीटीवी कैमरा

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने स्थानीय जन सहयोग से दो सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर दो कैमरा लगवाने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके साथ ही पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र एवं हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसामान्य से अपील की कि वह अपने घरों, कॉलोनियों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। एक कैमरे से सड़क को भी कवर करें। ताकि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# नर्सरी के लिए अनुदान पर बीजों की बिक्री शुरू हुई

परसपुर, संवाददाता। क्षेत्रीय काश्तकार गेंहू फसल सहेजने के बाद अब धान की खेती के लिए उसकी नर्सरी डालने की जुगत शुरू कर दी है। खेतिहर काश्तकारों ने अच्छी उपज वाली नर्सरी डालने के लिए बीजों की खरीददारी के लिये ब्लाक मुख्यालय के राजकीय कृषि बीज भंडार का परिक्रमा शुरू कर दिया है।

सप्ताह भर में यदि मौसम खुश मिजाज रहा तो खेतों में धान नर्सरी डालने की कवायद शुरू हो जाएगी। परसपुर ब्लाक पर राजकीय कृषि बीज भंडारण प्रभारी एडीओएजी कृषि अनूप सिंह चौहान ने बताया कि नर्सरी डालने के लिए अच्छी उपज वाली तमाम प्रजातियां अनुदान पर उपलब्ध है। जिसमें 917 सुगंधित प्रजाति मध्यम आकार के सीड जिसकी अवधि 135 से 140 दिन की है। धान विंध्यन सुरुचि महीन दाना, उत्पादन 24 से 26 कुंतल प्रति एकड़, नरेंद्र शिशिर धान जल भराव वाले क्षेत्रों के लिए उपयुक्त प्रजाति है ' यह प्रजाति 1 से 1.5 मीटर तक का जलभराव सहन कर सकती है। साथ ही यहां नरेंद्र धान 2065 और सांभा मंसूरी के साथ हाइब्रिड धान की कुछ प्रजातियां जैसे 6444 गोल्ड, 27पी31, 27पी63, यूएस 382, एस 7004 प्रजातियां उपलब्ध है। डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में उसके अनुदान की राशि हस्तांतरित की जाएगी।


# रंजिश को लेकर मारपीट में दस घायल, मुकदमा दर्ज

परसपुर, संवाददाता। थानाक्षेत्र के ग्राम सिंगरिया के संभाल पुरवा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में खूब लाठी डंडे चले। हमले के दौरान घायल हुए राजाराम, गिरीश, बेवी, विजयलक्ष्मी, पूजा, तुलसी व सोनी को और दूसरे पक्ष के डिम्पल, रामतीरथ व प्रदीप को उपचार के लिए सीएचसी पर दाखिल कराया गया है। दोनों पक्षों के तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ धमकी सहित मारपीट का केस दर्ज किया है।

सीताराम का आरोप है कि पूर्व में हुए विवाद को लेकर लाठी डंडो से लैस रामतीरथ, गिरजा शंकर, प्रदीप व राजू ने घर चढ़कर धमकी देते हुए उसके भाई राजाराम को पीट दिया। छह लोग और चोटिल हुए हैं। दूसरे पक्ष के डिम्पल का आरोप है कि रंजिश में लाठी डंडे से लैस राम आशीष, हरीश, राजाराम, सीताराम उसके सहन दरवाजे के सामने रोड पर आकर धमकी देते हुए उसे पीट दिया। हमले के दौरान बचाव में आए राम तीरथ व प्रदीप भी घायल हो गए। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया दोनों तरफ से तहरीर मिलने पर चार चार लोगों के विरुद्ध थाने में मारपीट का केस दर्ज हुआ है।

# सात ज्योतिर्लिंगों का दर्शन कराएगी भारत गौरव ट्रेन

गोण्डा, संवाददाता। रेलवे की भारत गौरव ट्रेन पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरों का दर्शन कराएंगी। इस ट्रेन का संचालन आईआरसीटीसी की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए किया गया है। रेलवे इसके माध्यम से स्थानीय और क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास में तेजी से जुटा हुआ है। 26 जून को गोरखपुर से रवाना होगी वाली ट्रेन सात ज्योतिर्लिंगों का दर्शन श्रद्धालुओं को कराएगी। इसकी जानकारी कामर्शियल स्टाफ यात्रियों को देने में जुटा है। रेलवे की तरफ से चलाई गई भारत गौरव ट्रेन इस बार पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरेगी। इनमें ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ, नागेश्वर, त्रंबकेश्वर, घृणेश्वर एवं भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग का दर्शन ट्रेन से सफर करने वाले श्रद्धालु आसानी से कर सकेंगे। यह विशेष ट्रेन 26 जून से 8 जुलाई तक 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए चलाई जाएगी। इस ट्रेन पर गोरखपुर, कप्तानगंज, थावे, सीवान, छपरा, बनारस, प्रयागराज, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन, झांसी, ललितपुर और बीना स्टेशनों पर यात्री उतर-चढ़ सकेंगे। यात्रियों की जानकारी देने के लिए मंडल वाणिज्य निरीक्षक और कामर्शियल स्टाफ को निर्देश जारी किया गया है।



### कब कहां पहुंचेगी ट्रेन

भारत गौरव ट्रेन इस सफर में द्वारकाधीश का दर्शन भी श्रद्धालुओं को कराएगी। 27 जून को यह ट्रेन महाकालेश्वर का दर्शन कराएगी इसके लिए उज्जैन में रूकेगी। 29 को नागेश्वर नाथ ज्योतिर्लिंग, एक जुलाई को सोमनाथ, दो जुलाई को त्रयंबकेश्वर, 4 जुलाई को भीमाशंकर, 5 जुलाई को घृणेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराने के लिए औरंगाबाद में रूकेगी। छह जुलाई को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराने के लिए खंडवा स्टेशन पहुंचेगी।

**होटल में रुकने और सड़क मार्ग का भी जुड़ा रहेगा किराया:** रेलवे की तरफ से यात्रियों से होटल में रुकने और सड़क मार्ग से होकर विभिन्न स्थानों को जाने के लिए जो किराया लगेगा उसका पैसा जोड़कर एकमुश्त लिया जाएगा। इससे यात्रियों को बार-बार पैसा देना नहीं पड़ेगा। खास बात यह है कि यात्री जिस क्लास का सफर कर रहे होंगे उसी क्लास का होटल यात्रियों को विभिन्न शहरों में उपलब्ध कराया जाएगा। यात्रा की बुकिंग राशि में सुबह चाय, नाश्ता दोपहर का और रात्रि का शाकाहारी भोजन दिया जाएगा।

**क्या कहते हैं अधिकारी:** रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस ट्रेन का संचालन किया गया है इस गाड़ी में कंफर्ट श्रेणी में 49, स्टैंडर्ड श्रेणी में 70 तथा इकोनॉमी में 648 बर्थ सहित कुल 767 बर्थ उपलब्ध हैं।

# मतगणना निष्पक्ष कराई जाए : हीरालाल



सोमवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते सपा के पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव।

गोंडा संवाददाता। समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी और गोंडा के प्रभारी हीरालाल यादव ने कहा कि मतगणना निष्पक्ष कराई जाए। जिससे मतदाताओं ने जिन उम्मीदों से अपने मत का प्रयोग किया है उन्हें तसल्ली मिल सके।

सपा के पूर्व एमएलसी ने कार्यकर्ताओं व पार्टी के पदाधिकारियों से कहा कि मतगणना में लगा कोई भी कर्मचारी और अधिकारी यदि किसी प्रकार का गलत करने की कोशिश करता है तो इसका पुरजोर विरोध करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना को निष्पक्ष बनाने में अहम भूमिका अदा करें । जिससे पार्टी के प्रत्याशी को न्याय मिल सके। सोमवार को सपा के जिला प्रभारी गोंडा में थे और वह समाजवादी पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 70 सीटों पर इंडिया गठबंधन और सपा के प्रत्याशी जीत रहे हैं जिससे परेशान होकर बीजेपी सरकारी मशीनरी से दबाव बना रही है। ऐसा ही कुछ कार्य इन्होंने अन्य प्रदेशों में पहले भी किया था जिसका देश स्तर पर विरोध भी हुआ है। जिसको जनता जानती है। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खां, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, बैजनाथ दुबे, सूरज सिंह, संजय विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

बहराइच बाईपास स्थित गल्ला मंडी में मतों की गिनती सुबह आठ बजे से होगी, गोंडा-कैसरगंज में किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

# प्रत्याशियों की किस्मत का आज खुलेगा पिटारा

**तैयारी**

गोंडा, संवाददाता। गोंडा और कैसरगंज संसदीय क्षेत्र के तहत जिले की सात विधानसभा सीटों पर पड़े वोटों की गिनती मंगलवार सुबह आठ बजे गल्ला मंडी में होगी। बीते 20 मई को जिले के 2726 बूथों पर मतदाताओं ने वोट का चोट की थी। डीएम/डीईओ नेहा शर्मा ने बताया कि कुल 108 मेजों पर वोटों की गिनती कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर कार्मिकों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर के इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। उधर, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने अफसरों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अफसरों को चाक-चौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिए।

**तीसरे रैंडमाइजेशन के बाद कार्मिकों की टेबल तय होगी:** डीएम ने बताया कि शहर में बहराइच इमलिया गुरुदयाल में स्थित नवीन गल्ला मंडी में सुबह छह बजे के बाद स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। तीसरे रैंडमाइजेशन के बाद मतगणना कार्मिकों की टेबल एलॉट की जाएगी। उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों को पास जारी कर दिए गए हैं। इन लोगों को सुबह सात बजे से मतगणना स्थल पर प्रवेश दिया जाएगा। डीएम नेहा शर्मा ने सोमवार को मतगणना स्थल पर अफसरों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



सोमवार को गल्ला मंडी में अफसरों के साथ ब्रीफिंग करती डीएम नेहा शर्मा।

**कार्मिकों को दूसरी बार दिया गया प्रशिक्षण:** मतगणना कर्मियों को दूसरा प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न कराया गया। साढ़े पांच सौ अस्सी के करीब कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। तीस प्रतिशत कर्मी रिजर्व रखे जायेंगे। उन्होंने मतगणना कर्मियों से समय से मतगणना स्थल पर पहुंचकर मतगणना शुरू कराने के निर्देश दिया है। एडीएम चंद्र शेखर ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव की मतगणना कराई जायेगी। जिले की सात विधानसभा सीटों पर 14-14 मेजों पर ईवीएम मशीनों के वोटों की गिनती की जायेगी। विधानसभावार एआरओ और आरओ की टेबल अलग से लगाई जायेगी। हर टेबिल पर पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर, गणना सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल किए गए हैं। वहीं पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस वोटों की मतगणना के लिए 10 टेबल लगाई जाएंगी। गोंडा-कैसरगंज लोकसभा सीट पर बीस लाख 11 हजार नौ सौ सत्तर मत पड़े हैं। एडीएम चंद्र शेखर ने बताया कि आठ बजे से मतगणना शुरू होगी जो लगभग छह घंटे में संपन्न की जायेगी।

- जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती 98 मेजों पर
- दोनों सीटों पर पोस्टल बैलट की गिनती के लिए 10 मेजें सजाई गईं



सोमवार को गल्ला मंडी में ब्रीफिंग में मौजूद अफसर।

## गोंडा में कहां कितने चक्र में पूरी होगी मतगणना

| विस | बूथ | वोट पड़े | चक्र |
|---|---|---|---|
| उतरौला | 463 | 1,94,701 | 33 |
| मेहनौन | 397 | 2,11,861 | 28 |
| गौरा | 356 | 1,75,460 | 25 |
| मनकापुर | 365 | 1,81,572 | 26 |
| गोंडा सदर | 404 | 1,87,800 | 29 |

## कैसरगंज में कहां कितने चक्र में पूरी होगी मतगणना

| विस | बूथ | वोट पड़े | चक्र |
|---|---|---|---|
| करनैलगज | 373 | 1,79,941 | 27 |
| कटराबाजार | 444 | 2,26,212 | 32 |
| तरबगज | 387 | 207850 | 28 |
| पयागपुर | 419 | 223695 | 30 |
| कैसरगज | 394 | 222878 | 28 |



सोमवार को एलबीएस मे प्रशिक्षण लेते मतगणना कार्मिक।

## कैसरगंज और पयागपुर की गिनती बहराइच में

पाचवे चरण मे डाले गए कैसरगज ससदीय सीट के कैसरगज और पयागपुर विधानसभा क्षेत्र की दो सीटो के वोटों की मतगणना बहराइच जिला मुख्यालय पर होगी। वहीं, गोडा लोकसभा सीट अतर्गत उतरौला विधानसभा सीट के वोटों की गिनती बलरामपुर मे कराई जायेगी।

# कार्यशाला में कराया गीतों का पुनराभ्यास

बेलसर। महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से ग्रीष्मकालीन संस्कार गीतों की प्रस्तुति परक 15 दिवसीय कार्यशाला में 9 वें दिन अब तक सिखाए गए अवधी संस्कार गीतों का पुनराभ्यास कराया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने कहा कि संस्कार गीत सहज भावनाओं को उद्बोधित करते हैं। जीवन के हर छोटे-बड़े संस्कार से जुड़े इन गीतों में जीवन के अनुभव और स्वाभिवकता के दर्शन होते हैं। ऋतु गीत की विभिन्न विधाओं जैसे चैता, कजरी, सावन, होरी गीत की बारीकियों बताते हुए उनका प्रशिक्षण दिया।

# दो एएसपी संग दो हजार जवान संभालेंगे मोर्चा

**सुरक्षा**

गोंडा, संवाददाता। जिले के इमलिया गुरुदयाल कृषि उत्पादन मंडी समिति में मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मतगणना परिसर को अभेद किले से तैयार किया गया है। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए दो एएसपी और चार सीओ के साथ पुलिस, पीएसी और अर्धसानिक बल के जवान मोर्चा संभालेंगे।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्ण और पारदर्शी संपन्न होगी। इसके लिए एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत को मतगणना और आउटर कार्डन प्रभारी, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय को इनर कार्डन का प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ सीओ सिटी विनय कुमार सिंह, सीओ सदर शिल्पा वर्मा, सीओ करनैलगंज सीपी शर्मा, सीओ मनकापुर राजेश सिंह, प्रशिक्षु सीओ नित्या गोस्वामी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि मतगणना स्थल पर पांच प्रभारी निरीक्षक, 25 निरीक्षक, 164 दरोगा, सात महिला दरोगा के साथ 1250 से अधिक पुरुष और महिला जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर दो कंपनी पीएसी व एक कंपनी अर्ध सैनिक बल के जवानों को लगाया गया है। वहीं परिसर में एलआईयू के साथ क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।



सोमवार को मंडी समिति में आयोजित ब्रीफिंग में मौजूद पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान।

- 1250 से अधिक पुरुष और महिला जवानों की ड्यूटी लगाई गई
- चुनाव के मतगणना परिसर को अभेद किले से तैयार किया गया

# इंतजार खत्म... किसके सिर ताज, फैसला आज

## सुबह आठ बजे से शुरू होगी वोटों की गिनती, 12 प्रत्याशियों की किस्मत और जनमत होंगे सबके सामने

जासं• गोंडा : लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट के लिए चुनाव लड़ रहे 12 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम से बाहर आएगी। मंगलवार को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है।

पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव जिले में 20 मई को हुआ था। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 11 हजार 970 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदान के बाद ईवीएम नवीन गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई है। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कैसरगंज व पयागपुर के मतों की गिनती बहराइच व गोंडा लोकसभा क्षेत्र के उतरौला विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती बलरामपुर जिले में होगी। दोनों लोकसभा क्षेत्र के पोस्ट बैलेट व ईटीपीबीएस मतों की गिनती गोंडा नवीनगल्ला मंडी में रिटर्निंग आफिसर के टेबल पर होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएगी। पोस्टल व ईटीपीबीएस की गिनती के लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में पांच-पांच टेबल अलग से लगेंगी। मंगलवार को मतगणना को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए 108 टेबल लगवाए हैं। नवीन गल्ला मंडी में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल ने अधिकारियों के साथ बैठक करके आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान प्रत्याशी व उनके एजेंट कभी-कभी दबाव में उत्तेजित हो जाते हैं, इसलिए मतगणना कार्मिक अपना धैर्य बनाए रखें। सभी लोग अपना कार्य करें। किसी के दबाव में न आएं। यदि किसी मतगणना कार्मिक को कोई दिक्कत हो तो तत्काल संबंधित एआरओ को जानकारी दें। मतगणना में विलंब न होने पाए, इसका सभी कार्मिक विशेष ध्यान रखें।





नवीन गल्ला मंडी में लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर उपस्थित अधिकारी व नवीन गल्ला मंडी में लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर निर्देश देती जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा, उपस्थित एसपी विनीत जायसवाल, सीडीओ एम. अरून्मोली व एडीएम चंद्रशेखर • सौ. सूचना विभाग

**गोंडा लोकसभा के उम्मीदवार**

| प्रत्याशी का नाम | दल |
| --- | --- |
| कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| श्रेया वर्मा | सपा |
| सौरभ मिश्र | बसपा |
| राघवेंद्र-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | |
| विनोद कुमार सिंह-भारत उदय निर्माण पार्टी | |
| अरुणिमा पांडेय | निर्दल |
| राजकुमार | निर्दल |
| राम उजागर | निर्दल |

मतगणना के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है

**कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार**

| प्रत्याशी का नाम | दल |
| --- | --- |
| करण भूषण सिंह | भाजपा |
| भगतराम मिश्र | सपा |
| नरेंद्र पांडेय | बसपा |
| अरुणिमा पांडेय | निर्दल |

**नहीं होगी बिजली कटौती**

मतगणना के दौरान बिजली कटौती की नही जाएगी। लाइनों की मरम्मत करा दी गई है। सभी कर्मचारियों को सक्रिय किया गया है। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आशीष सिन्हा ने बताया कि शेड्यूल में परिवर्तन किया गयाहै। मतगणना के दौरान अधिशासी अभियता, उपखड अधिकारी, अवर अभियंता व कर्मचारियों को सक्रिय किया गया है। लाइनों की देखरेख के लिए अलग-अलगटीमें बनाई गई हैं। कहीं से कटौती की शिकायत मिलने से तत्काल समस्या का समाधान करने को कहा गया है।

**बड़गांव से मिश्रौलिया चौराहे पर जाने वाले मार्ग पर नहीं चलेंगे वाहन :** नवीन गल्ला मंडी में लोकसभा चुनाव मतगणना को लेकर पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने कहा कि तीन जून की रात दस बजे से मतगणना समाप्ति तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। एएसपी ने कहा कि लखनऊ की ओर से आने वाले समस्त बड़े वाहन जिन्हें अयोध्या, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती जाना है वह सभी अंबेडकर चौराहे से पोस्ट आफिस तिराहे के रास्ते कटहाघाट सद्भावना होते हुए जाएंगे एवं इसी रास्ते वापस आएंगे। बहराइच से लखनऊ जाने वाले वाहन आर्यनगर से कर्नलगंज के रास्ते आएंगे व इसी रास्ते वापस जाएंगे। बहराइच से बलरामपुर, श्रावस्ती व अयोध्या जाने वाले वाहन ठड़वरिया जगदीशपुर तिराहा से पंडरीकृपाल चौराहे के रास्ते विश्वागनेश चौराहा होते हुए मनकापुर तिराहा के रास्ते आवागमन करेंगे। बड़गाव चौराहे से मिश्रौलिया चौराहे तक समस्त वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, मतगणना में लगे कर्मियों, पोलिंग एजेंट के वाहन जो बड़गाव की ओर से आएंगें वह सभी संस्कृत महाविद्यालय में अपने वाहन पार्क कर पैदल गल्ला मंडी समिति जाएंगे। मिश्रौलिया चौराहे की ओर से आने वाले मतगणना कर्मियों व पोलिंग एजेंट के वाहनों को ट्रंम हास्पिटल के सामनें खाली पड़े मैदान में पार्क कर पैदल गल्ला मंडी समिति जाएंगे।

# बाहरी वाहनों के लिए आज मार्ग परिवर्तन किया जाएगा

- पोलिंग एजेंट के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बने
- मतगणना में लगे कर्मियों के वाहनों का ही प्रवेश होगा

गोंडा, संवाददाता। जिले में लोकसभा चुनाव के वोटों की मतगणना नवीन गल्ला मंडी में मंगलवार को होगी। इसको पुलिस ने गल्ला मंडी मार्ग से मार्ग का परिवर्तन किया है। पुलिस ने गल्ला मंडी में होने वाली लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती को लेकर रविवार दस बजे से मतगणना संपन्न होने तक मार्ग परिवर्तन किया है।

ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि लखनऊ की ओर से आने वाले सभी बड़े वाहन जिन्हे अयोध्या, बलरामपुर, बहराइच, और श्रावस्ती जाना है। वे सभी अम्बेडकर चौराहे से पोस्ट ऑफिस तिराहे के रास्ते कटहाघाट सद्भावना चौराहे से जायेंगे और इसी रास्ते वापसी भी करेंगे। बहराइच से लखनऊ जाने वाले वाहन आर्यनगर से करनैलगंज मार्ग से निकलेंगे। बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर के वाहन ठड़वरिया जगदीशपुर तिराहा से पंडरी कृपाल चौराहे से होते हुए विश्वागनेश चौराहे से मनकापुर होकर निकलेंगे।

एसपी ने बताया कि मंगलवार सुबह मतगणना शुरू होने से लेकर संपन्न होने तक बड़गांव चौराहे से की गिनती की जायेगी। जिसकी तैयारी में मतगणना में लगे कर्मियों के वाहन तथा पोलिंग एजेंट के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। एसपी

## तीन मेडिकल टीम का किया गया गठन

गोंडा। लोकसभा चुनाव के वोटों की मतगणना मंगलवार को गल्ला मंडी में होगी। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि मतगणना स्थल पर मतगणना कर्मियों और एजेंटों के लिए तपती धूप को देखते हुए बचाव के लिए तीन मेडिकल टीम का गठन किया गया है। जो एंबुलेंस के साथ मुस्तैद रहेगी। उन्होंने बताया कि गर्मी से निजात पाने के लिए दो हजार ओआरएस पाउडर का पैकेट रखा जायेगा। वहीं मतगणना कर्मियों को भोजन और नाश्ते की जिम्मेदारी प्रशासन ने अफसरों को सौंपी है।

# मतगणना के लिए दलों की रणनीति तैयार

संसू, जागरण● गोंडा : राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव का मैदान फतह करने के लिए दो महीने तक जी तोड़ मेहनत की। मतदाताओं को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। 20 मई को मतदान के बाद अब मंगलवार को फैसले की घड़ी है, इसके लिए राजनीतिक दलों ने पूरी तैयारी की है। दलों से लेकर प्रत्याशियों तक ने अलग-अलग रणनीति बनाई है। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट के चुनाव परिणाम पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।


जानकीनगर स्थित भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों से मतगणना को लेकर चर्चा करते जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ● जागरण

**लोकसभावार बनी रणनीति :** बहराइच रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर मतगणना के दिन परिणाम पर नजर रखने के लिए लोकसभावार पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह विधानसभावार एजेंटों के संपर्क में रहकर स्थिति पर नजर रखेंगे। जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया कि पदाधिकारियों को लगाया गया है। मतगणना के दौरान हर टेबल के हिसाब से एजेंट लगाए जा रहे हैं। साथ ही कार्यालय पर एलईडी टीवी की व्यवस्था की गई है। यहां पर एक हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था की गई है।

**हर तरह से मुस्तैद रहने का दावा :** सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने बताया कि मतगणना को लेकर पार्टी कार्यालय पर कार्यालय प्रभारी को सुबह पांच बजे ही पहुंचने को कहा गया है। वह पार्टी कार्यालय पर आने वाले कार्यकर्ताओं को स्थिति से अवगत कराएंगे।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अनुभवी व वरिष्ठ कार्यकर्ता बुलाए गए हैं। जिलास्तरीय पदाधिकारी भ्रमणशील रहेंगे। विधानसभावार मतगणना स्थल पर एजेंट लगाए जा रहे हैं। पार्टी प्रत्याशी भी हरेक बिंदु पर नजर रखेंगे। महाराजगंज स्थित कांग्रेस भवन में मतगणना से जुड़े हर गतिविधियों की जानकारी करने की व्यवस्था की जा रही है। जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र स्वयं निगरानी की कमान संभाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि कि मतगणना को लेकर हरेक बिंदु पर नजर रखी जा रही है। आवास विकास स्थित बसपा कार्यालय पर भी परिणाम पर नजर रखने के लिए पार्टी प्रवक्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार कनौजिया ने कहा कि मतगणना को लेकर सभी तैयारी पूरी है।

# 'मतगणना में गड़बड़ी की तो मुंहतोड़ जवाब देंगे'



सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता करते लोकसभा प्रभारी हीरालाल यादव, जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व मंत्री वाईपी सिंह व पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे • जागरण

जासं• गोंडा : यूपी में इंडिया गठबंधन 70 से ज्यादा सीटें जीतेगा। एग्जिट पोल के सभी दावे चार जून को होनी वाली मतगणना में गलत साबित होंगे। यह बात सोमवार को सपा कार्यालय में लोकसभा प्रभारी व पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव ने प्रेसवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि यूपी की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन से भाजपा की सीधी लड़ाई है। चुनाव में गड़बड़ी को लेकर गलत एग्जिट पोल दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि मतगणना में गड़बड़ी हुई तो सपा व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने मतगणना निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, सपा नेता सूरज, मसूद आलम, जावेद मंटू उपस्थित रहे।

# कैसरगंज में सांसद समेत दस की प्रतिष्ठा दांव पर

जासं• गोंडा : कैसरगंज सीट पर भाजपा ने इस बार सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है। सपा ने भगतराम मिश्र व बसपा ने नरेंद्र पांडेय पर दांव लगाया है। सांसद बृजभूषण शरण सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, पयागपुर में भाजपा के सुभाष त्रिपाठी, कर्नलगंज में अजय सिंह व तरबगंज से प्रेम नरायन पांडेय विधायक की प्रतिष्ठा पर दांव पर है। यहां से सपा विधायक आनंद यादव, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी महफूज खां की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

# कुश्ती : एशियन चैंपियनशिप के ट्रायल के लिए 60 पहलवानों ने किया क्वालीफाई



नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दूसरे को पटखनी देते पहलवान • जागरण



नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ करते उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष करण भूषण सिंह • जागरण

संसू, जागरण • नवाबगंज (गोंडा) : राज्य स्तरीय अंडर-17 व अंडर-23 आयु वर्ग की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले पहलवानों ने एशियन चैंपियनशिप के ट्रायल को लेकर क्वालीफाई किया है। अलग-अलग आयु वर्ग की प्रतियोगिता में 60 पहलवान ट्रायल के लिए चयनित किए गए हैं। प्रत्येक आयु वर्ग में ग्रीकोरोमन, फ्री स्टाइल व महिला कुश्ती के दस-दस पहलवान शामिल हैं। अंडर-17 आयु वर्ग के पहलवानों का ट्रायल भारतीय कुश्ती संघ सात जून को नई दिल्ली के केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में कराएगा।

नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष करण भूषण सिंह ने पहलवानों को शुभकामनाएं दी। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले 40 पुरुष व 39 महिला पहलवानों को पदक वितरित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन कुश्ती कोच प्रेमचंद यादव, सहयोग सुधीर यादव व दीपनारायण पहलवान ने किया। प्रशासक राम कृपाल सिंह, डा. नवीन सिंह, डा. अभिषेक पांडेय, कोच सुभाष उपस्थित रहे।

फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता का परिणाम : अंडर-23 आयु वर्ग की 61 किलोग्राम भारवर्ग में यूपी पुलिस के विशाल सहनी प्रथम, अमरोहा के विदेश यादव द्वितीय, लखनऊ के विशेष कुमार यादव व शामली के रेवती मलिक ने तृतीय,70 किग्रा. भारवर्ग में अयोध्या के अश्वनी यादव पहला, गोंडा के अनुराग दूसरा, फिरोजाबाद के विकास यादव व देवरिया के आनंद ने तीसरा, 92 किग्रा. भारवर्ग में गाजियाबाद के कपिल पवार ने प्रथम, लखनऊ के विशाल कुमार ने द्वितीय, यूपी पुलिस के लोकेंद्र यादव व भदोही के गोविंद कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 51 किग्रा. भार वर्ग में गाजियाबाद के शिवम पहले, बागपत के आदित्य दूसरे, शामली के रिषभ व मथुरा के शिवराम ने तीसरा स्थान, 55 किग्रा. भार वर्ग में बागपत के अनुज तोमर प्रथम, कुशीनगर के रौनक सिंह द्वितीय, गोरखपुर के आशुतोष कुमार व एसबी नगर के धर्मेंद्र ने तृतीय स्थान, 125 किग्रा. भारवर्ग में गाजियाबाद के प्रशांत कुमार पहला, बागपत के मयंक तोमर दूसरा, हाथरस के धीरज कुमार व गोंडा के गुलविंदर सिंह तीसरे स्थान पर रहे। 63 किग्रा. भार वर्ग में बागपत के मुकुल प्रथम, आजमगढ़ के राम प्रवेश यादव द्वितीय, मेरठ के विनीत कुमार व गोरखपुर के यशवीर यादव तृतीय, 97 किग्रा. भार वर्ग में कुशीनगर के अनंत कुमार ने पहला, गाजियाबाद के शिवांश बंसल ने दूसरा, गोरखपुर के अभिषेक पांडेय व मुजफ्फरनगर के विशु बलियान ने तीसरा स्थान हासिल किया। 55 किग्रा. भार वर्ग में गोरखपुर के विजय यादव पहला, वाराणसी के दिनेश यादव दूसरा, चंदौली के सुनील यादव व सहारनपुर के मैंदी कुमार ने तीसरा स्थान, 82 किग्रा भारवर्ग में बागपत के रितिक कुमार प्रथम, बुलंदशहर के निशांत कुमार द्वितीय, गाजीपुर के कृष्णानंद यादव व नंदिनी नगर के प्रियांशु सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 72 किग्रा. भार वर्ग में नंदिनीनगर के आशू पाल ने पहला, बागपत के प्रिंस ने दूसरा, गोंडा के मनीष कुमार यादव व शामली के बादल ने तीसरा, 60 किग्रा भार वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस के अनूप कुमार यादव ने प्रथम, गाजीपुर के राजन द्वितीय, चंदौली के अजीत व मेरठ के सत्येंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विजेता होगा कोई एक, उम्मीद लगाए अनेक

जासं• गोंडा : लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर भले ही एग्जिट पोल व लोगों के तर्क अलग-अलग हों, लेकिन यहां उम्मीदवार अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। कोई पीएम मोदी व सीएम योगी के कार्यों पर जनता की मुहर लगा रहा है तो कोई बेरोजगार, महंगाई के सहारे बदलाव की उम्मीद संजोए हुए है।



चुनाव में मतदाताओं ने बिना किसी भेदभाव के मुझे समर्थन दिया है। मुझे हर वर्ग का मत मिला है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं राशन, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला गैस योजना, बेहतर कानून व्यवस्था के साथ ही भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को ध्यान में रखकर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। – **करण भूषण सिंह,** भाजपा प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र



मेरा चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है। मतदाताओं ने विकास की उम्मीद व बदलाव को लेकर मतदान किया है। मुझे सभी वर्ग का वोट मिला है। बेरोजगारी के मुद्दे पर युवाओं, महंगाई को लेकर महिलाओं व बेसहारा पशुओं से परेशान किसानों ने अपना समर्थन मुझे दिया है।

– **भगतराम मिश्र,** सपा प्रत्याशी कैसरगंज



मतदाताओं ने विकास की उम्मीद व बदलाव को लेकर मतदान किया है। इस बार जनता स्वयं चुनाव लड़ रही थी। बेरोजगारी के मुद्दे पर युवाओं, महंगाई को लेकर महिलाओं व बेसहारा पशुओं से परेशान किसानों ने अपना समर्थन मुझे दिया है। – **श्रेया वर्मा,** सपा प्रत्याशी गोंडा लोकसभा क्षेत्र



भाजपा व सपा से निराश जनता को सिर्फ बसपा से ही उम्मीदें थी। चुनाव में मुझे अपार स्नेह व समर्थन मिला है। बसपा सरकार के कार्यों को जनता आज भी याद करती है। कैडर वोट के अलावा ब्राह्मण व पिछड़े वर्ग का मत मिला है।

– **सौरभ मिश्र,** बसपा प्रत्याशी गोंडा लोकसभा क्षेत्र



जनता आज भी पार्टी प्रमुख मायावती के शासनकाल को याद करती है। इस चुनाव में पार्टी के कैडर वोट के अलावा ब्राह्मण व पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं ने मुझे समर्थन दिया है। उन्हें भाजपा, कांग्रेस और सपा से नहीं बसपा से उम्मीदें हैं।

– **नरेंद्र पांडेय,** बसपा प्रत्याशी कैसरगंज

यह देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का चुनाव था। जनता ने पीएम मोदी व सीएम योगी के विश्वास को मजबूत करने के लिए मतदान किया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं राशन, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला गैस योजना, बेहतर कानून व्यवस्था के साथ ही भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को ध्यान में रखकर में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

– **कीर्तिवर्धन सिंह,** भाजपा प्रत्याशी गोंडा लोकसभा क्षेत्र



# गोंडा की 29 चक्र में पूरी हो जाएगी मतगणना

- कैसरगंज की 32 राउंड, आठ से दस मिनट में पूरा होगा एक चक्र
- प्रत्येक चक्र के मतगणना के आंकड़े किए जाएंगे प्रदर्शित

संसू, जागरण • गोंडा : लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र की मतगणना 32 चक्र व गोंडा लोकसभा क्षेत्र की मतगणना 29 चक्र में पूरी होगी, प्रत्येक चक्र के मतों की गिनती में औसतन आठ से दस मिनट लगेंगे। मतगणना को लेकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाई जाएगी।

प्रत्येक चरण की मतगणना के बाद आंकड़े निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे, इसके साथ ही एलईडी, लाउडस्पीकर से भी लगातार परिणाम बताया जाएगा। नवीन गल्ला मंडी में डाटा सेंटर बनाया जाएगा। ईवीएम से मतों की गणना से पूर्व पोस्टल बैलेट व ईटीपीबीएस मतों की गिनती आरओ टेबल पर होगी। पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव जिले में 20 मई को हुआ था। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 11 हजार 970 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कैसरगंज व पयागपुर के मतों की गिनती बहराइच व गोंडा लोकसभा क्षेत्र के उतरौला विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती बलरामपुर जिले में होगी। दोनों लोकसभा क्षेत्र के पोस्ट बैलेट व ईटीपीबीएस मतों की गिनते गोंडा नवीनगल्ला मंडी में रिटर्निंग आफिसर के टेबल पर होगी।

**मतगणना हाल में मोबाइल नहीं ले जाएंगे कार्मिक :** लोकसभा चुनाव की मतगणना में लगा कोई कर्मचारी काउंटिंग हाल में मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। टेबल पर मतगणना एजेंट को सील दिखाने के बाद ही ईवीएम खोली जाएगी। यदि किसी ईवीएम की सील टूटी हुई है या फिर अन्य कोई दिक्कत है तो संबंधित कर्मचारी को इसकी जानकारी आरओ व एआरओ को देनी होगी।

**मतगणना स्थल पर इन वस्तुओं के जाने पर रहेगा प्रतिबंध :** मतगणना एजेंट या कर्मचारी को मोबाइल फोन, लाइटर, माचिस, हथियार अन्य कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण या ज्वलनशील वस्तु मतगणना परिसर में ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है। वाहनों का प्रवेश भी वर्जित रहेगा।



मतगणना स्थल के पास बोलेरो सवार से पूछताछ करती एलआइयू की टीम • जागरण

## गोंडा में विधानसभावार ईवीएम व मतदान के आंकड़े

| विधानसभा क्षेत्र | बूथ | पड़े वोट | मतगणना चक्र |
|---|---|---|---|
| मेहनौन | 397 | 211861 | 29 |
| गोंडा सदर | 404 | 187800 | 29 |
| मनकापुर | 365 | 181572 | 27 |
| गौरा | 356 | 175460 | 26 |
| कटराबाजार | 444 | 226212 | 32 |
| कर्नलगंज | 373 | 179941 | 27 |
| तरबगंज | 387 | 207850 | 28 |
| योग | 2726 | 1370696 | 195 |

## बहराइच में होगी दो विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती

| विधानसभा क्षेत्र | बूथ | पड़े वोट | मतगणना चक्र |
|---|---|---|---|
| पयागपुर | 419 | 223695 | 30 |
| कैसरगंज | 394 | 222878 | 29 |

## बलरामपुर में होगी एक विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती

| विधानसभा क्षेत्र | बूथ | पड़े वोट | मतगणना चक्र |
|---|---|---|---|
| उतरौला | 463 | 194701 | 29 |

# पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती, फिर खुलेगी ईवीएम



एलबीएस डिग्री कालेज मे जानकारी देते जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी • जागरण



एलबीएस डिग्री कालेज में प्रशिक्षण मे मौजूद मतगणना कार्मिक • जागरण

संसू, जागरण • गोंडा : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, इसके बाद ईवीएम खुलेगी। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट के मतों की गिनती के लिए 204 टेबल लगाई गई है, इनमें से ईवीएम व पोस्टल बैलेट की अलग-अलग टेबल शामिल है। 816 कार्मिक मतगणना संपन्न कराएंगे। वहीं, उम्मीदवारों ने मतगणना को लेकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15-15 एजेंट बनाए हैं।

पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव जिले में 20 मई को हुआ था। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 11 हजार 970 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कैसरगंज व पयागपुर के मतों की गिनती बहराइच व गोंडा लोकसभा क्षेत्र के उतरौला विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती बलरामपुर जिले में होगी।

## किस लोकसभा क्षेत्र में कितने पड़े हैं वोट

### कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

| विधानसभा | मतदान | पुरुष | महिला | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 223695 | 113558 | 110135 | 02 |
| कैसरगंज | 222878 | 112374 | 110503 | 01 |
| कटराबाजार | 226212 | 114477 | 111735 | 00 |
| कर्नलगंज | 179941 | 93996 | 85945 | 00 |
| तरबगंज | 207850 | 110602 | 97248 | 00 |
| योग | 1060576 | 545007 | 515560 | 03 |

### गोंडा लोकसभा क्षेत्र

| विधानसभा | मतदान | पुरुष | महिला | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| उतरौला | 194701 | 97831 | 96869 | 01 |
| मेहनौन | 211861 | 109102 | 102759 | 00 |
| गोंडा | 182800 | 101062 | 86737 | 01 |
| मनकापुर | 181572 | 94575 | 86897 | 00 |
| गौरा | 175460 | 88359 | 87101 | 00 |
| योग | 951394 | 490929 | 460483 | 02 |

दोनों लोकसभा क्षेत्र के पोस्ट बैलेट व ईटीपीबीएस मतों की गिनती गोंडा नवीनगल्ला मंडी में रिटर्निंग आफिसर के टेबल पर होगी। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट के पोस्टल व ईटीपीबीएस की गिनती नवीन गल्ला मंडी गोंडा में होगी, इसके लिए लोकसभावार अलग-अलग पांच-पांच टेबल लगाई गई है। दो टेबल रिजर्व व दो टेबल आरओ की अलग से रहेगी। 14 टेबल पर 56 कार्मिक तैनात किए गए हैं। वहीं, ईवीएम के मतों की गिनती के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाई गई है। दस विधानसभा क्षेत्रों में 140 टेबल लगेगी, इसके अतिरिक्त 30 रिजर्व व 20 एआरओ टेबल लगेगी। यहां 760 कार्मिक तैनात किए गए हैं।

- **कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट के मतों की गिनती के लिए लगेगी 180 टेबल और 816 कार्मिक**

**मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण** : मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण सोमवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी ने मतगणना की प्रक्रिया व सावधानी के बारे में जानकारी दी।

# सचिव पर पैसा मांगने का आरोप

कौड़िया (गोंडा) : ग्राम पंचायत वीरपुर भोज के पंडरी सविता निवासी पंकज दीक्षित ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया उनके बेटे ओजस दीक्षित का परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने व जन्म प्रमाणपत्र जारी करने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत कुमार ने 200 रुपये ले लिए और 800 रुपये और मांगे। देने में असमर्थता जताई तो उनका कार्य नहीं किया। उधर, ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। (संसू)

## पूर्व रक्षामंत्री जार्ज फर्नांडिस की मनाई गई जयंती

गोंडा : खोरहंसा बाजार में पूर्व रक्षामंत्री जार्ज फर्नांडीज की जयंती मनाई गई। क्रांतिकारी मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष काजी अब्दुल नजीब ने उन्हें मजदूरों का क्रांतिकारी नेता बताया। कहा, लेबर एक्ट कानून उनकी ही देन है। फिरोज खान, दरबारी गौतम,इफ्तखार खान, जावेद मौजूद रहे। (संसू)

## दो पूर्व प्रधानों का निधन, शोक

परसपुर (गोंडा) : ग्राम पंचायत धनौरा में छह बार प्रधान रहे दरोगा उर्फ पुजारी यादव का बीमारी के चलते निधन हो गया। वहीं, बसंतपुर गांव की प्रधान रामावती देवी के ससुर अकोहरी गांव के पूर्व प्रधान पदमा सिंह का लंबी बीमारी के कारण रविवार को निधन हो गया। निधन पर सतेंद्र सिंह, गौरव सिंह ने शोक जताया है। (संसू)

# मनकापुर ब्लाक की 18 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा

संसू, जागरण • मनकापुर (गोंडा) : गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने की मुहिम दम तोड़ रही है। ब्लाक की 18 ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा है, इससे पब्लिक को लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ब्लाक की 92 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 66 गांवों में सामुदायिक शौचालय कराने का दावा किया जा रहा है, इसमें 18 शौचालय स्वयं सहायता समूह को हैंडओवर नही किया गया। जबकि, 18 सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा है। कागजों में सामुदायिक शौचालय का संचालन दिखाकर प्रत्येक माह नौ हजार रुपये आहरित किए जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव का कहना है लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद समीक्षा की जाएगी। यदि कहीं खामियां हैं तो उसे ठीक कराकर संचालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

नवाबगंज : गांव निवासी महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह पति के साथ रोजगार के लिए बाहर गई थी। घर पर उसकी बेटी दो छोटे बच्चों के साथ रह रही थी। युवक ने उनकी बेटी से दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने कहा कि दो आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# मारपीट में पांच घायल, 12 आरोपितों पर मुकदमा

जागरण टीम • गोंडा : जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने 12 आरोपितों पर मुकदमा किया है।

नवावगंज : इस्माइलपुर निवासी अखिलेश ने कहा कि उनकी भूमि पर गांव के ही विनय, राम सिंह, श्याम व गुड़िया कब्जा कर रहे थे। इन लोगों ने उसे व उसके परिवार को पीटा। कर्नलगंज : लोनियन पुरवा हीरापुर की गुलाबा ने गांव के ही राजकुमार, झूरे, बचन व सुखराज पर मारपीट का आरोप लगाया है। पंडरीकृपाल : चिलबिला खत्तीपुर मजरा शुक्लन पुरवा के रहने वाले अरविंद अवस्थी ने कहा कि गांव के ही दबंगों ने घर में घुसकर मारापीटा। सभी आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

# सारथी के ठप रहने से फंसा 200 का ड्राइविंग लाइसेंस

संसू, जागरण • गोंडा : परिवहन विभाग का सारथी पोर्टल रविवार के बाद दूसरे दिन सोमवार को भी नहीं चला। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया अधूरी रह जाने के कारण 200 आवेदक अधर में लटक गए।

पोर्टल ठप हो जाने के कारण इनका लाइसेंस फंस गया है, कार्यालय पहुंचने पर उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। सहायक संभागीय अधिकारी (प्रशासन) बबिता वर्मा ने बताया कि मंगलवार से सारथी पोर्टल ठीक हो जाने की उम्मीद है। आवेदकों की परेशानी को देखते हुए सोमवार के स्लाट का शेड्यूल परिवर्तित कर मंगलवार कर दिया गया है। इससे आवेदकों का जो कार्य सोमवार को होना था, वह मंगलवार को होगा। पोर्टल ठीक होने के बाद आवेदन, परीक्षण समेत अन्य सभी प्रक्रिया पूर्व की भांति संचालित हो जाएंगी।

# बकायेदारी पर 700 वाहन स्वामियों को नोटिस

- नोटिस मिलने के बाद बकाया न देने पर जारी होगी आरसी बकायेदार
- वाहन स्वामियों से तहसील प्रशासन करेगा 1.11 करोड़ की वसूली

संसू, गोंडा : बिना रोड टैक्स जमा किए दौड़ रहे दो हजार से अधिक वाहन परिवहन विभाग के राजस्व को चूना लगा रहे हैं। जिले में 700 वाहन स्वामी तो ऐसे हैं,जिन पर एक करोड़ 11 लाख रुपये बकाया है। इसकी वसूली के लिए परिवहन विभाग ने इन वाहन स्वामियों को अंतिम नोटिस भेज दी है। इसके बाद इन सभी के खिलाफ आरसी (राजस्व संग्रहण) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

परिवहन विभाग में बस, ट्रक, जीप, टैक्सी, पिकअप समेत तीन हजार व्यावसायिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें दो हजार वाहनों पर चार करोड़ रुपये का वाहन कर बकाया है। एक करोड़ दस लाख रुपये के बकाएदार 700 वाहन स्वामियों को कई बार नोटिस भी जारी किया जा चुका है,लेकिन इसके बाद भी वाहन स्वामियों ने कर जमा नहीं किया। इससे चिंतित परिवहन विभाग ने अब इन वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। 700 वाहन स्वामियों को अंतिम नोटिस दी गई है कि वे अपना बकाया वाहन कर जमा कर दें। यही नहीं वाहन कर की वसूली के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है,जो प्रतिदिन फोन कर वाहन स्वामियों को कर भुगतान करने का अनुरोध कर रहे हैं।

> नोटिस मिलने के बाद भी कर न जमा करने वाले 700 वाहन स्वामियों के खिलाफ आरसी जारी करने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। आरसी जारी होने के बाद तहसील प्रशासन बकाया वाहन कर को भू राजस्व की भांति वसूली करेगा।
>
> –बबिता वर्मा, एआरटीओ

**1100 वाहन स्वामियों के खिलाफ पहले जारी हो चुकी आरसी**

बकाया जमा करने में लापरवाही बरत रहे 1100 वाहन स्वामियों के खिलाफ पूर्व में भी परिवहन विभाग आरसी जारी कर चुका है। इन वाहन स्वामियों पर ढाई करोड़ रुपये बकाया है,जिसकी वसूली तहसील प्रशासन करा रहा है। आरसी जारी होने के बाद तहसील प्रशासन बकाया वाहन कर के साथ राजस्व शुल्क की भी वसूली वाहन स्वामियों से करेगा,जिससे वाहन स्वामियों को अधिक भुगतान देना होगा।

# किशोर की मौत पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा

संसू, जागरण • कर्नलगंज (गोंडा) : बटौरा बख्तावर निवासी असरफ रजा ने कहा कि उनका भांजा हबीबुर्रहमान शनिवार को घर से धान का बीज लाने के लिए बीज भंडार जा रहा था। करन निवासी कहारन पुरवा गोगिया ने हबीबुर्रमान को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि आरोपित पर मुकदमा किया गया है।

मनकापुर : चौबेपुर के मजरा हरदीन पुरवा निवासी पेशकार ने कहा कि 29 मई को उनके भाई रुद्र नरायन सब्जी लेकर घर वापस आ रहे थे। पिकअप ने ठोकर मार दी। आरोपित चालक पर मुकदमा किया गया है।

# ईवीएम बताएगी किसे कितने वोट मिले

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रिटायर्ड कैशियर रामप्रसाद शुक्ला बताते हैं कि मतों की गिनती के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर काउंटिंग हॉल बनाया जाता है। लोकसभा चुनाव में मतगणना के लिए एक काउंटिंग हॉल में 14 टेबल लगाई जाती हैं। वहीं, विधानसभा चुनाव के लिए काउंटिंग हॉल में सात टेबलों को लगाया जाता है। ये सभी टेबल एक-दूसरे के आमने-सामने होती हैं।

रामप्रसाद ने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के आधे घंटे बाद ईवीएम बाक्स को मतगणना हॉल में लाया जाता है। इसके बाद ईवीएम निकाली जाती है। मतगणना अभिकर्ताओं को सील दिखाई जाती है। फिर बैलेट यूनिट का बटन दबाते ही किस उम्मीदवार को कितने मत मिले यह ईवीएम बताती है, मतों की गिनती की जाती है। वह बताते हैं कि पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती पहले चक्र की गिनती कहलाती है। बूथवार मतों की गिनती के बाद एक फार्म भरा जाता है, जिसमे मतगणना अभिकर्ता का हस्ताक्षर लिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी ड्यूटी मतगणना में लगी थी, उन्होंने मतगणना कराई थी।

## एजेंटों के सामने शुरू होगी मतगणना

## ये है मतगणना राउंड

- भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मतों की गिनती जितने चक्र में की जाती है, उसे ही चक्र कहते हैं। प्रत्येक राउंड की गिनती के लिए एक साथ 14 ईवीएम में डाले गए मतों की गिनती की जाती है। एक राउंड में जब 14 ईवीएम में डाले मतों की गिनती पूरी हो जाती है, तो फिर काउंटिंग हॉल में सजाई गई 14 टेबलों पर अगले राउंड की गिनती के लिए 14 ईवीएम मशीनों को लाया जाता है। यह जो 14 ईवीएम मशीनों का सेट तैयार किया जाता है, यह एक चक्र की गिनती कहलाती है।

# फर्जी है एग्जिट पोल, मतगणना में गड़बड़ी पर देंगे मुंहतोड़ जवाब : हीरालाल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। गत दिनों जारी किए गए एग्जिट पोल फर्जी है। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 70 प्लस सीटें जीत रहा है। जनता ने इंडिया गठबंधन का समर्थन किया है। यदि मतगणना में गड़बड़ी की गई तो सपा व जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। यह बात लोकसभा चुनाव की मतगणना से एक दिन पूर्व सोमवार को समाजवादी पार्टी के नामित प्रभारी व पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व में चंडीगढ़ मेयर चुनाव में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गड़बड़ी उजागर हो चुकी है। खुलेआम अधिकारियों ने आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा दीं। कोर्ट ने इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई की। जनता में इसको लेकर संशय है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व एजेंट मतगणना स्थल पर जाएंगे और आयोग के नियमों के तहत मतगणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने भारतीय जनता पार्टी के विरोध में इंडिया गठबंधन का समर्थन किया है। कई उदाहरण देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग निष्क्रिय दिख रहा है। दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने निष्पक्ष होकर कार्य नहीं किया है। सपा ऐसे अधिकारियों को आगाह करती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष मतगणना होनी चाहिए। कहा कि विभिन्न माध्यम से गलत आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। सरकार व भाजपा के एग्जिट पोल का पुरजोर विरोध जनता ने किया है। जनता में अविश्वास है। कहा कि पदाधिकारी, कार्यकर्ता व एजेंट आयोग के नियमों का पालन करते हुए मतगणना स्थल पर जाएं। प्रशासन के लोग यदि मतगणना प्रभावित करेंगे तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, सूरज सिंह, संजय विद्यार्थी मौजूद रहे।

वायरल ऑडियो के मामले में कार्रवाई नहीं : उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर में भाजपा के कार्यकर्ता से गोंडा के ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्र ने अभद्रता की। इसका ऑडियो भी वायरल हुआ। लेकिन एफआईआर दर्ज करने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। यदि कोई सपाई होता तो उस पर तत्काल कार्रवाई कर दी जाती।

# रंजिशन मारपीट, आठ पर केस

**परसपुर।** क्षेत्र के संभालपुरवा सिंगरिया गांव निवासी सीता राम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की देर रात गांव के ही चार लोग उसके घर आ गए और उसके भाई राजाराम की लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। शोर करने पर बचाने परिजनों की भी पिटाई कर दी। सभी का इलाज सीएचसी पर इलाज कराया गया। सीताराम की तहरीर पर रामतीरथ, गिरजा शंकर, प्रदीप कुमार व राजू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसी मामले में दूसरे पक्ष की डिम्पल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के राम आशीष, हरीश, राजाराम व सीताराम उसके दरवाजे पर आकर अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि दोनों पक्षों के आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# महिला की पिटाई में चार नामजद

करनैलगंज(गोंडा)। कोतवाली क्षेत्र के लोनियन पुरवा हीरापुर निवासी गुलावा ने दी तहरीर में कहा कि गांव के ही राजकुमार, झूरे, बचन व सुखराज के साथ जमीन का विवाद चल रहा है। इसी को लेकर शनिवार को आरोपियों ने उसे मारापीटा और धमकी दी। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# मारपीट के आरोप में चार पर केस दर्ज

इटियाथोक(गोंडा)। थाना क्षेत्र के रायपुर ब्रह्मचारी गांव निवासी गुड़िया ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह 22 मई को गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। तभी रंजिश के चलते गांव के विजय उर्फ जवरे, पिंटू, निक्कू उर्फ प्रमोद और एक अन्य ने लाठी डंडा लेकर उसे रोक लिया। आरोपियों ने पहले से दर्ज मुकदमा वापस लेने की धमकी दी। शोर मचाने पर गांव के ही रिंकू और राकेश आए तो आरोपी उन्हें भी धमकाते हुए भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

# अज्ञात पिकअप चालक पर मुकदमा दर्ज

**मनकापुर (गोंडा)।** पिकअप की ठोकर से अधेड़ का पैर टूट जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम चौबेपुर के हरदीन पुरवा निवासी पेशकार ने बताया कि बीती बुधवार की रात उसका भाई रुद्र नारायन (50) कारोहानाथ गेट के पास से सब्जी लेकर वापस घर जा रहा था। तभी अज्ञात पिकअप चालक ने ठोकर मार दी। जिससे उसके भाई का दाहिना पैर टूट गया। मौके से चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज करके जांच की जा रही है। (संवाद)

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**मुजेहना ( गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्रंट भरवन गांव के रहने वाले हरिराम ने 30 मई को मेड़ काटने के विवाद को लेकर गांव के ही विवेक, शिवकरन, वीर सिंह व आशीष सिंह के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आरोपी विवेक सिंह को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# कोई टिप्पणी न करें, लू से बचाव करें कर्मचारी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मतगणना प्रक्रिया में ड्यूटी पर नियुक्त कर्मी किसी को न तो राय दें और न ही किसी प्रकार की चर्चा करें। कौन जीतता, हारता है या कितने मत प्राप्त करता है, इससे कोई सरोकार न रखें।

ये दिशा-निर्देश जिला प्रशासन ने जारी किए हैं। ड्यूटी में नामित समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष अपने साथ वीडियो कैमरा, एंटी राइट उपकरण से सुसज्जित होकर ड्यूटी पर पहंचेंगे। अपने आसपास होने वाली गतिविधियों को कैमरे में कैद करेंगे। भीषण गर्मी के बीच तेज धूप व गर्मी से बचने के लिए धूप का चश्मा, छाता और टोपी आदि का प्रयोग करें। जब खुले में ड्यूटी करते हैं तो सूर्य के सीधे संपर्क में आने से बचें। सिर, चेहरा, हाथ पैरों को कपड़े से ढंके रहे। छाता का प्रयोग करें। ओआरएस घोल, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करते रहें, जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।

## अराजक तत्वों पर होगी कार्रवाई

मतगणना प्रक्रिया के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का विघ्न डालने का प्रयास किया जाता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी प्रत्याशी या एजेंट द्वारा चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। -विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक गोंडा

# मोबाइल पर पल-पल मिलेगा मतगणना का रुझान

गोंडा। लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर प्रत्याशी व समर्थकों की बेचैनी बढ़ने लगी है। मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। 10 बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे। लेकिन इस बार पल-पल का रुझान जानने के लिए नवीन गल्ला मंडी के पास समर्थकों को जमावड़ा लगाने की जरूरत नहीं है। लोकसभा चुनाव के परिणाम अब घर बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं। इसके लिए भारत निर्वाचन चुनाव आयोग की वेबसाइट result.eci.in पर जाना होगा। वोटर हेल्पलाइन एप पर भी यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

# मतगणना में कड़ाई से करें गाइडलाइन का अनुपालन

जागरण संवाददाता • बलरामपुर: लोकसभा चुनाव की मतगणना ड्यूटी में लगे पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स में जोश भरते हुए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जवानों को उनके दायित्वों का बोध कराने के साथ निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन करने की हिदायत दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारीगण अपने कर्तव्यों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। यदि किसी स्थान पर कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो संबंधित उच्चाधिकारी को तत्काल अवगत कराएं। उच्चाधिकारियों का मोबाइल नंबर अपने फोन में सुरक्षित कर लें। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, योगेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लोस के 12 और गैंसड़ी विस के सात प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

## मंडी समिति भगवतीगंज में सुबह आठ बजे से होगी मतों की गिनती

जागरण, संवाददाता, बलरामपुर: श्रावस्ती संसदीय सीट के तीन व गोंडा के एक विधानसभा व गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के वोटों की गणना चार जून को मंडी समिति भगवतीगंज में आठ बजे से शुरू होगी। श्रावस्ती लोकसभा सीट पर 12 और गैंसड़ी विधानसभा के लिए सात प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मंगलावर को होगा। मतों की गणना के लिए रिजर्व समेत 420 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। मतगणना कार्मिकों को मंडी समिति पहुंचने पर ही मतगणना टेबल की जानकारी होगी।

विधानसभा का आवंटन सोमवार को ही कर दिया गया। विधानसभा वार 14-14 टेबलों पर राउंडवार मतों की गणना होगी। पहला रुझान नौ बजे तक आने की उम्मीद जताई जा रही है। हर दो घंटे पर प्रत्याशियों को मिले मतों की जानकारी दी जाएगी। मतगणना को लेकर प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की बेचैनी बढ़ गई है। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर, गणना सहायक, एक चतुर्थकर्मी सहित चार कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। गेट नंबर एक से अधिकारी, कर्मचारी व मीडिया कर्मियों को प्रवेश मिलेगा। गेट नंबर दो से प्रत्याशी व उनके अभिकर्ताओं को प्रवेश दिया जाएगा।

मतगणना टेबल के बीच में मतगणना सहायक बैठेंगे, जिसके पास कंट्रोल यूनिट रहेगी। जाली के दूसरी तरफ मतगणना अभिकर्ता बैठेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह व एसपी केशव कुमार ने मतगणना स्थल का जायजा लिया।



मंडी समिति भगवतीगंज में मतगणना के लिए लगी कुर्सियां व टेबल • सौ. सूचना विभाग



मंडी समिति भगवतीगंज में गेट नंबर एक पर लगा बैरियर • जागरण



मंडी समिति भगवतीगंज में सफाई करते नपाप के कर्मचारी • जागरण

**एक साथ 14 टेबल पर होगी गणना:** नवीन मंडी समिति भगवतीगंज में जिले की चारों विधानसभा श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र की तीन तुलसीपुर, गैंसड़ी, बलरामपुर व गोंडा संसदीय क्षेत्र की उतरौला के साथ गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी विधानसभा में 14-14 टेबलों पर मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट पेपर व ईटीपीबीएस की गणना के लिए अलग टेबल लगेगी। गर्मी को देखते हुए मतगणना हाल में दो-दो एयरकंडीशनर, चार बड़े कूलर व अभिकर्ताओं के तरफ पंखों की व्यवस्था की गई है। मतगणना की पूरी प्रक्रिया प्रत्याशी एवं उनके मतगणना अभिकर्ता की उपस्थिति में होगी।

पोल मतों के आधार पर विधानसभा बलरामपुर में 31, उतरौला में 33 राउंड गणना चलेगी। तुलसीपुर व गैंसड़ी में 30 राउंड गणना चलने की संभावना है।

# आज फुलवरिया बाईपास से होकर गोंडा और उतरौला जाएंगे वाहन

जासं • बलरामपुर: लोकसभा श्रावस्ती के तीन विधानसभाओं और गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला विधानसभा की मतगणना चार जून को भगवतीगंज मंडी समिति परिसर में होगी। मतगणना के दृष्टिगत इस दिन गोंडा मार्ग पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए रूट डायवर्जन किया गया है।

यातायात प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह यादव ने बताया कि चार जून को तुलसीपुर की ओर से आने वाले वाहन वीर विनय चौराहा से मुड़कर झारखंडी से सेखुई कला होते हुए फुलवरिया बाईपास चौराहा से गोंडा व उतरौला जाएंगे। गोंडा की तरफ से आने वाले वाहन फुलवरिया बाईपास से ओवरब्रिज होते हुए सेखुई कला चौराहा से बहराइच मार्ग व यहीं से वीर विनय चौराहा होते हुए तुलसीपुर की तरफ जाएंगे। उतरौला की तरफ से आने वाले वाहन गोंडा, बहराइच व तुलसीपुर जाने के लिए नहर बालागंज तिराहा से फुलवरिया बाईपास की तरफ मुड़ेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि में कोई वाहन खड़ा नहीं किया जाएगा।

# पिटारे में बंद है 10.44 लाख वोटरों का फैसला

जासं • बलरामपुरः श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र के 12 व गैंसड़ी विस उप चुनाव के सात प्रत्याशियों के किस्मत का पिटारा आज खुलेगा। किसके सिर जीत का सेहरा बंधता है, इसको लेकर प्रत्याशियों व समर्थकों की धुकधुकी बढ़ गई है। हार-जीत को लेकर लग रही अटकलों पर विराम लग जाएगा।

श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभाओं में 10,44,489 लोगों ने मतदान किया है। सांसद बनाने में किसका मत काम आया, इसे लेकर मतदाता भी उत्साहित हैं। श्रावस्ती लोस सीट पर कुल मतदाता 19, 80, 381 हैं। पांच में से तीन विस गैंसड़ी, तुलसीपुर व बलरामपुर की मतगणना मंडी समिति बलरामपुर में होगी। श्रावस्ती व भिनगा के मतों की गिनती भिनगा में की जाएगी, लेकिन जीत की घोषणा व प्रमाण पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी बलरामपुर ही देंगे।

# कौन होगा पास या फेल, पता चलेगा आज

- लोस चुनाव के परिणाम से तैयार होगी 2027 के चुनाव की जमीन
- सियासी दिग्गज पकड़ साबित करने को आजमा रहे दांव-पेच

जासं, गोंडाः लोकसभा का चुनाव परिणाम मंगलवार को आना है। प्रत्याशी जीत के लिए ईश्वर से कामना कर रहे हैं। इस चुनाव ने सियासत के दिग्गजों की बेचैनी बढ़ा दी है। दरअसल, यह चुनाव वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की जमीं तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा। फिलहाल, सियासी दिग्गज अपनी पकड़ साबित करने के लिए हर दांव पेंच आजमा रहे हैं।

**कैसरगंज में सांसद समेत दस दिग्गजों पर निगाहें:** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में बहराइच जिले की कैसरगंज व पयागपुर, गोंडा जिले की कटराबाजार, कर्नलगंज व तरबगंज विधानसभा सीट शामिल है। भाजपा ने इस बार सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है। सपा ने भगतराम मिश्र व बसपा ने नरेंद्र पांडेय पर दांव लगाया है। यह सीट वर्ष 2014 से भाजपा के पास है। इस सीट पर कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, पयागपुर में भाजपा के सुभाष त्रिपाठी, कर्नलगंज में अजय कुमार सिंह व तरबगंज से प्रेम नरायन पांडेय विधायक की प्रतिष्ठा पर दांव पर लगी है। कैसरगंज से सपा के विधायक आनंद यादव, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप, पूर्व विधायक बैजनाथ, मुकेश, पूर्व एमएलसी महफूज खां की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

## गोंडा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के पांच विधायक

गोंडा लोकसभा क्षेत्र में बलरामपुर जिले का उतरौला विधानसभा क्षेत्र, गोंडा जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। गोंडा सदर से भाजपा के प्रतीक भूषण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा, मनकापुर से रमापति शास्त्री व उतरौला से राम प्रताप वर्मा विधायक हैं। इस सीट से भाजपा ने सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। वहीं, सपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा व बसपा ने सौरभ मिश्र पर दांव लगाया है। यह सीट भी सत्तापक्ष व विपक्ष के नेताओं की प्रतिष्ठा से जुड़ी हुई है। सपा नेता सूरज सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है।

# छत के पंखे से फंदे के सहारे लटकता मिला युवक का शव, चल रही छानबीन

संसू, जागरण • उतरौला (बलरामपुर): पटलेनगर निवासी मेडिकल स्टोर संचालक विश्वनाथ सोनी की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव कमरे में छत के पंखे से फंदे के सहारे लटकता पाया गया।

पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। विश्वनाथ अपने घर के अगले हिस्से में मेडिकल स्टोर चलाते थे। उनकी पत्नी दो पुत्रियों के साथ मायके गई थीं।

दोपहर में विश्वनाथ नगर स्थित अपने दूसरे घर पर रह रहे माता-पिता के पास खाना खाने गए थे। मां को दवा देकर वापस मेडिकल स्टोर पर आ गए थे। आधे घंटे बाद विश्वनाथ की पत्नी का घर पर फोन आया कि विश्वनाथ आधे घंटे से फोन नहीं उठा रहे हैं, आप लोग जाकर मेडिकल स्टोर पर देख लीजिए।

इस पर विश्वनाथ के बड़े भाई बदलू सोनी परिवारजन और मुहल्लेवासियों के साथ घर पर पहुंचे तो, मेडिकल स्टोर का आधा शटर बंद था। अंदर जाकर देखा तो विश्वनाथ नीचे नहीं थे। सभी लोगों ने जब दूसरी मंजिल पर जाकर देखा तो विश्वनाथ का शव छत के पंखे में फंदे से झूल रहा था। आनन-फानन में स्वजन उनको लेकर स्थानीय अस्पताल गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बैंकों में चला अभियान

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थानों व चौकी की पुलिस ने अपने क्षेत्र के बैंक व डाकघरों में सुरक्षा की दृष्टि से सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा के सभी उपकरण, सीसी कैमरा, फायर अलार्म आदि की जांच की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी लेते हुए बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने की नसीहत दी गई। (जासं)

## बताए हेल्पलाइन नंबर

बलरामपुर : सभी थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने महिलाओं एवं बेटियों को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सीय सहायता को 108, पुलिस कंट्रोल रूम 112 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी। (जासं)

# शांति-व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : डीजीपी

## त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में 81 स्थलों पर आज होगी मतगणना

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: मतगणना के दौरान शांति-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। विशेषकर इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं व अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अपर मुख्य सचिव, गृह दीपक कुमार व डीजीपी प्रशांत कुमार ने गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि प्रदेश में 81 मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए गए हैं। सभी जिलों में धारा 144 लागू की गई है। कहीं भी किसी प्रत्याशी को विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। मतगणना केंद्रों के आसपास के मार्गों पर भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। मतगणना स्थलों पर 93 हजार से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मी तैनात रहेंगे।

डीजीपी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक संदेश भी प्रसारित किए जा रहे हैं। कुछ लोग मतगणना केंद्र पर बड़ी संख्या में लोगों को



लोक भवन में पत्रकारों को संबोधित करते डीजीपी प्रशांत कुमार। साथ में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ●जागरण

● विजय जुलूस की अनुमति नहीं
सभी जिलों में धारा 144 लागू

जुटाने के लिए संदेश प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस के पास पुख्ता प्रमाण हैं। समय आने पर पुलिस उनके नाम भी उजागर करेगी। मतगणना के दौरान कहीं भी गड़बड़ी करने अथवा शांति-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। सभी मतगणना स्थलों पर महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा ही की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस व यूपी 112 की पीआरवी की तैनाती रहेगी। विशेष

### सभी जिलों की हो रही निगरानी

गृह विभाग व डीजीपी मुख्यालय के कंट्रोलरूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया सेल भी सक्रिय है। मतगणना स्थलों की सुरक्षा-व्यवस्था में 160 एसपी व एएसपी, 476 पुलिस उपाधीक्षक, 2,248 निरीक्षक, 20,876 मुख्य आरक्षी, 50,697 आरक्षी, 6,149 होमगार्ड, 102 कंपनी पीएसी व 145 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल लगाया गया है। मतगणना केंद्रों पर गर्मी व लू से बचाव के भी प्रबंध किए गए हैं।

### मतगणना केंद्र में मीडिया सेंटर

मतगणना केंद्र में जिला प्रशासन द्वारा जारी पास धारक को ही चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जाएगा। सभी मतगणना केंद्रों में मीडिया सेंटर होगा। मीडियाकर्मियों को मतगणना हाल के भीतर भ्रमण भी कराया जाएगा। मीडियाकर्मियों को कैमरा व मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति भी होगी।

स्थानों पर पुलिसकर्मी दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ भी मुस्तैद रहेंगे।

# सभी मतगणना कक्ष में एसी

बलरामपुर। भीषण गर्मी व धूप की तपिस को देखते हुए सभी मतगणना कक्ष एयरकंडीशन बनाए गए हैं। सभी कक्ष में 10-10 टन के एसी लगाए गए हैं और चार-चार बड़े-बड़े कूलर भी लगाए गए हैं, जो मतगणना कक्ष को ठंडा रखेंगे। मतगणना स्थल पर सभी के लिए शीतल व शुद्ध पेयजल के साथ चिकित्सा की भी व्यवस्था रहेगी। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

हिन्दुस्त

# बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को 20 दिन में मृत्युदंड

## फैसला

- अभियुक्त पर 1.10 लाख का जुर्माना भी लगाया
- जुर्माने की राशि मृतका की मां को देने के आदेश

बहराइच, संवाददाता। कैसरगंज इलाके में छह वर्षीय बालिका के अपहरण, रेप व हत्या के मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप कांत मणि ने अपराधी को मौत की सजा सुनाई है। उस पर 1.10 लाख का जुर्माना लगाया है जिसे अदा न करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। जुर्माने की धनराशि मृतका की संरक्षिका मां को देने के आदेश दिए हैं। प्रभावी पैरवी से 20 कार्य दिवस में बचाव व अभियोजन के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया।

कैसरगंज थाने के एक गांव निवासी महिला 21 फरवरी को बाजार से घर आई, तो उसकी मासूम बेटी नहीं थी। 22 फरवरी को अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने सलहुवा निवासी 22 वर्षीय राजेश उर्फ लाला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर बालिका का शव खेत में बरामद किया गया। प्राथमिकी मे रेप, हत्या व पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई और आरोपी को जेल भेजा गया।

हिन्दुस्तान

## पीड़ित दम्पति ने आसमान की ओर हाथ उठा कर जज, अभियोजन अधिवक्ताओं व पुलिस का जताया आभार

# बेटी के कातिल को फांसी की सजा पर खुशी

**न्याय**

■ प्रमोद सोनी

■ बेटी के अंतिम दर्शन भी नहीं कर पाया था पिता

■ पंजाब में कर रहा था मजदूरी

बहराइच। कैसरगंज थाने से छह व जरवल कस्बे से तीन किमी दूर स्थित गांव में पॉलिथीन पन्नी से फूस की छत ढांपे परिवार को बस इतनी जानकारी मिली थी, कि उनकी मासूम बेटी से रेप व नृशंस हत्या के दोषी को कारावास हो गया है। जब उन्हें कातिल को फांसी की सजा की जानकारी हुई। तब उन्होंने आसमान की ओर हाथ उठाकर ऊपर वाले को याद किया। इतने कम समय में कड़ी सजा के लिए जज, सरकारों वकीलों व पुलिस की पैरवी का अश्रुपूरित आंखों से आभार जताया।

कैसरगंज थाने के एक गांव से 21 फरवरी की दोपहर एक परिवार की सबसे छोटी लगभग साढ़े चार वर्ष की बेटी लापता हो गई। उसका पिता पंजाब में रहकर मजदूरी कर रहा था। जबकि मां आसपास बाजार गई थी। अन्य तीन बेटियों व चार बेटे इधर- उधर खेलने निकले थे।

लापता बेटी की तलाश में कोई जानकारी न होने पर अगले दिन मां ने अपहरण का केस दर्ज करा दिया, किसी को नामजद नहीं किया गया था। उपनिरीक्षक बेंचू प्रसाद गौड़ ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए सूचना तंत्र को सक्रिय किया, तो उसी दिन ठोस सूचना के आधार पर कैसरगंज थाने के सलहुआ गांव निवासी राजेश उर्फ लल्ला को हिरासत में लेकर क्रास क्वेशचन किए। इस पर युवक ने गन्ने के खेत में बेटी का शव बरामद कराया।

हत्या नृशंस तरीके से की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर 11 चोटों की पुष्टि हुई। यहां तक की प्राइवेट पार्ट पर भी दो चोटें मिलीं। सिर में खून का थक्का जमा मिला। इस खौफनाक शर्मशार करने वाली वारदात से लोगों के दिल दहल उठे। हालांकि युवक पर पहले का कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था। उसके दो भाई डेढ़ दशक पूर्व किसी हत्या के मामले में जेल जा चुके थे। इस वारदात के बाद लोगों ने दबी जुबान से इस युवक के कई कारनामे करने का जिक्र किया। यह भी बताया कि दबंग परिजनों की वजह से युवक की करतूतों के केस ही दर्ज नहीं हुए थे। लोगों का मानना है कि पुलिस की सख्ती की वजह से यह केस का खुलासा जल्द हुआ और दोषी जेल गया, फिर उसे जमानत नहीं मिली।

### पिता पंजाब में कर रहा था मजदूरी

बहराइच। रेप व हत्या की शिकार मासूम बेटी का पिता पंजाब में मजदूरी कर रहा था। 22 फरवरी को उसे दोपहर में वारदात की जानकारी मिली। वह तत्काल गांव रवाना हो गया। अगले दिन वह जब पहुंचा, तो बेटी का शव सील हो चुका था। लाश जा रही थी। वह बेटी का अंतिम दर्शन तक नहीं कर सका। उसके बाद वह पंजाब नहीं गया। वह काफी भयभीत दिखा। कहने लगा कि गिरफ्तार दोषी के परिजन भी आपराधिक प्रवृति के हैं, इसलिए दहशत है। चार भाइयों में महज साढ़े पांच बीघा खेत है। तीन भाई पिता के साथ गजाधरपुर इलाके में रहते हैं। घर पर पत्नी, तीन बेटियां व चार बेटे रहते हैं। सबसे बड़ी बेटी शादी के योग्य हो रही है।

### कानून कायदे नहीं जानता साहेब

बहराइच। पीड़ित पिता कहता है कि वह कानून कायदे से नावाकिफ है। उसे पता था कि तीन सरकारी वकील उसकी मदद कर रहे हैं। पुलिस का भी व्यवहार जिम्मेदार दिखा। इस बार 23 मई को मामले की तारीख थी, वह तारीख पर नहीं गया था। सोमवार को बस उसे लोगों ने इतनी जानकारी दी थी कि कातिल को कारावास हुआ है। फांसी की सजा की जानकारी से आज कलेजे को ठंडक मिली है।

हिन्दुस्तान

# लाखों रुपये के कपड़े बरामद

रुपईडीहा। नेपाली कस्टम की चोरी कर लाए गए कपड़े व चूजे बरामद किए गए हैं। बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि भारतीय सीमा से सटे नेपाली गांव साईगांव में लेडीज व जेंट्स प्लास्टिक की चप्पलें सहित कुर्ते सलवार लगभग 2 लाख 89 हजार 200 रुपयों का सामान बरामद किया गया है।

हिन्दुस्तान

# हादसों में तीन महिलाओं सहित 8 घायल

बहराइच, संवाददाता। तेज रफ्तार व लापरवाही के चलते सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है। चार थानों के विभिन्न पांच जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरगाह थाने के विशुनपुर के पास रविवार रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक दो बाइकों में टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे एक बाइक पर सवार श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाने के शिवगढ़ निवासिनी 45 वर्षीय अमीना घायल हो गई, जबकि पति अली हुसैन बाल- बाल बचा। दूसरी बाइक पर सवार अली हुसैन की 16 वर्षीय बेटी फूलजहां, 13 वर्षीय नूरजहां, 22 वर्षीय चांद बाबू पुत्र गुल्ले घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरगाह थाने के पकड़ी गांव के पास सोमवार दोपहर में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार मटेरा निवासी शहजाद पुत्र अवसान खां, शराफत अली पुत्र इनायत अली, उसका बेटा सिराज घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है।



जिला अस्पताल में भर्ती दुर्घटना में घायल फूलजहां व नूरजहां। • हिन्दुस्तान

## अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, एक घायल

विशेश्वरगंज। चरनिया कोट जमुनही निवासी 70 वर्षीय वीरेंद्र कुमार मिश्र सोमवार को रात में आवश्यक कार्य के लिए विशेश्वरगंज बाजार आए थे। घर जाते समय विशेश्वरगंज-इकौना मार्ग पर मुन्नासिंह पुरवा पास सड़क पर जा रहे बच्चों को बचाने के प्रयास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें वीरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य बैठे चार लोगों को मामूली चोट आई वे अपने घर चले गये। सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

हिन्दुस्त

# मादक पदार्थ संग पांच गिरफ्तार, जेल भेजे गए

बहराइच। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात बृजेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि टिकोरामोड़ के पास सीतापुर रोड से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इनकी पहचान अमित गोस्वामी, सुशील कुमार गोस्वामी, समीर नन्दन, रोहित गोस्वामी व दीपक गौतम पुत्र विश्वराम गौतम निवासी देवदत्तपुरवा थाना पयागपुर को गिरफ्तार किया गया है।

हिन्दुस्त

# नेपाली पुलिस ने प्रतिबंधित मांस बरामद किया

रुपईडीहा। पड़ोसी नेपाली जिला बांके की पुलिस ने प्रतिबंधित मांस लदा टेंपो पकड़ा है। वाहन को सीजकर मांस का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय कोहलपुर के एसआई कमल केसी ने बताया कि कोहलपुर के मदनचौक पर इस टेम्पो को रोका गया।

# हिन्दुस्तान

# शोरूम से चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, गिरफ्तार

बहराइच। प्रभारी निरीक्षक नानपारा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 30 मई की रात स्टेशन रोड नानपारा के पास से चोर दुकान के दरवाजे का ताला तोड़कर नकदी 3000 व 2 साउण्ड मशीन, व 02 मिक्शर चोरी किया गया था। 12 मई को भग्गापुरवा डेन्टल हास्पिटल के सामने से चोरों ने कम्पनी का सामान गायब कर दिया गया था।

हिन्दुस्तान

# भाजपा की लगेगी हैट्रिक या सपा को मिलेगा ताज

## मतगणना आज, आठ बजे से शुरू होगी सात विधानसभा सीटों के 2698 बूथों पर हुए लोकसभा चुनाव की मतगणना

### फैसला

बहराइच, संवाददाता। सियासी जमीन पर मौन मतदाताओं की ओर से 13 व 20 मई को पड़े मतों का खेल किसकी झोली में गिरा है, इसके फैसले की घड़ी आज है। बहराइच सुरक्षित सीट पर भाजपा हैट्रिक लगाने में सफल होगी या फिर 20 सालों से जीत से दूर सपा सांसदी का ताज हासिल करने में कामयाब होगी। कैसरगंज में बृजभूषण की बादशाहत बरकरार रहेगी या फिर सपा व बसपा खेल बिगाड़ने में सफल रहे। मतगणना के साथ ही 20 दिनों से चल रहे कयास पर भी विराम लग जाएगा।

जिले में दो चरणों में लोकसभा चुनाव हुए हैं। 13 मई को बहराइच सुरक्षित सीट पर मतदान हुआ है। इसमें 1885 बूथों पर 57.40% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कि पिछले चुनाव की अपेक्षा ज्यादा रहा है। भाजपा ने वर्तमान सांसद अक्षयवरलाल गोंड के पुत्र डॉ. आनंद गोंड को चुनाव लड़ाया है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारा है। बसपा से डॉ. बृजेश कुमार चुनाव मैदान में रहे हैं। सात अन्य पार्टियों व निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव लड़े हैं। सुरक्षित सीट पर लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुकी भाजपा हैट्रिक लगाने के लिए हर तरह के प्रयास किए हैं।



गल्लामंडी में मतगणना के लिए लगाई गई टेबलें।



मोबाइल टायलेट की जांच करती ईओ।

## महसी और नानपारा विस के सबसे पहले आएंगे परिणाम

बहराइच, संवाददाता। लोकसभा चुनाव में चर्चाओं को दौर खत्म हो रहा है। अब परिणाम की बारी है, जो सुबह आठ बजे वोटों की गिनती के साथ सामने आने लगेंगे। इस कड़ी में सबसे पहले महसी व नानपारा विधानसभा के वोटों की ओर से किए गए मतदान के परिणाम सामने आएंगे, जबकि सदर व पयागपुर के परिणाम सबसे बाद में आएंगे। परिणाम जिसके भी पक्ष में आएंगे, जुलूस व नारेबाजी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

जिले में 2698 बूथों पर मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें सदर विधानसभा के 411 बूथों पर वोट डाले गए हैं। पयागपुर में भी इतने ही बूथ है, दोनों विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम सबसे बाद में आएंगे। महसी में 365 व नानपारा विधानसभा में 363 बूथों पर पड़े मतों की गिनती 26 राउंड तक चलेगी। इन दोनों विधानसभा के परिणाम सबसे पहले आएंगे। मटेरा में 375 व बलहा में 371 बूथों के वोटों की गिनती 27 राउंड में पूरी होगी, जबकि कैसरगंज के 394 बूथों की गिनती 29 राउंड तक चलेगी। मतगणना का रुझान हर दो घंटे पर जारी किए जाएंगे। जीत होने पर जुलूस व नारेबाजी पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। आयोग के नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई होगी। पूर्व की बैठकों में डीएम की ओर से सभी प्रत्याशियों व राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों को भी सुझाव दिए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने तीन बार जनसभा किया है। डिप्टी सीएम व अन्य मंत्रियों ने भी पसीना बहाया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी जनसभा किया है। हालांकि बसपा इस मामले में थोड़ा पीछे रही है। लोकसभा चुनाव में इस बार मतदाताओं ने मौन रहकर मतदान किया है। ऐसे में भाजपा का दांव सफल हो पाएगा या फिर जातियों की गोलबंदी से सपा जीत का सेहरा पहनेगी। बसपा भले ही तीसरे नंबर पर दिख रही हो, लेकिन खेल भी बिगाड़ सकती है। मंगलवार को सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। इसके बाद सभी तरह की चर्चाओं का दौर भी खत्म हो जाएगा।

### विरासत को सियासत के ताज की भी परीक्षा

बहराइच। बहराइच सुरक्षित सीट पर वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के पुत्र डॉ. आनंद गोंड व कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करणभूषण सिंह को भाजपा ने मैदान में उतारा है। विरासत के सियासत में इंट्री पर मतदाताओं का क्या रुख रहा है। यह चुनाव दोनों सांसदों के विरासत में सियासत के ताज की भी परीक्षा है। यदि सफल होते हैं, तो भाजपा के लिए बड़ी कामयाबी होगी, लेकिन पीछे रहे तो दोनों सांसदों को करारा झटका भी लगेगा।

### विधानसभावार बूथ व राउंड

| विस | बूथ | राउंड |
|---|---|---|
| सदर | 411 | 30 |
| महसी | 365 | 26 |
| मटेरा | 375 | 27 |
| नानपारा | 363 | 26 |
| बलहा | 371 | 27 |
| कैसरगंज | 394 | 29 |
| पयागपुर | 411 | 30 |

### मोबाइल ले जाने पर रहेगी पाबंदी

डीएम ने कहा कि अभिकर्ता/निर्वाचन अभिकर्ता/प्रत्याशी मतगणना केन्द्र पर मोबाइल, स्याही पेन, कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस अथवा ज्वलनशील पदार्थ/वस्तु, लाइटर, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा, पान मसाला, पान, पानी की बोतल लेकर नहीं जाएंगे।

हिन्दु

# भूमि पर कब्जे में आधा दर्जन घायल

बहराइच। दूसरे के खेत में जबरन मड़हा रखने से रोकने पर रविवार शाम गांव के ही आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने लाठी -डंडे व धारदार हथियारों से मारपीट की। जिसके चलते आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को थाने लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल को भेजा है।

रामगांव थाने के माफी गांव निवासी जगदीश अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ देवीदीन के खेत में जबरन छप्पर रख अवैध कब्जे का प्रयास किया।

जानकारी होते ही देवीदीन अपने पुत्र पप्पू, रामधीरज, पुत्री श्यामा, भाई सुकई व उसके बेटे पंकज, हरिद्वार पुत्र बालकराम के साथ मौके पर पहुंचे ही थे।

अचानक हमलावरों ने इन लोगों पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई। सभी घायलों को थाने लाए जाने पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# 41 किलो गांजा बरामद पांच तस्कर गिरफ्तार



पुलिस की अभिरक्षा में तस्कर • जागरण

जासं • बहराइच : गैर प्रांत से नशे की खेप लेकर आ रहे पांच तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 41 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक वाहन से रेकी भी की जा रही थी। पकड़े गए सभी आरोपित पयागपुर इलाके के रहने वाले हैं।

नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने के निर्देश एसपी वृंदा शुक्ला ने दिया था। एएसपी शहर रामानंद कुशवाहा को गांजा तस्करी की सूचना को गंभीरता से लेकर तस्करों की गिरफ्तारी के लिए देहात कोतवाल बृजेंद्र मिश्र को लगाया गया। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली की लखनऊ से आने वाली बस पर सवार एक तस्कर गांजा की खेप लादकर यात्रा कर रहा है।

यही नहीं चार अन्य तस्कर एक स्कार्पियो पर सवार होकर बस से एक किलोमीटर आगे चलते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर नजर रखे हुए हैं। पुलिस ने टिकोरामोड़ स्थित सीतापुर रोड के पास घेराबंदी कर स्कार्पियो सवार चार तस्करों को दबोचकर वाहन को कब्जे में ले लिया। निशानदेही पर लखनऊ से बहराइच आ रही बस को रोककर गांजा की खेप बरामद करने के साथ पांचवें तस्कर को भी पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों में अमित गोस्वामी निवासी तुलसीरामपुरवा, सुशील कुमार गोस्वामी निवासी देवदत्तपुरवा, समीर नंदन निवासी गुरचाही, रोहित गोस्वामी निवासी तुलसीराम व दीपक गौतम निवासी देवदत्तपुरवा थाना पयागपुर शामिल हैं। सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा।

हिन्दुस्तान

# विधायक के घर में संदिग्ध के घुसने का नहीं खुला राज

बहराइच, संवाददाता। शहर के काजीपुरा स्थित महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के आवास में सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर घुस रहे संदिग्ध युवक को आठ दिन पूर्व दबोचा गया था। इसके पास हिन्दू व मुस्लिम नामों की तीन फर्जी आईडी मिली थी। तहकीकात में यह बौंडी थाने के पकौड़ी गांव का बाशिंदा निकला था।

पूर्व में भी महसी विधायक व उनके साथी अवधेश सिंह को धमकियां मिलती रही हैं। यही नहीं पूर्व में तो यह सिलसिला लंबे समय तक चला था। गिरफ्तार युवक के मंसूबे क्या थे। यह अभी भी राज बना हुआ है। इस घटना के बाद सुरक्षा कर्मी चौकस हो गए हैं।

- संदिग्ध को आठ दिन पूर्व किया गया था गिरफ्तार
- पहले भी मित्र अवधेश के मकान पर हुए हैं हमले

नगर कोतवाली के काजीपुरा निवासी महसी से भाजपा विधायक सरेश्वर सिंह के आवास पर एक संदिग्ध 26 मई की रात में घुस गया था। पुलिस व एलआइयू टीम ने उससे रोककर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम व पता हरदी थाने के नवरंग पुरवा भगवानपुर निवासी शैलेंद्र कुमार बताया। जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास तीन आइडी हरदी गौरा निवासी मोहम्मद इरफान व शैलेंद्र अलग- अलग नामों की मिलीं।



काउंटिंग स्थल का प्रेक्षकों संग निरीक्षण करती डीएम।

## प्रेक्षकों ने डीएम व एसपी संग जायजा लिया

बहराइच। लोकसभा चुनाव की मतगणना प्रक्रिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य आयोग की ओर से नियुक्त किए गए प्रेक्षकों अनिल राज राय, अमनदीप बंसल व सुश्री रूपश्री ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बन्दा शुक्ला व अन्य अधिकारियों संग नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण किया। मतगणना के लिए विधानसभावार की गई तैयारियों का जायजा लिया।

## लुटेरे को पकड़ा, नकदी व सामान बरामद

बहराइच। लूट को अंजाम देकर फरार हो रहे लुटेरों को पीआरवी की टीम ने पकड़ा है। खैरीघाट एसएचओ संजय सिंह ने बताया कि आरोपित को इमामगंज के पास से पकड़ा गया है। इसकी पहचान नानपारा कोतवाली के अल्ताफ उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र साबिर निवासी बावर्ची टोला राकेश टॉकीज के पीछे वार्ड नंबर 7 के रूप में हुई है। इसके पास से लूटा गया नकदी व मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पूछताछ के बाद केस दर्जकर आरोपित को जेल भेज दिया गया।

## यातायात प्रभारी ने कर्मियों को बांटी सामग्री

बहराइच। भीषण गर्मी के बीच शहर के चौक-चौराहों पर ड्यूटी में तैनात यातायात कर्मियों को प्रभारी ने ओआरएस, पानी व फ्रूटी का वितरण किया। कहा कि गर्मी को देखते हुए कर्मियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। यातायात प्रभारी अनेंद्र यादव ने बताया कि लगातार निगरानी की जा रही है। कर्मियों से संवाद कर उनकी सेहत का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

# बालिका की हत्या और दुष्कर्म मामले में दोषी को मौत की सजा

## दुष्कर्म के बाद बालिका की गर्दन मरोड़कर की थी हत्या

**अदालत से**

**03 माह 13 दिन में आया फैसला, छह वर्षीय बालिका बाजार से हो गई थी लापता**

जागरण संवाददाता • बहराइच : विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने बालिका की हत्या व दुष्कर्म मामले में आरोपित युवक को दोष सिद्ध ठहराते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। दोषी पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि दोषी को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाएगा, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। अदालत का फैसला तीन माह 13 दिन में आया है।

आरोपित ने दुष्कर्म करने के बाद बालिका की गर्दन मरोड़कर हत्या की थी। उसके शरीर पर 11 चोटें आईं थीं। आरोपित के क्रूरता की हद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि कैसरगंज इलाके की महिला ने इसी वर्ष 21 फरवरी को थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी छह वर्षीय बेटी बाजार गई थी, वहीं से दोपहर दो बजे गुम हो गई थी। उसे गांव में तलाश किया गया, लेकिन वह नहीं मिली।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए पीड़िता की तलाश शुरू की। पुलिस की विवेचना के दौरान कैसरगंज के सलहुआ निवासी राजेश उर्फ लाला का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने दुष्कर्म के बाद हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित के खिलाफ अदालत में एक माह के भीतर आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने इस अपराध को विरल से विरलतम श्रेणी का माना है। अभियोजन और बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने दोषी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

मृतका के परिवार को मिलेगी क्षतिपूर्ति राशि : विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने मृत बालिका की मां को प्राकृतिक संरक्षिका होने के नाते क्षतिपूर्ति धनराशि दिलाए जाने की संस्तुति की है। अदालत ने यह भी कहा है कि यदि दोषी जुर्माना अदा करता है तो संपूर्ण धनराशि बालिका की मां को दे दिया जाए।

## क्रूरता की हद की थी पार

पवन सिंह • जागरण

बहराइच : सोमवार को विशेष सत्र न्यायालय पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपकांत मणि ने जब हत्या व दुष्कर्म के आरोपित राजेश उर्फ लाला को मृत्युदंड की सजा सुनाई तो मृतका की मां भावुक हो उठीं। अदालत के बाहर आकर फफक पड़ीं। बोलीं, 103 दिन के अंदर मिले न्याय से उसे आत्म संतुष्टि मिली है।

घटना के राजफाश में जानकारी मिली थी कि बालिका की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई है। उसके शरीर पर 11 चोटें थीं। गर्दन मरोड़कर उसकी हत्या की गई थी। अदालत ने कहा कि निर्भया कांड की तरह हुई इस घटना में भी फांसी की सजा ही दी जानी चाहिए। घटना को विरल से विरलतम मानते हुए अदालत ने जब दोषी युवक को सजा सुनाई तो मृतका की मां भावुक हो उठीं। बाहर निकलते ही उसके आंखों से आंसू बहने लगे। लोगों ने चुप कराया तो बोली आज बेटी की आत्मा को शांति मिली है।

- अदालत से मिला न्याय तो भावुक हो उठी मृतका की मां
- बोलीं, आज बेटी की आत्मा को मिली शांति




जिला न्यायालय का मुख्य द्वार • जागरण

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक बनाए रहीं नजर

जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला घटना के बाद से ही पूरे मामले पर नजर बनाए हुए थीं। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ विवेचना में मिलने वाले साक्ष्यों व अन्य के बारे में परीक्षण कर अभियोजन पक्ष से भी अदालत में हो रही कार्रवाई की प्रगति की जानकारी लेती रहीं।

# चोरी का सामान बरामद, दो गिरफ्तार

जासं ● बहराइच : नानपारा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पाच माह पूर्व कोतवाली इलाके के स्टेशन रोड के पास से चोरों ने एक दुकान का ताला तोडकर तीन हजार की नकदी, दो साउंड मशीन, दो मिक्सर मशीन व भग्गापुरवा स्थित एक कंपनी का सामान भी चोरी किया था। उन्होंने बताया कि मामले में मंटू उर्फ रामसूरत निवासी भज्जापुरवा व मोनू जेलर उर्फ मुहम्मद आमिर निवासी कसाई टोला थाना कोतवाली नानपारा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान युवकों की निशानदेही पर दो अदद एलइडी टीवी, एक कूलर, एक इंडेक्शन, एक डीजे मशीन, एक बाइक बरामद की गई। एएसपी ने बताया कि आरोपितों में शामिल मंट्र पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

व्यवस्था | सिटी मजिस्ट्रेट मेला प्रभारी, एडीएम व एएसपी नगर को ओवरऑल जिम्मेदारी

# मेले के लिए नामित हुए मजिस्ट्रेट, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। दरगाह मेला को सकुशल संपन्न करवाने के लिए सोमवार को डीएम मोनिका रानी ने मजिस्ट्रेटों की तैनाती की। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को मेला प्रभारी तो वहीं एडीएम व एएसपी नगर को ओवर ऑल सभी जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि रेड जोन स्थल चौकी मजार शरीफ के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीपी सत्यार्थी व अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड प्रथम जय प्रकाश वर्मा, पुलिस चौकी टाडा बगिया के लिए अधिशाषी अभियंता सरयू नहर खंड-4 संदीप कुमार व सहायक अभियंता सरयू नहर खंड तीन सौरभ सिंह, पुलिस चौकी ठाकुर बाग के लिए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार, सहायक अभियंता सरयू नहर खंड तीन अनुपम सिंह को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। साथ ही इनके साथ प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन ब्रम्हा गौड़ को तैनात किया गया है।

यलो जोन पुलिस चौकी कदम रसूल के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी चित्तौरा शिव शरण सैनी, पुलिस चौकी नुमाइश के लिए सहायक अभियंता सरयू नहर खंड तीन राणा प्रताप यादव व बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल कुमार को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

दरगाह परिसर में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय/कंट्रोल रूम के लिए जिला गन्ना अधिकारी आनंद कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी कौशल कुमार, सहायक अभियंता सरयू नहर खंड एक हर्ष कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, सहायक अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड प्रथम योगेश कुमार सागर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय व बीडीओ रिसिया रणजीत को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन मोहम्मद हंजल अंसारी रहेंगे।

डीएम ने बताया कि ग्रीन जोन पुलिस चौकी चुंगी नाका के लिए सहायक अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड सात विवेक बरनवाल, सहायक अभियंता सरयू नहर खंड पांच गोविंद जी कल्लौल, सहायक अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड एक बजरंग बहादुर पाल, नूसी क्लीनिक के लिए सहायक अभियंता सरयू नहर खंड एक संदीप चौहान, गुल्लावीर रेलवे क्रॉसिंग के लिए सहायक अभियंता सरयू नहर खंड चार महेश राम, अनारकली के लिए सहायक अभियंता सरयू नहर पलट नरायन व सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नौमी लाल, सरवतही मस्जिद के लिए उद्योग प्रोत्साहन जगदीश यादव, सुहेलदेव के लिए बीडीओ चित्तौरा राज किशोर, हठीला के लिए एडीओ चित्तौरा अशोक कुमार श्रीवास्तव व सहायक अभियंता सरयू नहर खंड एक प्रशांत गौतम को मजिस्ट्रेट को मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

इनके प्रभारी निरीक्षक अपराध विनोद कुमार राव होगें।

डीएम ने बताया कि सभी मजिस्ट्रेट मेला से संबंधित प्रमुख मार्गो, स्थलों व दरगाह मेला परिसर में कानून व शांति व्यवस्था बनाएंगे। किसी भी जायरीन के बीमार पड़ने पर सीएमओ से संपर्क कर इलाज करवाएंगे। आकस्मिक चेकिंग के दौरान अनुपस्थित मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को मेला प्रभारी और एडीएम गौरव रंजन व एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा को ओवर आल प्रभारी बनाया गया है।

# पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

पयागपुर : थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी शत्रुघ्न यादव, आरक्षी संतोष चौहान ने सोमवार को त्रिकोलिया निवासी वैभव द्विवेदी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट का मुकदमा पहले से दर्ज था। आरोपित को न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के इंतजाम



पुलिस लाइन सभागार में पुलिस कर्मियों को संबोधित करतीं एसपी वृंदा शुक्ल ● जागरण

जासं ● बहराइच : सामान्य लोकसभा निर्वाचन-2024 की मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एसपी ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का खाका खींचा है। पूर्व संध्या पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों के अलावा मतगणना से संबंधित अधिकारियों व केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने बताया कि पुलिस व्यवस्था को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में विभाजित किया गया है, जिसमें आउटर कार्डन के प्रभारी अधिकारी एएसपी शहर रामानंद कुशवाहा व इनर कार्डन/आइसोलेशन कार्डन के प्रभारी अधिकारी एएसपी ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी होंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना में दो पालियों में ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें 15 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, छह निरीक्षक अतिरिक्त, 101 उपनिरीक्षक, 515 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 76 महिला आरक्षी, 14 आरक्षी यातायात, एसएसबी की एक कंपनी, एक कंपनी पीएसी के अलावा एक प्लाटून की ड्यूटी भी लगाई गई है।

मतगणना स्थल पर कोई व्यक्ति लाठी, चाकू, बंदूक, ज्वलनशील पदार्थ, माचिस, विस्फोटक सामग्री, स्टिल कैमरा, वीडियो कैमरा, मोबाइल फोन आदि अंदर नहीं ले जा सकेगा। समस्त पुलिस बल दंगा निरोधक उपकरण से सुसज्जित रहेगा। इवीएम को स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल/टेबल तक कड़ी सुरक्षा में ले जाने का दायित्व केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल का होगा। केवल प्रत्याशी, चुनाव अभिकर्ता और उसके गणना अभिकर्ता को ही मतगणना हसल में जाने की अनुमति होगी। सांसद/विधायक अथवा अन्य किसी सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को गणनास्थल तथा मतगणना परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। कोई सुरक्षाकर्मी मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। धारा 144 लागू होने से विजयी राजनीतिक दलों को जुलूस नहीं निकालने के लिए सहमत करा लेना चाहिए।

# बहराइच : दुष्कर्म और हत्या के दोषी को मौत की सजा

बहराइच। बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने सोमवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने महज दो माह 20 दिन में ही सुनवाई पूरी करते हुए दोषी राजेश उर्फ लाला पर 1.10 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला 21 फरवरी 2024 का है। पीड़िता की मां किसी काम से बाहर गई थी। दोपहर को घर लौटी तो छह वर्षीय बच्ची घर पर नहीं दिखी। इस बीच बेटे ने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। इस पर पुलिस ने राजेश उर्फ लाला से

**अपहरण कर छह साल की बच्ची के साथ की थी दरिंदगी, दो माह 20 दिन में आया फैसला**

पूछताछ की तो उसने मासूम के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या की बात स्वीकार की। लाला की निशानदेही पर शव भी बरामद हुआ था। कोर्ट ने 29 मार्च से सुनवाई शुरू की। न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने सोमवार को राजेश लाला को मृत्युदंड की सजा सुनाई। पीड़िता की मां ने तहरीर में बेटी की आयु छह वर्ष बताई थी लेकिन, पुलिस ने जब शव का परीक्षण कराया तो उसकी आयु साढ़े चार वर्ष ही निकली। संवाद

# बहराइच-कैसरगंज में 30 तो नानपारा में 26 चक्रों में होगी मतगणना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** लोकसभा क्षेत्र बहराइच व कैसरगंज के आंशिक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना मंगलवार को सुबह 8:00 बजे शुरू होगी। मतगणना को लेकर सोमवार को दिन भर तैयारियों का दौर चलता रहा। मतगणना स्थल नवीन गल्ला मंडी में जहां बैरिकेडिंग की गई तो वहीं कलेक्ट्रेट में भी बैठकों का दौर चला। इस बार बहराइच व कैसरगंज में सबसे ज्यादा 30-30 चक्रों में मतगणना होगी। वहीं नानपारा विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 26 चक्रों की गणना होगी।

### दस प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

बहराइच लोकसभा क्षेत्र के लिए बीते 13 मई को मतदान किया गया था। जिसमें कुल 18,25,673 मतदाताओं में से 57.42 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतदान के दौरान कुल 9,62,553 पुरुष मतदाताओं में से 56.56 प्रतिशत व कुल 8,63,058 महिला मतदाताओं में से 58.45 प्रतिशत ने ईवीएम में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 10 प्रत्याशियों की किस्मत को ईवीएम में कैद किया था। जिनके भाग्य का फैसला मंगलवार को होगा। सुबह 8:00 बजे से मतगणना स्थल नवीन गल्ला मंडी स्थल पर मतगणना शुरू होगी। मतगणना को लेकर गल्ला मंडी में जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है और पूरे मंडी परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है। साथ ही विभागवार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

मतगणना को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन के जिम्मेदार भ्रमणशील रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों अनिल राज राय, अमनदीप बंसल व रूपाश्री के. ने डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला के साथ गल्ला मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी ने विधानसभावार मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह, एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा, एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन आदि मौजूद रहे।



बहराइच के गल्लामंडी में सोमवार को मतगणना स्थल की तैयारी का निरीक्षण करतीं प्रेक्षक, डीएम मोनिका रानी व एसपी वृंदा शुक्ला। स्रोत-सूचना विभाग।

### मतगणना केंद्र पर मोबाइल प्रतिबंधित

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन ने बताया कि गणना अभिकर्ता अपनी विधान सभा क्षेत्र में निर्धारित टेबल पर ही रहेंगे। कोई भी मतगणना अभिकर्ता, निर्वाचन अभिकर्ता व प्रत्याशी मतगणना केंद्र पर मोबाइल, स्पाई पेन, कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं ले जाएगा। मतगणना अभिकर्ता को बिना पास के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### विधानसभावार प्रवेश के लिए गेट निर्धारित

बहराइच। सकुशल मतगणना के लिए जिला प्रशासन की ओर से विधानसभावार प्रवेश गेट निर्धारित किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि गेट नंबर एक से सभी अधिकारीगण व विधानसभा पयागपुर के गणना कर्मी प्रवेश करेंगे। गेट संख्या दो से विधानसभा बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी, बहराइच व कैसरगंज के गणना कर्मी, अन्य विविध ड्यूटी में तैनात कार्मिक व मीडिया कर्मी प्रवेश करेंगे। गेट नंबर तीन से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता व विधानसभा बलहा, बहराइच के गणना अभिकर्ता प्रवेश करेंगे। गेट संख्या चार से विधानसभा नानपारा, मटेरा, महसी, पयागपुर व कैसरगंज के गणना अभिकर्ता प्रवेश करेंगे। एडीएम ने बताया कि बलहा, मटेरा व महसी में 27-27 चक्र, नानपारा में 26, बहराइच व पयागपुर में 30-30 चक्र और कैसरगंज में 29 चक्रों में मतगणना होगी। (संवाद)

### ईवीएम की मतगणना के लिए होगी चार सदस्यीय टीम

मतगणना को लेकर सोमवार को प्रेक्षक अनिल राज राय, अमनदीप बंसल, रूपाश्री के., डीएम मोनिका रानी व सीडीओ रम्या आर की मौजूदगी में कार्मिकों का द्वितीय रैंडमाईजेशन किया गया। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ईवीएम की मतगणना के लिए चार सदस्यीय टीम जिसमें एक-एक माइक्रो आब्जर्वर, गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक व चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होंगे। प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु के लिए 14 गणना टेबल, दो एआरओ टेबल व तीन-तीन टेबल रिजर्व रहेंगी। पोस्टल मतपत्रों की गणना दो टेबलों पर की जाएगी। जिसके लिए दो रिजर्व सहित चार गणना टीमें लगाई गई हैं।

## दो हजार जवान संभालेंगे मतगणना की सुरक्षा व्यवस्था

**बहराइच।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को एसपी वृंदा शुक्ला ने पुलिस लाइन सभागार में मतगणना से संबंधित अधिकारियों, केंद्रीय सुरक्षा बल व जिले की पुलिस की ब्रीफिंग कर आवश्ययक दिशा निर्देश दिए। आउटर कार्डन प्रभारी एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा, इनर कार्डन ग्रामीण एएसपी पवित्र मोहन को बनाया गया। मतगणना में दो पालियों में कुल 15 प्रभारी निरीक्षक, छह अतिरिक्त निरीक्षक, 101 उपनिरीक्षक, 515 मुख्य आरक्षी,76 महिला आरक्षी, 14 यातायात आरक्षी, एक कंपनी एसएसबी, पीएससी, दो प्लाटून पीएसी सुरक्षा व्यवस्था के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल भी तैनात रहेगा। इस दौरान समस्त सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक आदि मौजूद रहे। वहीं सोमवार की शाम पहुंचे देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशीभूषण लाल ने भी डीएम मोनिका रानी के साथ मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक कर पूरी जानकारी ली। कमिश्नर ने अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। (संवाद)

# गवाही देने पर जान से मारने की दी धमकी

**बहराइच।** घर जाने के लिए टेंपो का इंतजार कर रही महिला गवाह के साथ गंभीर धाराओं में वांछित चार आरोपियों ने अभद्रता की। केस में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। दरगाह शरीफ थाना के मंसूरगंज निवासी शबनम बेगम ने थाना पुलिस को बताया कि उसने धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में वांछित कुष्ठ रोग अस्पताल गुल्लाबीर रोड निवासी महबूब, महताब, रेहना और हिना के खिलाफ गवाही दी थी। उक्त लोग जमानत पर अपने घर वापस आए है। एक मई की शाम वह अपने एक रिश्तेदार से मिलकर घर वापस जाने के लिए गुल्लाबीर रोड के पास टेंपो का इंतजार कर रही थी। तभी उक्त लोग आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध जताने पर पंजीकृत मुकदमे में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। (संवाद)

# चार वांछित गिरफ्तार

**बहराइच।** कोतवाली देहात पुलिस ने वारंटी नहकटिया निवासी बसंतू उर्फ कासिम अली, दरगाह शरीफ पुलिस ने वांछित घोसिनबाग चांदमारी निवासी रामेंद्र, कैसरगंज पुलिस ने बदरौली निवासी वारिस, पयागपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित त्रिकोलिया निवासी वैभव दिवेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# 41 किलो गांजा सहित पांच पकड़े

**बहराइच।** कोतवाली देहात पुलिस ने सोमवार को टिकौरा मोड़ के पास से पयागपुर तुलसीरामपुरवा निवासी अमित गोस्वामी, रोहित, देवदत्तपुरवा निवासी दीपक गौतम, सुशील कुमार, गुरचाही निवासी समीर आनंद को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक बोरी में 41 किलो गांजा बरामद किया। (संवाद)

# दो साल के नाम पर बनवाया दो माह का वीजा, हजारों ठगे

बहराइच। महिला के पति को दो साल के वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति ने उससे हजारों रुपये ले लिए। पति जब विदेश गया तो पता चला की उसके पास सिर्फ दो माह काम करने का ही वीजा है। जानकारी होने पर महिला ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया।

**पीड़िता महिला की शिकायत पर केस दर्ज**

दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के इकरा रोड निवासी रोशनी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि दरगाह शरीफ निवासी रियाज उर्फ रिजवान ने उससे पति सैफूदीन को दो साल के वीजा पर दुबई भेजने के लिए 95,000 रुपये ले लिए।

इसके बाद पति विदेश चला गया। जब वह वहां गया तो उसे पता चला कि उसका वीजा दो माह के लिए ही वैध है। वहीं उसे वहां जिस काम के लिए भेजा गया था वह काम उसे नहीं मिला जिसके चलते वह एक महीन में ही वापस आ गया। रुपये वापस मांगने पर युवक ने देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

# दो चोर गिरफ्तार

**बहराइच।** नानपारा पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र से दो चोर भज्जापुरवा निवासी मंटू व कसाई टौला निवासी मोनू जेलर को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि दोनों पर यूपी गैंगस्टर एक्ट, गुंडा, एसडीपीएस सहित ग्यारह मामले दर्ज हैं। (संवाद)

# एसपी ने शासकीय अधिवक्ता व पुलिस टीम को किया सम्मानित



**दुष्कर्म व हत्या के दोषी को फांसी की सजा दिलाने में प्रभावी पैरवी करने पर पुलिसकर्मी को सम्मानित करतीं एसपी।** स्रोत-पुलिस।

**बहराइच।** मासूम के साथ दुष्कर्म व हत्या करने के मामले में तेजी से प्रभावी पैरवी करने के लिए सोमवार को एसपी वृंदा शुक्ला ने अपने कार्यालय पर घटना में जुटी पुलिस टीम को सम्मानित किया। इस दौरान एसपी ने शासकीय अधिवक्ताओं संत प्रताप सिंह व संतोष सिंह के साथ कैसरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, पैरोकार विनय भारती समेत अन्य पुलिस टीम को प्रशस्तिपत्र सौंपकर सम्मानित किया। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-06-2024

### कलेक्ट्रेट को छावनी के रूप में परिवर्तित किया गया, 28 टेबल पर होगी दोनों विधानसभाओं की मतगणना

# श्रावस्ती सीट के लिए आज होगी गिनती

सत्ता संग्राम

श्रावस्ती, संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंगलवार सुबह आठ बजे से कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में मतगणना शुरू की जाएगी। श्रावस्ती जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के मतों की गणना 28 टेबल पर होगी। जिसमें भिनगा की 29 और श्रावस्ती विधानसभा की मतगणना 32 चक्रों में पूरी होगी।

श्रावस्ती में 25 मई को छठवें चरण में लोकसभा चुनाव का मतदान हुआ और चुनावी मैदान में रहे 12 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम मशीनों में बंद हो गया था। नौ दिन बाद सभी उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मंगलवार को मतगणना के बाद हो जाएगा। श्रावस्ती की दोनों विधानसभाओं के मतो की गणना के लिए कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में मतगणना स्थल बनाया गया है। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। इससे पहले चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी या उनकी ओर से नियुक्त प्रतिनिधि की उपस्थिति में मतगणना से दो घंटे पहले सुबह छह बजे स्ट्रांगरूम को खोला जाएगा।

**कुल 28 टेबल पर होगी मतगणना:** जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि 289 भिनगा व 290 श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए एक ही परिसर में अलग अलग मतगणना स्थल बनाया गया है। साथ ही 14-14 टेबल लगाई जाएगी। तीन-तीन टेबल रिजर्व व दो-दो टेबल आरओ, एआरओ के लिए रहेंगी। इस प्रकार दोनों विधान सभाओं को मिलाकर कुल 38 पार्टियां लगायी गई हैं। एक पार्टी में एक गणना सुपर वाइजर, एक गणना सहायक, एक गणना सहायक माइक्रो आब्जर्वर व एक गणना सहायक चतुर्थ श्रेणी तैनात रहेंगे। भिनगा विधानसभा की मतगणना 29 चक्र व श्रावस्ती विधानसभा की मतगणना 32 चक्र में पूरी होगी।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करती डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया

## दो अलग अलग पार्किंग स्थल बनाए गए

289 भिनगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कार्यालय जिला पंचायत के सामने लगे छोटे गेट तथा 290 श्रावस्ती विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कलेक्ट्रेट बाउण्ड्री में विकास भवन व जिला पंचायत रिसोर्स सैन्टर की दिशा में लगे छोटे गेट से उम्मीदवार व मतगणना अभिकर्ता को प्रवेश दिया जाएगा। गेट के बाहर मैदान में वाहनों को खड़ा किए जाने के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है जहां वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था होगी। श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास भवन के बगल खाली पड़े परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसी तरह भिनगा के लिए जिला पंचायत कार्यालय के पास ग्राउंड में वाहनों की पार्किंग की जाएगी। मतगणना कर्मियों व मीडिया के लोगों को कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट नंबर दो से प्रवेश दिया जाएगा।

## पहचान पत्र से मिलेगा प्रवेश मोबाइल फोन प्रतिबन्धित

- डीएम ने मतगणना एजेंटों संग कलेक्ट्रेट में बैठक की
- वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल बना

श्रावस्ती, संवाददाता। मतगणना को सुचारुरूप से सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को डीएम कृतिका शर्मा ने मतगणना एजेंटों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। इस दौरान मतगणना स्थल पर पहुंचने का तरीका बताया गया। इसके साथ ही मतगणना स्थल तक मोबाइल फोन को पूरी तरह से प्रतिबंधित बताया गया।

डीएम ने मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना संबंधित चुनाव आयोग के प्रोटोकॉल की जानकारी दी। जिसमें ईवीएम-वीवीपैट गणना, पोस्टल बैलट गणना एवं प्री-काउंटिंग एवं मतगणना के बाद ईवीएम सीलिंग कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदुओं से अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कभिनगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कार्यालय जिला पंचायत के सामने लगे छोटे गेट तथा श्रावस्ती विधानसभा निर्वाचन के लिए कलेक्ट्रेट बाउण्ड्री में विकास भवन एवं जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर की दिशा में लगे छोटे गेट से उम्मीदवार व मतगणना अभिकर्ता को प्रवेश दिया जाएगा। गेट के बाहर मैदान में वाहनों को खड़ा किए जाने के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। प्रवेश से पूर्व रिटर्निंग आफिसर या सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी मतगणना अभिकर्ता पहचान पत्र जांच करने के उपरान्त ही प्रवेश करने की अनुमति दी जायेगी एवं मोबाइल फोन पूर्णतयः प्रतिबन्धित रहेगा।

# दो विस के चार लाख 73 मतों की 61 चक्रों में गणना आज

## मुस्तैद रहेंगे अर्धसैनिक बल व पीएसी के जवान, चार स्थानों पर लगेगी बैरिकेडिंग

जासं ● श्रावस्ती : लोकसभा चुनाव के लगभग 4,73,227 मतों की गणना मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे से होगी। कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में दो विधानसभाओं के मतों की गणना 61 चक्रों में पूरी की जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधानसभावार मतगणना अभिकर्ता, कार्मिक व अधिकारियों को अलग-अलग गेट से प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर अर्धसैनिक बल व पीएसी के जवान मुस्तैद रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि भिनगा विधानसभा के मतों की गणना 29 चक्रों में व श्रावस्ती विधानसभा के मतों की गणना 32 चक्रों में पूरी होगी। स्ट्रांग रूम को सुबह छह बजे उम्मीदवारों अथवा उनकी ओर से नियुक्त प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। मतगणना के लिए विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई गई हैं। मतदेय स्थल संख्या-एक पर प्रयुक्त की गई कंट्रोल यूनिट टेबल संख्या-एक पर तथा मतदेय स्थल संख्या-दो की कंट्रोल यूनिट टेबल संख्या-दो पर और इसी क्रम में चक्रवार कंट्रोल यूनिट गणना टेबलों पर उपलब्ध कराई जाएगी। भिनगा विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला पंचायत श्रावस्ती कार्यालय के सामने लगे छोटे गेट तथा श्रवस्ती विधानसभा क्षेत्र के लिए कलेक्ट्रेट बाउंड्री में विकास भवन व जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर की दिशा में लगे छोटे गेट से उम्मीदवार व मतगणना अभिकर्ता को प्रवेश दिया जाएगा। गेट के बाहर मैदान में इनके वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल है। कलेक्ट्रेट के गेट नंबर- दो से मतगणना कार्मिक व अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रवेश मिलेगा। प्रवेश से पूर्व रिटर्निंग आफीसर/सहायक रिटर्निंग आफीसर की ओर से जारी पहचान पत्र दिखाना होगा। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगा।

**पांच वीवीपैट के पर्ची का होगा मिलान :** मतगणना स्थल पर वीवीपैट रखने के लिए अलग टेबल लगाई गई है। मतगणना पूरी होने के बाद इस टेबल पर विधानसभावार पांच-पांच वीवीपैट की पर्ची मिलान कर गणना की जाएगी। मतगणना स्थल तक किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।





कलेक्ट्रेट स्थित मतगणना स्थल पर की गई बैरिकेडिंग व कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद डीएम कृतिका शर्मा ( दाएं) ● जागरण

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया प्रोटोकाल

मतगणना की व्यवस्था से उम्मीदवारों को मतगणना अभिकर्ताओं को अवगत कराने के लिए सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने मतगणना के संबंध में चुनाव आयोग के प्रोटोकाल की जानकारी दी। ईवीएम-वीवीपैट गणना, पोस्टल बैलट गणना व प्री-काउंटिंग तथा मतगणना के बाद ईवीएम सीलिंग कार्य की प्रक्रिया से अवगत कराया।

### इन स्थानों पर लगेंगी बैरिकेडिंग

मतगणना स्थल के आसपास सुरक्षा का मजबूत घेरा बनाने के लिए खरगौरा मोड़ से ही भारी वाहनों को रोक दिया जाएगा। भिनगा आने वाले वाहनों को सेमरी चौराहे से घुमाकर भेजा जाएगा। सिर्फ छोटे वाहनों को प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा निरीक्षण भवन, बगुरैया मोड़ व ईदगाह तिराहे पर भी बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस अधिकारियों से लेकर आरक्षी तक पांच सौ लोग मुस्तैद रहेंगे। इस प्रकार मतगणना स्थल छावनी में तब्दील रहेगा।

### इन उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

| दल | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|
| भाजपा | साकेत मिश्रा |
| सपा | रामशिरोमणि वर्मा |
| बसपा | मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी ददन खान |
| पीस पार्टी | अहमद जिया खान |
| सम्यक पार्टी | कृष्ण कुमार मौर्य |
| राष्ट्रीय जनता पार्टी | कुमारी गीता गौतम |
| आम जनता पार्टी | युगलकिशोर शुक्ला |
| किसान मजदूर संघर्ष पार्टी | हनुमान प्रसाद मिश्र |
| निर्दल | अनिल कुमार तिवारी |
| निर्दल | मालिकराम |
| निर्दल | शांती देवी |
| निर्दल | सुजीत कुमार |

यह है दो विधानसभाओं की स्थिति

| विधानसभा | कुल मतदाता | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|
| भिनगा | 395409 | 56.87 |
| श्रावस्ती | 422522 | 58.78 |

# दिकौली दरगाह के पास मृत मिली वृद्धा की हुई पहचान

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। दिकौली दरगाह के सामने एक घर के बरामदे में बृहस्पतिवार दोपहर बाद एक वृद्ध महिला का शव पड़ा मिला था। जिसे सोनवा पुलिस ने मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया था। रविवार देर शाम पहुंचे युवक ने वृद्ध की पहचान अपनी दादी के रूप में की है। दिकौली में चल रहे दरगाह मेले में जियारत के लिए आईं 68 वर्षीय वृद्धा दिकौली मजार गेट के सामने रह रहे मोहम्मद आरिफ के घर के बरामदे में बृहस्पतिवार को मृत मिली थीं। मोहम्मद आरिफ की सूचना पर पहुंची सोनवा पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पहचान के लिए मॉर्च्युरी हाउस भिनगा में सुरक्षित करवाया था। गांव के लोगों ने वापस जाकर परिवार के लोगों को वृद्धा के दिकौली मेले से लापता होने की सूचना दी। इस पर परिवार के लोगों ने स्थानीय थाने में वृद्धा की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जौनपुर जिले के थाना केराकत की पुलिस ने सोनवा पुलिस से संपर्क किया तो वृद्धा का शव मिलने की जानकारी हुई। पुलिस की सूचना के बाद भिनगा पहुंचे जौनपुर जिले के थाना केराकत के ग्राम बेलाव निवासी दीपक यादव ने शव की शिनाख्त अपनी दादी मंशरिफ देवी पत्नी सितई यादव के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिसे परिवारीजन अपने साथ जौनपुर ले गए। (संवाद)

**जौनपुर के बेलाव गांव से जियारत के लिए आई थी महिला**